आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 23°C | 10°C |

इनसाइड न्यूज

कोहरा बना चौथे टी20 मैच का विलेन, टॉस के बिना रद्द हुआ मैच

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

गुरुवार 18 दिसंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 68 www.janexpresslive.com/epaper



'वैश्विक व्यापार में टैरिफ का हथियार... 12

# लोकसभा में हुई 'वीबी-जी राम जी' बिल पर चर्चा

## कृषि मंत्री शिवराज बोले, बिल में रोजगार 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन किया, परमाणु ऊर्जा बिल पास

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा में बुधवार शाम 5.40 बजे से 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी (VB-जी राम जी) बिल, 2025' पर भी शाम 5.40 बजे से चर्चा शुरू हुई। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विपक्ष से आग्रह है वह चर्चा के बाद उनका जवाब जरूर सुने। उन्होंने कहा कि इस बिल में रोजगार 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। इसके पहले लोकसभा ने लोकसभा में 'सस्टेनेबल हार्नेसिंग ऑफ एटॉमिक एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया बिल' पास कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सदन इन बिलों पर लंबी चर्चा करेगा और जरूरत पड़ने पर रात तक कार्यवाही जारी रहेगी। इससे पहले कांग्रेस संसदीय दल कार्यालय में कांग्रेस सांसद बैठक की कांग्रेस ने अपने सांसदों को व्हिप जारी किया है। इसके बाद कांग्रेस सांसदों ने संसद के बाहर 'VB-जी राम जी' बिल के खिलाफ प्रदर्शन भी किया।



### लोकसभा में सस्टेनेबल हार्नेसिंग ऑफ एटॉमिक एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया बिल पास,

लोकसभा में सस्टेनेबल हार्नेसिंग ऑफ एटॉमिक एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया बिल पास कर दिया गया। परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बिल पर चर्चा का जवाब दिया। डॉ. सिंह ने कहा कि यह बिल बहुत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक है। भारत के परमाणु कार्यक्रम के जनक डॉ. होमी भाभा ने इसे शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए समर्पित किया था, और अब इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार किया जा रहा है। डॉ. सिंह ने कहा कि हमें जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करनी होगी और परमाणु ऊर्जा उत्पादन बढ़ाना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ मामलों में परमाणु ऊर्जा नवीकरणीय ऊर्जा से बेहतर है, क्योंकि नवीकरणीय ऊर्जा 24 घंटे उपलब्ध नहीं हो सकती। इस दौरान विपक्ष ने वॉक आउट किया।

### राज्यसभा में निरसन और संशोधन बिल पारित

निरसन और संशोधन बिल पारित हो गया। इसमें 71 ऐसे कानून जिनकी जरुरत नहीं रह गई है उन्हें खत्म कर दिया गया है।राज्यसभा में निरसन एवं संशोधन बिल, 2025 को पेश करते हुए केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि इसका उद्देश्य पुराने कानूनों को हटाना, कानून निर्माण प्रक्रिया के दौरान रह गई त्रुटियों को दूर करना और कुछ कानूनों के भेदभावपूर्ण पहलुओं को समाप्त करना है। विधेयक राज्यसभा में ध्वनि मत से पारित हो गया। इससे पहले मंगलवार को लोकसभा ने इसे मंजूरी दे दी थी।

### मनीष तिवारी ने न्यूक्लियर पॉवर से जुड़े 'SHANTI' बिल का विरोध किया

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने बुधवार को लोकसभा में न्यूक्लियर पॉवर से जुड़ा 'SHANTI' बिल का विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह दो मौजूदा कानूनों की जगह लाया गया है। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत जवाहरलाल नेहरू ने की थी। डॉ. होमी भाभा के योगदान का उल्लेख किया और फिर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत के पहले परमाणु परीक्षण 'स्माइलिंग बुद्धा' का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि लंदन क्लब या एनएसजी (न्यूक्लियर सप्लायर्स ग्रुप) जो परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर करने वाले 14 देशों का समूह था, ने भारत को परमाणु तकनीक तक पहुंच से वंचित करने की कोशिश की। अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में दूसरे परमाणु परीक्षण के बाद प्रतिबंध और सख्त कर दिए गए। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के कार्यकाल में ही परमाणु क्षेत्र में भेदभाव की नीति को तोड़ा जा सका और जुलाई 2005 में भारत-अमेरिका परमाणु समझौते की शुरुआत हुई। उन्होंने यह भी कहा कि भारत को अब तक एनएसजी की सदस्यता नहीं मिल पाई है। उन्होंने कहा कि जब यूपीए सरकार परमाणु रंगभेद को खत्म करने की कोशिश कर रही थी, तब सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था। उन्होंने आरोप लगाया, आपने राजनीतिक कारणों से भारत के परमाणु कार्यक्रम को पटरी से उतारने की कोशिश की, जिस पर सत्ता पक्ष की ओर से हंगामा देखने को मिला।

### थरूर बोले, बिल में बैकडोर खतरनाक

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि SHANTI बिल में एक ऐसा प्रावधान है, जिसके तहत यदि जोखिम को नगण्य माना जाए तो केंद्र सरकार किसी भी संयंत्र को लाइसेंस या दायित्व से छूट दे सकती है। उन्होंने इसे खतरनाक बताते हुए कहा कि इससे एक बैकडोर बन जाती है। थरूर ने कहा कि यह प्रावधान पूरे नियामक ढांचे को कमजोर करता है, क्योंकि इसके जरिए सरकार जब सुविधाजनक समझे, तब किसी भी सुविधा को निगरानी और जवाबदेही से बाहर रखा जा सकता है।

### 2026 के अंत तक पूरे देश में एआई आधारित डिजिटल टोल वसूली: गडकरी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को राज्यसभा को बताया कि 2026 के अंत तक पूरे देश में एआई आधारित डिजिटल टोल वसूली सिस्टम लागू हो जाएगा।यह 2026 के अंत तक देशभर में लग जाएगा। इसके लागू होने के बाद वाहन चालकों को टोल प्लाजा पर इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सड़क हादसों में होने वाली भारी मौतों पर चिंता व्यक्त करते हुए गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार राज्यों को आधुनिक एम्बुलेंस मुहैया कराने की योजना बना रही है, लेकिन शर्त यह है कि ये वाहन दुर्घटनास्थल पर 10 मिनट के भीतर पहुंचें। उन्होंने माना कि सड़कों में सुधार के लिए कई उपाय करने के बावजूद सरकार सड़क हादसों में होने वाली मौतों की संख्या कम नहीं हुई है।

# यह शेरों की धरती: मोदी

## पीएम को देश का सर्वोच्च सम्मान दिया गया, इसे पाने वाले पहले ग्लोबल लीडर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अदीस अबाबा

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को इथियोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। यह दुनिया की 18वीं संसद है, जहां प्रधानमंत्री मोदी ने भाषण दिया। मोदी ने कहा कि मुझे इथियोपिया आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह शेरों की धरती है। यहां मुझे अपने घर जैसा महसूस हो रहा है, क्योंकि मेरा गृहराज्य गुजरात भी शेरों की धरती है। इससे पहले इथियोपिया के पीएम अबी अहमद अली ने मंगलवार को मोदी को देश का सर्वोच्च सम्मान दिया था। वे 'द ग्रेट ऑनर निशां ऑफ इथियोपिया' पाने वाले पहले ग्लोबल लीडर बने। इस मौके पर पीएम ने कहा कि ये सम्मान मेरे लिए गौरव की बात है। मोदी मंगलवार को ही इथियोपिया पहुंचे थे। यह उनका पहला दौरा है। पीएम अबी अहमद अली ने नेशलन पैलेस में उनका औपचारिक स्वागत किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक भी की।

### पीएम मोदी ने इथियोपिया के पीएम के साथ किया बैनक्वेट डिनर

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबिय अहमद अली के साथ बैनक्वेट डिनर किया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में इसे बहुत ही भावपूर्ण पल बताया, खासकर तब जब हम वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। इस दौरान गीत बजने पर मोदी ने हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन भी किया। इस मौके को पीएम मोदी ने भारत और इथियोपिया के सांस्कृतिक संबंधों और भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक बताया।

### मोदी के लिए सांसदों ने खड़े होकर तालियां बजाईं

इथियोपिया की संसद के संयुक्त सत्र में संबोधन खत्म करते ही सांसदों ने मोदी के लिए खड़े होकर तालियां बजाईं। मोदी ने कहा, 'कोविड-19 के दौरान भारत ने 150 से अधिक देशों को दवाएं और टीके भेजे। इथियोपिया को 40 लाख से अधिक टीके की खुराक की आपूर्ति करना भारत के लिए गर्व की बात थी।' मोदी ने कहा, 'भारत में हमने अपना पब्लिक डिजिटल इंफ्रास्ट्रचर बनाया है। यह लोगों तक सरकारी सेवाओं की पहुंचने के तरीके में बदलाव लेकर आया है। आज भारत में लगभग हर आदमी पेमेंट, पहचान, सरकारी सुविधा के लिए डिजिटल तरीकों का इस्तेमाल कर रहा है। दुनिया के आधे से ज्यादा डिजिटल पेमेंट भारत में हो रहे हैं। मोदी ने कहा, 'भारतीय कंपनियां इथियोपिया में सबसे बड़े इंवेस्टर्स में से हैं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में 5 अरब डॉलर (45 हजार करोड़ रुपए) से अधिक का निवेश किया है। 75,000 से अधिक रोजगार पैदा किए हैं। हमने भारत-इथियोपिया द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने का निर्णय लिया है।'

### मोदी बोले, इथियोपिया-भारत के 2000 साल पुराने संबंध

मोदी ने कहा- भारत और इथियोपिया जलवायु और भावना दोनों में एक दूसरे के साथ विचार साझा करते हैं। लगभग 2000 साल पहले, हमारे पूर्वजों ने संबंध स्थापित किए थे। हिंद महासागर के पार व्यापारी मसालों और सोने का व्यापार करते थे, लेकिन वे केवल वस्तुओं का ही व्यापार नहीं करते थे, वे विचारों और जीवन शैली का भी आदान-प्रदान करते थे। अदीस और धोलेरा जैसे बंदरगाह न केवल व्यापार केंद्र थे, बल्कि सभ्यताओं के बीच सेतु भी थे। आधुनिक समय में, हमारा संबंध एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। 1941 में इथियोपिया की मुक्ति के लिए भारतीय सैनिकों ने इथियोपियाई लोगों के साथ मिलकर लड़ाई लड़ी थी। पीएम मोदी ने इथियोपियाई प्रधानमंत्री अबी अहमद अली को इथियोपिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया' प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वे यह सम्मान भारत के लोगों की ओर से स्वीकार करते हैं। इथियोपिया को दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इसका इतिहास इसके पहाड़ों, घाटियों और लोगों के दिलों में जीवित है।

### मोदी को खुद कार चलाकर होटल ले गए थे पीएम अली

इथियोपिया के प्रधानमंत्री अहमद अली कल पीएम मोदी को अदीस अबाबा एयरपोर्ट पर लेने पहुंचे थे। दोनों नेताओं ने एयरपोर्ट पर ही अनौपचारिक बातचीत की। इस दौरान पीएम अहमद अली ने मोदी को पारंपरिक कॉफी भी पिलाई। इसके बाद अहमद अली खुद कार चलाकर मोदी को होटल ले गए। उन्होंने रास्ते में मोदी को साइंस म्यूजियम और मैत्री पार्क भी दिखाया। यह पीएम का पहला इथियोपिया दौरा है। वे यहां 2 दिन के राजकीय दौरे पर हैं।

### इथियोपिया का दूसरा बड़ा ट्रेड पार्टनर भारत

भारत, इथियोपिया का दूसरा बड़ा ट्रेड पार्टनर है। दोनों देशों के बीच 2023-24 में 5175 करोड़ रुपए का ट्रेड हुआ। इस दौरान भारत ने 4433 करोड़ रुपए और इथियोपिया ने 742 करोड़ रुपए का निर्यात किया। इथियोपिया, भारत से लोहा, स्टील, मेडिसिन और फार्मास्युटिकल्स, मशीनरी और उपकरण आयात करता है। वहीं भारत, इथियोपिया से दालें, कीमती पत्थर, सब्जियां और बीज, चमड़ा और मसाले आयात करता है। भारत और इथियोपिया के बीच व्यापारिक रिश्तों की शुरुआत 1940 के दशक में हुई थी। आजादी से पहले ही दोनों के बीच कारोबार शुरू हो गया था।



### इथियोपिया के राष्ट्रगीत की भारत के राष्ट्रगान से तुलना की

मोदी ने कहा, 'भारत का राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' और इथियोपिया का राष्ट्रगान दोनों में हमारी धरती को मां के रूप में देखा गया है। ये हमें अपनी विरासत, संस्कृति और सुंदरता पर गर्व करना सिखाते हैं और मातृभूमि की रक्षा के लिए प्रेरित करते हैं।' पीएम मोदी ने 1.4 अरब भारतीयों की ओर से इथियोपिया को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इथियोपिया की संसद, वहां के लोगों और उनकी लोकतांत्रिक यात्रा के लिए सम्मान जताया। मोदी ने कहा कि जब लोगों की चाहत और सरकार की सोच एक जैसी होती है, और दोनों मिलकर आगे बढ़ते हैं, तो देश विकास के रास्ते पर उम्मीद और लक्ष्य के साथ तेजी से आगे बढ़ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को इथियोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि उन्हें इथियोपिया आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह शेरों की धरती है। यहां उन्हें अपने घर जैसा महसूस हो रहा है, क्योंकि उनका गृहराज्य गुजरात भी शेरों की धरती है।

### पीएम अली ने मोदी की सोच की तारीफ की

इथियोपियाई प्रधानमंत्री अहमद अली ने मंगलवार को द्विपक्षीय बैठक के दौरान पीएम मोदी की सोच की तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा यह बात कहते हैं कि अफ्रीका के साथ साझेदारी उसकी जरूरतों के हिसाब से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भारत और इथियोपिया के बीच नई और मजबूत साझेदारी की जरूरत है। अहमद अली ने कहा कि देश में विदेशी निवेश भी तेजी से बढ़ रहा है और इसमें भारत सबसे बड़ा निवेशक बनकर उभरा है। उन्होंने बताया कि इथियोपिया में 615 से ज्यादा भारतीय कंपनियां निवेश कर रही हैं। बैठक में मोदी ने इथियोपिया के छात्रों के लिए स्कॉलरशिप दोगुना करने का ऐलान किया। साथ ही पहलगाम आतंकी हमले पर संवेदना और आतंकवाद के खिलाफ भारत का समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

### अदवा विजय स्मारक पर दी श्रद्धांजलि

इससे पहले पीएम मोदी ने इथियोपिया के अदीस अबाबा में स्थित अदवा विजय स्मारक पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। यह स्मारक 1896 में अदवा की लड़ाई में इथियोपियाई सेना की वीरता और स्वतंत्रता की जीत की याद दिलाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्मारक पर फूलमाला चढ़ाकर देशवासियों और इथियोपियाई लोगों को स्वतंत्रता और वीरता का सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत और इथियोपिया के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रिश्ते हैं, और इस अवसर पर इन रिश्तों को और मजबूत करने का संदेश भी दिया।

# मथुरा-बरेली मार्ग पर रोडवेज बस और टैंकर की भिड़ंत, 15 लोग हुए घायल

जन एक्सप्रेस। हाथरस

हाथरस के मथुरा-बरेली मार्ग पर मथुरा बॉर्डर पर 17 दिसंबर की दोपहर को रोडवेज बस व पेट्रोलियम पदार्थ से भरे टैंकर की भिड़ंत हो गई। हादसे में 15 लोग घायल हो गए, जिनमें से नौ को जिला अस्पताल लाया गया। हादसे बाद हाईवे पर जाम लग गया। घायलों को निकालने के लिए यात्रियों ने एक-दूसरे की मदद की। हाथरस डिपो की बस 17 दिसंबर की दोपहर मथुरा से बदायूं जा रही थी। बस में लगभग 55 सवारियां थीं। हाईवे पर राया कोतवाली क्षेत्र में माइलस्टोन संख्या 26 पर कोयल कट के पास दोपहर लगभग डेढ़ बजे यह जबरदस्त भिड़ंत हुई। दरअसल इसी कट पर इगलास व मुरसान की सवारियां को लिया जाता है, जो हाईवे पर खड़ी हो जाती हैं। इन सवारियों को लेने के लिए चालक ने मुख्य लेन से अपनी बाईं ओर वाली लेन में बस को काटा। यहां चालक की गलत रही कि उसने पीछे से आ रहे टैंकर पर ध्यान नहीं दिया, केवल परिचालक ने हाथ दे रखा था। इतने में फ्लाइओवर से उतर रहा टैंकर अपनी रफ्तार में था। ब्रेक लगाते हुए भी टैंकर परिचालक की ओर से बस में घुस गया। बीच से बस दब गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना स्थल से जवार टोल कुछ ही दूरी पर था। वहां से एंबुलेंस व अन्य लोग पहुंच गए। इधर, ग्रामीण भी जमा हो गए। हादसे में बचे यात्रियों ने भी घायलों को बस से बाहर निकाला। चूंकि टैंकर पेट्रोलियम पदार्थ से भरा था, इसलिए सभी को बस से दूर किया गया।

### हादसे में ये हुए घायल

हादसे में परिचालक नवीन उपाध्याय निवासी सीया नगरिया, राया, मीनाक्षी (40) निवासी मैनपुरी, सोनवती देवी (50) निवासी गोपी, अलीगढ़, मोहम्मद हसीन (50) व उनका बेटा नदीम (15) निवासी बदायूं, मोहम्मद असद निवासी ककरारा, बदायूं, राजू (45), रामपाल (40), हरप्यारी (48) सभी निवासी, बसई, भरतपुर घायल हो गए। इनके अलावा बस चालक देवेश के अलावा अन्य यात्रियों को छुटपुट चोटें आईं, जो घटना स्थल से ही दूसरी बस में चले गए।

# मऊ मानिकपुर विधायक अविनाश चंद द्विवेदी का सफल ऑपरेशन, समर्थकों में खुशी की लहर

- अपोलो अस्पताल में हुआ सफल इलाज, मानिकपुर विधानसभा के दर्जनों लोग पहुंचे हालचाल लेने

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट/ मऊ/ मानिकपुर



मऊ मानिकपुर विधानसभा से लोकप्रिय विधायक अविनाश चंद द्विवेदी का आज अपोलो अस्पताल में सफल ऑपरेशन हुआ। ऑपरेशन की खबर मिलते ही मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों लोग अस्पताल पहुंच गए और विधायक जी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। विधायक अविनाश चंद द्विवेदी को क्षेत्र में एक ऐसे जनप्रतिनिधि के रूप में जाना जाता है, जो हर सुख-दुख में जनता के साथ खड़े रहते हैं। खासकर गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों के बीच उनकी अलग पहचान है। यही वजह है कि उनके स्वास्थ्य को लेकर क्षेत्रवासियों में खास चिंता और भावनात्मक जुड़ाव देखने को मिला।

### समर्थकों और शुभचिंतकों ने की जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना

अपोलो अस्पताल पहुंचे लोगों ने ईश्वर से विधायक जी के जल्द पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की प्रार्थना की। समर्थकों ने कहा कि विधायक अविनाश चंद द्विवेदी सिर्फ एक जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि हर दिल में बसने वाले नेता हैं, जिन्होंने हमेशा जनता की सेवा को प्राथमिकता दी है।

### क्षेत्र में जल्द वापसी की उम्मीद

डॉक्टरों के अनुसार ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा है और विधायक जी की स्थिति संतोषजनक बताई जा रही है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि वे जल्द स्वस्थ होकर फिर से मानिकपुर विधानसभा की सेवा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# 484 करोड़ खर्च कर अतिरिक्त 734 करोड़ के लिए ठोका दावा, विकास के रथ पर सवार उत्तराखंड

जन एक्सप्रेस। देहरादून

उत्तराखंड सरकार ने विकास कार्यों के लिए केंद्र सरकार की स्कीम फार स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फार कैपिटल इन्वेस्टमेंट के अंतर्गत स्वीकृत 484 करोड़ की पहली किस्त का समय पर उपयोग कर लिया है। उपयोगिता प्रमाणपत्र केंद्र को भेजने के बाद, राज्य को दूसरी किस्त के रूप में 250 करोड़ की राशि प्राप्त हुई। इस प्रदर्शन के चलते राज्य सरकार ने केंद्र से प्रोत्साहन के रूप में अतिरिक्त 734 करोड़ पाने का दावा किया है।देहरादून। पुष्कर सिंह धामी सरकार विकास कार्यों के बजट के उपयोग यानी पूंजीगत व्यय के साथ ही ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भूमि सुधारों को लागू करने में केंद्र की उम्मीदों पर खरा उतरी है। केंद्र की स्कीम फार स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फार कैपिटल इन्वेस्टमेंट (एसएएससीआइ) के अंतर्गत स्वीकृत कुल 734 करोड़ की पहली किस्त 484 करोड़ का राज्य ने समय पर उपयोग कर लिया। उपयोगिता प्रमाणपत्र केंद्र को भेजने का तुरंत लाभ यह मिला कि दूसरी किस्त की 250 करोड़ की राशि राज्य की झोली में आ गई। इस पूरी कवायद ने राज्य को केंद्र से प्रोत्साहन के रूप में अतिरिक्त 734 करोड़ पाने का हकदार भी बना दिया है। केंद्र से मिल रहे वित्तीय प्रोत्साहन का लाभ लेने की ललक उत्तराखंड में बढ़ी है। विकास परियोजनाओं के लिए दी जाने वाली धनराशि का उपयोग करने और केंद्र की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में लागू सुधारों को क्रियान्वित करने में धामी सरकार ने इच्छाशक्ति दिखाई है। परिणामस्वरूप राज्य को विकास कार्यों के लिए भी केंद्र से अतिरिक्त धनराशि प्राप्त हो रही है। डबल इंजन का यह दम वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में राज्य की विकास की उम्मीदों को नई उड़ान दे रहा है।




### 43 परियोजनाओं के लिए पहली किस्त 484 करोड़ किए खर्च

चालू वित्तीय वर्ष में केंद्र सरकार ने एसएएससीआइ भाग-एक के अंतर्गत राज्य के लिए 734 करोड़ का परिव्यय निर्धारित किया था। इसमें से पहली किस्त के रूप में राज्य को 484 करोड़ रुपये दिए गए। यह धनराशि 11 विभागों चिकित्सा शिक्षा, सिंचाई, गृह, उद्योग, आवास, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, परिवहन, ऊर्जा व पेयजल की विभिन्न 43 परियोजनाओं पर खर्च की जानी है। राज्य ने पहली किस्त का उपयोग तो किया ही, साथ में उपयोगिता प्रमाणपत्र केंद्र को भेजकर दूसरी किस्त की मांग भी कर दी। केंद्र सरकार ने शेष दूसरी किस्त की 250 करोड़ की राशि गत दिवस राज्य को अवमुक्त कर दी।

### केंद्र की शर्त पूरी करने पर मिलनी है प्रोत्साहन राशि

वित्त सचिव दिलीप जावलकर ने बताया कि इस राशि को शीघ्र ही संबंधित विभागों को विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। केंद्र सरकार ने यह शर्त भी रखी थी कि जो पर्वतीय राज्य एसएएससीआइ भाग-एक के अंतर्गत पहली किस्त का उपयोग करेगा और दूसरी किस्त प्राप्त करेगा, उन्हें पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर शत-प्रतिशत अतिरिक्त 734 करोड़ की राशि आवंटित की जाएगी। अब प्रदेश सरकार ने इस अतिरिक्त आवंटन को केंद्र से पाने के लिए प्रयास प्रारंभ कर दिए हैं।

### गांवों व शहरों में भूमि सुधार करने पर मिले 85 करोड़

एसएएससीआइ-2025-26 योजना के भाग-सात के अंतर्गत राज्यों को ग्रामीण क्षेत्रों और भाग-आठ के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में भूमि सुधार लागू करने हैं। इसमें भूमि सुधारों के रूप में राजस्व अभिलेखों का प्रबंधन एवं उन्हें सुव्यवस्थित करना सम्मिलित है। इन सुधारों के लिए उत्तराखंड को क्रमश: 60 करोड़ एवं 25 करोड़ की प्रोत्साहन राशि केंद्र सरकार ने अनुमोदित की है। इस राशि से होने वाले विकास कार्यों के प्रस्ताव स्वीकृति के लिए केंद्र को भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

# मौनी बाबा धाम के भंडारा व मेले के आखिरी दिन लाखों की संख्या में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत सिमौनी गांव के मौनी बाबा धाम में भंडारा व मेले के अंतिम दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का उमड़ा जन सैलाब भक्तों ने चखा प्रसाद, मौनी बाबा की समाधि में माथा टेककर आशीर्वाद लिया है। बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत सिमौनी गांव की मौनी बाबा धाम का है। जहां हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी 15, 16, 17 दिसंबर को विशाल भंडारा व मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 17 दिसंबर दिन बुधवार को भंडारा व मेले के अंतिम दिन श्रद्धालुओं का लाखों की संख्या में जन सैलाब उमड़ पड़ा जिसमें पूरा मौनी बाबा धाम जय श्री राम और स्वामी अवधूत जी महाराज के जयकारों से गूंज उठा। सुबह से निरंतर श्रद्धालुओं का जन सैलाब लाखों की संख्या में पहुंच रहा है। जिसमें आज भंडारा व मेले के अंतिम दिन लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। जिसमें हजारों की संख्या में साधु संत भी पहुंचे जहां साधु संतों को भक्तों के द्वारा प्रसाद वितरण करवाया गया, वहीं साधु संतों का कम्बल वितरण कर सम्मान किया गया है, वहीं जो लाखों की संख्या में श्रद्धालु मौनी बाबा धाम पर पहुंचे जिसमें भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के बाद मेले में लगी प्रदर्शनी और दुकानों में पहुंचकर जमकर खरीदारी भी किया है। वहीं जिलाधिकारी जे रिभा भंडारे पर पहुंचकर स्वामी अवधूत जी महाराज व मौनी बाबा की समाधि पर माथा टेककर आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया,वहीं भंडारे पर पूर्व मंत्री शिव शंकर सिंह पटेल, बच्चा सिंह,राजा बाबू परमार, पी सी पटेल ,अजय सिंह, राजा दीक्षित,मनीष पटेल सहित अन्य समाजसेवियों के द्वारा भंडारे में श्रमदान भी किया है। वही रामलीला मैदान में दिन में रूप बसंत एक तलवार तीन खून नाटक नाटक का मंचन किया गया है। वही रात्रि में धनुष यज्ञ की लीला का मंचन किया जाएगा, जो बुंदेलखंड के ही कलाकारों के द्वारा सुंदर मंचन किया जाता है। वहीं इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, पुलिस क्षेत्राधिकारी बबेरू सौरभ सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी अतर्रा प्रवीण कुमार कोतवाली प्रभारी बबेरू निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत सहित भारी संख्या में चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा।

# किसान दिवस में डीएम ने सुनी किसानों की समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



किसान दिवस के अवसर पर बुधवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम ने किसानों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया। बैठक में किसान समस्याओं के निस्तारण, चकबंदी, पशुपालन, मंडी व्यवस्था, सिंचाई, उर्वरक एवं प्रमाणित बीजों की उपलब्धता, विद्युत आपूर्ति तथा शासन द्वारा संचालित कृषक हितैषी योजनाओं आदि की समीक्षा की गई। बैठक में मौजूद किसानों द्वारा उठाई गई समस्याओं को डीएम ने गंभीरतापूर्वक एवं संवेदनशीलता के साथ सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उर्वरक एवं सहकारी समितियों पर सविचों के समय से न उपस्थित होने पर ए.आर. कोऑपरेटिव को निर्देशित किया कि सहकारी समितियों पर नियुक्त सचिवों की उपस्थिति व्हाट्सएप एप के माध्यम से नियमित रूप से दर्ज की जाए तथा जो सचिव निर्धारित समय पर समिति पर उपस्थित नहीं होते है, उनका वेतन रोका जाए। मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक सचिव की उपस्थिति का प्रातः 10 बजे से सायं चार बजे तक नियमित निरीक्षण कर संबंधित आख्या निर्धारित ग्रुप में प्रेषित की जाए। कहा कि शासन की जनकल्याणकारी एवं कृषक हितैषी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र कृषक तक निर्धारित समय-सीमा में पहुँचाएं।

इसके लिए विभागों के मध्य प्रभावी समन्वय, सतत अनुश्रवण तथा नियमित समीक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कृषकों से उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने, वैज्ञानिक पद्धतियों के उपयोग, फसल विविधीकरण एवं फसल बीमा योजनाओं से अधिकाधिक जुड़ने को कहा। बैठक में कृषकों द्वारा प्रस्तुत सुझावों एवं समस्याओं पर डीएम ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उपनिदेशक मंडी ने किसानों से कहा कि मंडी से संबंधित समस्या को पत्र के माध्यम से अवगत कराएं, उसे स्वीकृत के लिए, शासन को भेजा जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान दिवस को मात्र औपचारिक कार्यक्रम न मानते हुए इसे कृषकों की समस्याओं के प्रभावी समाधान एवं सतत संवाद का सशक्त मंच बनाया जाए। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम सिंह राही, मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह, पदाधिकारी नीलकंठ द्विवेदी, विनय कुमार त्रिपाठी, अर्जुन सिंह, सिद्धार्थ विक्रम सिंह, संतगोपाल भारतीय, रामबरन यादव, रामशरण राजपूत, शिवसम्पत राजपूत, गोरेलाल पटेल, ज्ञान सिंह, रामप्रसाद सिंह, अश्विनी कुमार, ज्ञानेंद्र सिंह, जगमोहन, शिव सिंह आदि किसान सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# टोल प्लाजा के प्रबंधक और टोल कर्मी हाइवे पेट्रोलिंग की आवृत्ति को रखें बेहतर : केडी गौर

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



झांसी परिक्षेत्र के उप परिवहन आयुक्त के.डी सिंह गौर ने अपने शीतकालीन क्षेत्र भ्रमण के दौरान बुधवार को जनपद का दौरा किया और परिवहन अधिकारियों के साथ बैठक की।इस दौरान राजस्व और प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा करते हुए उप परिवहन आयुक्त ने बढ़ते कोहरे की वजह से संभावित दुर्घटनाओं को न्यूनतम करने के लिए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को ओवर स्पीडिंग, ड्रंकन ड्राइविंग और वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप की विशेष चेकिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही कोहरे से निपटने के लिए टोल प्लाजा के प्रबंधन को सचेत किया। उप परिवहन आयुक्त झांसी केडी सिंह गौर द्वारा टोल प्लाजा और आरटीओ कार्यालय का शीतकालीन निरीक्षण किया। जिसमें कार्यालय के सीसीटीवी कैमरा, साफ सफाई और रख रखाव, फिटनेस संबंधित रजिस्टर, ड्राइविंग लाइसेंस संबंधित रजिस्टर,कैश रजिस्टर और प्रवर्तन शाखा स्टेटमेंट चेक किए गए। जिसमें शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस लाइन तिराहा, खोह में खुद ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया। हेलमेट, सीट बेल्ट और ड्रंकन ड्राइव का चालान किया गया। इसी प्रकार निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान उप परिवहन आयुक्त के डी सिंह ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के भरतकूप टोल प्लाजा पर पहुंच कर टोल प्लाजा के प्रबंधन और टोल कर्मियों की एक बैठक ली और उनको भी सचेत किया कि वे इस मौसम में अपनी हाईवे पेट्रोलिंग की आवृत्ति को बढ़ाएं। और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी वाहन खराब होने या दुर्घटनाग्रस्त होने या अन्य कारणों से एक्सप्रेस वे पर अवैध रूप से पार्क न हो और ऐसे वाहनों को टोल की क्रेन से यथाशीघ्र हटवा कर टोल पार्किंग में खड़ी कराएं। उन्होंने बताया कि कोहरे के मौसम में हाइवे पर इस तरह की खड़ी गाड़ियों से पीछे से आ रहा वाहन टकरा जाता है और गंभीर दुर्घटनाएं घटित हो जाती हैं। अपने इस पर्यवेक्षणीय भ्रमण के दौरान उप परिवहन आयुक्त ने जनपद के परिवहन अधिकारियों के साथ स्वयं सड़क पर बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और बिना रिफ्लेक्टिव टेप लगाए हुए संचालित वाहनों की सघन चेकिंग कराई। जिसमें बिना हेलमेट, रिफ्लेक्टर, ड्रिंक ड्राइव, बीमा, एचएसआरपी, टैक्स एवं फिटनेस के 29 वाहनों के चालान किए और एक वाहन सीज किया गया।चेकिंग के दौरान उप परिवहन आयुक्त के डी सिंह चालकों की काउंसलिंग करते हुए भी दिखे। इस मौके पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राम प्रकाश सिंह, पीटीओ दीप्ती त्रिपाठी, आरआई रवि शंकर, कार्यालय सहायक अरुण कुमार पांडेय, असलम खां, कमलेश कुमार, अजय कुमार, मुनेन्द्र तिवारी, रंजीत आदि मौजूद रहे।

## परिवहन/यातायात पुलिस ने चलाया 'ड्रिंकन ऐंड ड्राइव' सघन चेकिंग का अभियान

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** जिला अधिकारी जे. रीभा एवं पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, आरटीओ परिवहन उदयवीर सिंह के निर्देशन में एआरटीओ श्यामलाल पीटीओ रामसुमेर यादव, पीटीओ 2 वीरेन्द्र राजभर एवं यातायात प्रभारी संजय मिश्रा के नेतृत्व मे अपनी पूरी टीम के साथ शहर के विभिन्न चौराहों में ड्रिंकन ऐंड ड्राइव का संयुक्त चेकिंग अभियान चलाते हुए यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित कराने तथा सड़क सुरक्षा एवं आपराधिक / असामाजिक गतिविधियों की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बिना हेलमेट/सीट बेल्ट ट्रिपल सवारी,चारपहिया वाहनों में अवैध रूप से लगी काली फिल्म के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें ड्रिंक एवं ड्राइविंग करते हुए पाए जाने पर 15 लोगों का चालान किया गया वाहनों का चालान भी किया गया एवं जागरुक करते हुए दुष्परिणामों व कानून प्रावधानों के बारे में जानकारी दी साथ ही भविष्य में किसी भी निजी या व्यावसायिक वाहनों पर मनमाने ढंग से काली फिल्म का प्रयोग न करने के लिए कड़ी चेतावनी भी दी गई।

# भारतीय सेना में ट्रेनिंग सेंटर से वापस लौटे जवान का किया जोरदार स्वागत

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



राज मेमोरियल एकेडमी के बहादुर जवान सेकंड बैच के जवान भारतीय सेना में ट्रेनिंग सेंटर से अपनी ट्रेनिंग कंप्लीट करके अपने जूनियर दोस्तों के साथ ग्राउंड में भारतीय सेना का अनुभव साझा किया और जवानों का हौसला बुलंद किया। कोच बीएस परमार कैप्टन केडी यादव बिंदा सहित सभी मौजूद रहे।इन जवानों का स्वागत बड़े उत्साह और सम्मान के साथ किया गया।

लोगों ने उन्हें फूलों की वर्षा से स्वागत किया, ढोल-नगाड़ों के साथ नृत्य किया और भारत माता की जय के नारे लगाए। इन जवानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी सेवा के दौरान देश की सुरक्षा और सेवा के लिए काम किया और उन्हें अपने देश पर गर्व है। इन जवानों ने युवाओं से आह्वान किया कि वे भी भारतीय सेना में शामिल होकर देश की सेवा करें। उन्होंने कहा कि सेना में सेवा करने से न केवल देश की सुरक्षा में योगदान मिलता है, बल्कि व्यक्तिगत विकास भी होता है। सभी वीर जवानों ने राज मेमोरियल एकेडमी उच्च बच्चे सर चढ़कर बोल रहे हैं।

## समारोह का आयोजन कर किया गया वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**चित्रकूट।** राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलिज बरगढ़ में चल रही तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन बुधवार को समारोह आयोजन कर किया गया। जिसमें प्रतियोगितों में प्रतिभाग करने वाले विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज संतोष कुमार वैश्य ने बताया कि तीन दिन चली प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग में सिविल इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजली यादव एवं छात्र वर्ग में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के छात्र राममोहन चैंपियन रहे। छात्रों के चार समूह में विश्वसरैया हाउस प्रथम व विवेकानंद हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। इसी प्रकार छात्रा वर्ग में कल्पना हाउस प्रथम और लक्ष्मी हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। छात्र वर्ग में वॉलीबॉल और क्रिकेट प्रतियोगिता में विश्वसरैया हाउस विजेता रहा, वहीं छात्रा वर्ग में कल्पना हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र वर्ग की 200 मीटर दौड़ में प्रदीप चैहान प्रथम, राम मोहन द्वितीय व राम आशीष यादव तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में अनुज कुंतल प्रथम, शिवेश यादव द्वितीय स्थान व देवेंद्र कुमार तृतीय स्थान पर रहे। 800 मीटर दौड़ में राममोहन प्रथम, अनुज कुंतल द्वितीय व देवेंद्र कुमार तृतीय स्थान पर रहे। 1500 मीटर दौड़ में राम मोहन प्रथम स्थान, अनस कुंतल द्वितीय व देवेंद्र कुमार तृतीय स्थान पर रहे। शॉट पुट थ्रो में अभिषेक यादव, डिस्क थ्रो में दीपेंद्र यादव व ऊंची कूद में अभिषेक यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में नीरज पटेल प्रथम, विपिन कुमार भारतीय द्वितीय व संजय कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंकुर प्रताप रंजन ने प्रथम व आरो शुक्ला ने द्वितीय, टेबल टेनिस में मुकेश कुमार ने प्रथम व वैभव सिंह ने द्वितीय तथा शतरंज प्रतियोगिता में राम विकास ने प्रथम व शुभम यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार छात्र वर्ग में 100 मीटर दौड़ में रिचा ने प्रथम, खुशी ने द्वितीय व रूपा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# संयुक्त टीम ने किया आकांक्षी ब्लॉक रामनगर का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



नियोजन विभाग एवं यूनिसेफ उत्तर प्रदेश की संयुक्त टीम ने वर्षांत समीक्षा के तहत बुधवार को आकांक्षी ब्लॉक रामनगर का निरीक्षण किया। संयुक्त टीम ने ग्राम पंचायत नांदिन कुर्मियान और ग्राम पंचायत खजुरिहा कला का स्थलीय भ्रमण करते हुए मूलभूत सुविधाओं व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद इस सम्बन्ध में ब्लाक स्तरीय समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई।

बैठक के बाद निरीक्षण के मुख्य बिन्दुओं और फीड़बैक की जानकारी जिलाधिकारी को दी गई। जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य बिन्दुओं में सुधार के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायतों में विद्यालय कायाकल्प, शैक्षिक गुणवत्ता, मध्यान्ह भोजन योजना, नामांकन, उपस्थिति, ड्रॉपआउट एवं रिटेंशन की स्थिति, बाल विवाह एवं बाल श्रम की रोकथाम, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग अंतर्गत सैम एवं मैम बच्चों का प्रबंधन, राज्य एवं केंद्र सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ, फ्रंटलाइन वर्कर्स आशा, एएनएम, आंगनवाड़ी, सीएचओ की दक्षता एवं सेवा प्रदायगी तथा लाभार्थी संतुष्टि का आकलन किया गया। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों सहित अन्य का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया निरीक्षण के बाद खंड विकास अधिकारी रामनगर की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तर पर समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई तथा निरीक्षण कर एकत्र की गई जानकारी व फीडबैक जिलाधिकारी कार्यालय जाकर जिलाधिकारी से साझा की गईं। इस दौरान सांख्यिकी अधिकारी कुलदीप सिंह, नियोजन विभाग से शोध अधिकारी पवन दीक्षित एवं यूनिसेफ के रवीश व प्रफुल्ल भारद्वाज द्वारा आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम पर चर्चा की गई। साथ ही डेल्टा रैंकिंग तथा ब्लॉक के समग्र प्रगति की स्थिति पर भी विचार विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने टीम के निरीक्षण बिंदुओं के फीडबैक एवं प्राप्त सुझावों को कार्ययोजना में सम्मिलित करते हुए सुधार के विषयों पर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# छात्राओं ने प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन एवं ग्रामीण विकास की ली व्यवहारिक जानकारी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



मानिकपुर बालिका इण्टर कॉलिज की 125 छात्राओं ने बुधवार को दीनदयाल शोध संस्थान के कृषि विज्ञान केंद्र गनीवा का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को कृषि, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी आधुनिक एवं पारंपरिक तकनीकों की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना रहा।

केंद्र के वैज्ञानिक उत्तम कुमार त्रिपाठी ने शैक्षणिक भ्रमण पर आईं छात्राओं को डीआरआई के कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना से लेकर आज तक की यात्रा, उद्देश्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। साथ ही नानाजी देशमुख द्वारा ग्राम स्वावलंबन एवं ग्रामीण उत्थान के लिए किए गए प्रयासों पर संवाद करते हुए उनके विचारों से अवगत कराया। इस दौरान केंद्र में संचालित स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत छात्राओं को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए संदेश दिया गया कि स्वच्छता की शुरुआत स्वयं से होकर घर, समाज और अंततः देश तक पहुंचती है। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार ने छात्राओं को कृषि शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान छात्राओं एवं शिक्षकों को केंद्र में संचालित विभिन्न जीवंत एवं प्रायोगिक इकाइयों का भ्रमण कराया गया। जिसमें फसल दृश्यावली, बागवानी आधारित बगीचे, बीज प्रसंस्करण इकाई, मौसम पूर्वानुमान इकाई, बीज उत्पादन प्रक्षेत्र, प्राकृतिक खेती इकाई आदि की व्यवहारिक जानकारी दी गई। इस मौके पर वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राजेंद्र सिंह नेगी, कमलाशंकर शुक्ला, सहयोगी अभय कुमार आदि मौजूद रहे।

# 'ऑपरेशन शिकंजा' तिन्दवारी पुलिस ने पेशेवर फर्जी जमानतदार को किया गिरफ्तार




**जन एक्सप्रेस । बांदा**

उ0प्र0 शासन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन शिकंजा के क्रम में बुधवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम राजेश एस0 के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल नेतृत्व में व अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह गौर के निकट पर्यवेक्षण थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा फर्जी जमानतदारों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।

गौरतलब हो कि दिनांक 19नवम्बर को जगत नारायण पुत्र गोपाल सिंह निवासी भिडौरा थाना तिन्दवारी ने थाना स्थानीय दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि मेरे नाम का फर्जी आधार कार्ड, खसरा खतौनी व फर्जी फोटो लगाकर कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कूटरचित तरीके से बलात्कार के अभियुक्त की न्यायालय में जमानत ली गई है। इस संबन्ध में थाना तिन्दवारी पर क्रमशः मु0अ0सं0 284/25 पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों, अभिसूचना संकलन, अभिलेखो के सत्यापन व मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त रामबाबू उर्फ डाक्टर को ग्राम भिडौरा पानी की टंकी के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि हमारे गैंग के लीडर शिवस्वरुप उर्फ मास्टर व साथी बलबीर, हरीशंकर, हेमन्त, द्वारा फर्जी व कूटरचित तरीके से खसरा-खतौनी, आधार कार्ड व अन्य फर्जी परिपत्र का प्रयोग कर कई मुकदमों में जमानत ली गई है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। बता दें कि मुख्य अभियुक्त शिवस्वरुप उर्फ मास्टर व साथी बलबीर, हरीशंकर, हेमन्त को गिरफ्तार कर पूर्व में ही जेल भेजा जा चुका है। **बरामद**-13 अदद आधार कार्ड। **गिरफ्तार अभियुक्त**- रामबाबू उर्फ डाक्टर पुत्र कल्लू निवासी पिपरहरी थाना पैलानी। **गिरफ्तारी करने वाली टीम**- दीपेन्द्र सिंह थाना प्रभारी तिन्दवारी, उप निरीक्षक दिनेश सिंह, उप निरीक्षक अंजनी कुमार,उप निरीक्षक रामाधार, कांस्टेबल अनूप कुमार आदि मौजूद रहे।

## पी.एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लें लाभ : डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि पी.एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत जनपद चित्रकूट के 12,000 घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके सापेक्ष अभी तक 714 सोलर प्लांट की स्थापना की जा चुकी है। डीएम ने बताया कि उन्होंने एक किलो वाट संयंत्र की अनुमानित लागत 60,000 है। जिसमें से केंद्र सरकार द्वारा 30,000 रुपये एवं राज्य सरकार द्वारा 15,000 रुपये (कुल 45,000 रुपए) का अनुदान दिया जाता है तथा उपभोक्ताओं को केवल 15,000 देय है, जिसकी वित्तीय लोनिग बैंक द्वारा भी की जा सकती है। बताया कि सोलर प्लांट कमिशिनिग के बाद सब्सिडी डीबीटी द्वारा सीधे लाभार्थी के खाते में जाती है। जिलाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत जनपदवासियों व किसानों से योजना के तहत सोलर पैनल लगवाने की अपील की है। बताया कि सोलर संयंत्र लगवाने के बाद लगभग दो तिहाई तक बिजली बिल में बचत होती है।

# मनरेगा योजना का नाम परिवर्तित करने पर जिलाध्यक्ष की अगुवाई में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेस जन वर्तमान कि केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर मनरेगा योजना का नाम परिवर्तित किए जाने को लेकर कांग्रेस कार्यालय से शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए सरकार विरोधी व 'महात्मा गांधी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान' नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में नगर पालिका स्थित गांधी प्रतिमा पर पहुंच कर राष्ट्रपिता जी की आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर उपस्थित जनसमुदाय को कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का नाम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर रखा जाना उनके विचारों और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके अतुलनीय योगदान का सम्मान है।

महात्मा गांधी ने न केवल देश को आजादी की राह दिखाई बल्कि ग्राम स्वराज स्वालंबन श्रम की गरिमा और अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति के उत्थान को अपने जीवन का उद्देश्य बनाया उनके नाम पर चल रही योजना का नाम जी **राम जी** केंद्र सरकार द्वारा किए जाने का पुरजोर विरोध कांग्रेस करती है। उन्होंने कहा की वर्तमान सरकार विकृत मानसिकता से ग्रसित होकर महापुरुषों के नाम पर संचालित अनेक योजनाओं के नाम परिवर्तित कर उनके सम्मान में कुठाराघात कर रही है शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अफसाना शाह ने कहा कि इस योजना के नाम अथवा उसके मूल स्वरूप से छेड़छाड़ किए जाने के किसी भी प्रयास का कड़ा विरोध करती हूं।

# पुलिस ने साइबर ठगी के गिरोह का किया भंडाफोड़, 2 आरोपी किये गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

उ0प्र0 शासन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाए जा रहे **जीरो टॉलेरेंस टू वर्ड फ्रॉडस्टर्स** नीति के क्रम में दिनांक 17दिसम्बर को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज तथा क्षेत्राधिकारी साइबर सौरभ सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना साइबर क्राइम जनपद द्वारा फर्जी दस्तावेजों व डिजिटल माध्यमों से की जा रही ऑनलाइन साइबर ठगी के एक संगठित गिरोह का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।गौरतलब हो कि दिनांक 16दिसम्बर को भगत सिंह पुत्र रामेश्वर सिंह निवासी जवाहर नगर थाना कोतवाली नगर द्वारा थाना साइबर क्राइम जनपद पर सूचना दी गई कि प्रार्थी का मित्र वरूण अग्रवाल पुत्र शिवकुमार निवासी कानपुर नगर जो कि बालाजी ट्रेर्डस के प्रोपराइटर है।के द्वारा बताया गया कि उनके त्वस्ञ के फर्जी कागजात बनाकर/उपयोग कर दो व्यक्ति अनिल व चंद्रकिशोर निवासीगण तिंदवारा थाना कोतवाली नगर द्वारा लोगों को ऑनलाइन सामान बेचने का प्रलोभन देकर साइबर ठगी की जा रही है। प्रकरण की गंभीरता को देखते सूचना पर तत्काल थाना साइबर क्राइम जनपद पर अभियोग पंजीकृत करते हुए साइबर थाना की टीम द्वारा डिजिटल ट्रैकिंग, मोबाइल विश्लेषण तथा इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के संकलन कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे।इसी क्रम में दिनांक 17दिसम्बर को मुखबिर की सूचना तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्तों को तिंदवारा बाइपास के पास गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में जुर्म स्वीकार करते हुए अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा कूटरचित आधार कार्ड, फर्जी पैन कार्ड,अवैध रूप से तैयार त्तक्र कोड तथा त्वस्ञ नंबर का दुरुपयोग कर आम नागरिकों को ऑनलाइन सामान बेचने का झांसा देकर उनसे धनराशि की ठगी करते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों कि निशांदेही पर भारी मात्रा में फर्जी एटीएम कार्ड, पासबुक, आधार-पैन, स्वाइप मशीन, मोबाइल फोन, लैपटॉप,मॉनिटर, फिंगर प्रिंट स्कैनर व अकाउंट किट तथा सिम कार्ड किट बरामद हुए है।

**बरामद**-08 अदद मोबाइल फोन, 12 अदद एटीएम कार्ड,07 अदद सिम कार्ड किट, 05 अदद आधार कार्ड, 01 अदद पैन कार्ड, 01 अदद सिम कार्ड, 03 अदद पासबुक, 01 अदद स्वाइप मशीन,01 अदद मॉनिटर,01 अदद ष्ट्क्,01 अदद लैपटॉप,15 अदद अकाउंट किट,01 अदद फिंगर प्रिंट स्कैनर,510 रुपए/ नगद

**गिरफ्तार अभियुक्त**- अनिल कुमार पुत्र बच्चाप्रसाद निवासी ग्राम तिंदवारा थाना कोतवाली नगर, चन्द्रकिशोर पुत्र मनीराम निवासी ग्राम तिंदवारा थाना कोतवाली नगर।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**- प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना राजेश चन्द्र मिश्रा,उप निरीक्षक आकाश शुक्ला,हेड कांस्टेबल विनोद कुमार, कांस्टेबल हिमांशु वर्मा, कांस्टेबल ललित कुमार आदि मौजूद रहे।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, गुरुवार, 18 दिसंबर, 2025





## दिल्ली में पॉल्यूशन: 50 प्रतिशत एम्प्लॉइज...

दिल्ली में जानलेवा प्रदूषण के चलते भाजपा सरकार ने बुधवार को सभी सरकारी और प्राइवेट दफ्तरों में 50% कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम नियम लागू कर दिया है। यानी अब सभी दफ्तरों में सिर्फ आधे कर्मचारी जाएंगे। आधे कर्मचारी घर से काम करेंगे... पढ़ें पेज 12 पर...

# कोहरा बना चौथे टी20 मैच का विलेन, टॉस के बिना रद्द हुआ मैच

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाने वाला चौथा टी20 मैच बुधवार को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में बिना टॉस के ही रद्द कर दिया गया। घने कोहरे के चलते दृश्यता बेहद खराब रही, जिससे खेल कराना संभव नहीं हो सका। भारत फिलहाल इस सीरीज में 2-1 से आगे चल रहा है। आखिरी मुकाबला 19 दिसंबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा, जिसमें जीत दर्ज कर सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम की नजरें सीरीज अपने नाम करने पर होंगी। मैच के रद्द होने के बाद एक बार फिर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की टूर और फिक्सचर कमेटी सवालों के घेरे में आ गई है। खास तौर पर सर्दियों के मौसम में उत्तर और पूर्वी भारत में डे-नाइट मुकाबले कराने के फैसले पर आलोचना तेज हो गई है। लखनऊ में इस समय साल के दौरान दिन-रात मैच तय करना पहले से



अनुमानित कोहरे की समस्या के कारण विवादों में आ गया है।

### कई बार हुआ निरीक्षण, हालात नहीं सुधरे

स्टेडियम में कोहरा इतना घना था कि हवा में गेंद को ट्रैक करना फील्डरों के लिए खतरनाक माना गया। इसी वजह से टॉस को लगातार टालना पड़ा। अंपायर्स ने कुल छह बार मैदान का निरीक्षण किया लेकिन अंत में उन्होंने मैच रद्द करने का फैसला लिया। मैच का टॉस 6:30 बजे होना था, लेकिन कोहरे की वजह से इसमें देरी हुई। पहला निरीक्षण शाम 6:50 बजे तय किया गया था, लेकिन हालात नहीं सुधरे। इसके बाद 7:30, 8:00, 8:30, 9:00 और 9:25 बजे तक लगातार निरीक्षण किए गए। 7:30 बजे हुए निरीक्षण के दौरान अंपायरों ने मैदान पर दृश्यता की जांच भी की, जिसमें एक अंपायर पिच के पास खड़े होकर बाउंड्री पर मौजूद साथी से यह पूछते नजर आए कि क्या वे एक-दूसरे और गेंद को साफ देख पा रहे हैं। इस दौरान बीसीसीआई उपाध्यक्ष और यूपीसीए अध्यक्ष राजीव शुक्ला भी मैदान पर आकर हालात का जायजा लेते दिखे, लेकिन सभी आकलनों में दृश्यता खेल के लिए अनुपयुक्त पाई गई।

### खिलाड़ियों को लौटना पड़ा ड्रेसिंग रूम

दक्षिण अफ्रीका की टीम शुरुआत में हल्का वॉर्म-अप करने मैदान पर उतरी थी, लेकिन कोहरा लगातार बने रहने के कारण उन्हें वापस ड्रेसिंग रूम लौटना पड़ा। हालांकि, अधिकारी हालात पर नजर बनाए हुए थे और दोनों टीमों के खिलाड़ी काफी देर तक मैदान के आसपास वॉर्म-अप करते नजर आए। भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को भी इस दौरान घने कोहरे के बीच फेस मास्क पहने देखा गया।

### बिना एक भी गेंद फेंके रद्द हुआ मैच

कई बार निरीक्षण के बावजूद हालात में सुधार न होने पर आखिरकार अधिकारियों ने एक भी गेंद फेंके बिना मैच रद्द करने का फैसला लिया। स्टार स्पोर्ट्स पर हालात पर टिप्पणी करते हुए दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा, 'गेंदबाजों के नजरिए से ये बिल्कुल अलग परिस्थितियां हैं। मैंने पहले कभी ऐसे हालात नहीं देखे। आप समझ सकते हैं कि फील्डर टॉस में देरी क्यों चाहते हैं।' स्टेन ने आगे कहा, 'कल रात करीब 8 बजे मैं मॉल तक गया था और हालात बेहद खराब थे। 20 मीटर आगे तक दिखना मुश्किल था। मुझे डर है कि स्थिति और खराब हो सकती है।'

### गिल चोटिल होकर सीरीज से बाहर

भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल फिर चोटिल हो गए हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, गिल पैर की अंगुली में चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के शेष दो मैचों से बाहर हो गए हैं। समझा जाता है कि गिल को ये चोट ट्रेनिंग सत्र के दौरान लगी थी। गिल को इससे पहले टेस्ट सीरीज के दौरान गर्दन में चोट लगी थी और उन्होंने टी20 सीरीज से मैदान पर वापसी की थी।

# पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार बने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश सरकार ने पूर्व डीजीपी डॉ. प्रशांत कुमार को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का नया अध्यक्ष बनाया है। यह आयोग बेसिक से लेकर एडेड माध्यमिक, एडेड महाविद्यालयों, अल्पसंख्यक कॉलेजों व अटल आवासीय विद्यालयों में शिक्षक भर्ती के लिए गठित किया गया है। नए अध्यक्ष की तैनाती के साथ ही आयोग में लंबित शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया को गति मिलेगी। उच्च शिक्षा विभाग के विशेष सचिव गिरिजेश त्यागी की ओर से बुधवार को इससे संबंधित आदेश जारी किया गया है। वहीं प्रशांत कुमार ने ''अमर उजाला'' से बातचीत में कहा कि उनकी प्राथमिकता आयोग में पारदर्शी तरीके व मेरिट से भर्तियों को पूरा कराना है। युवाओं को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए वह प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन भर्तियों के अधियाचन आयोग को मिल चुके हैं, उनकी प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी की जाएगी। बता दें कि प्रदेश सरकार ने अलग-अलग स्तर पर चल रही एडेड कॉलेजों की शिक्षक भर्तियों के लिए नए आयोग का गठन किया था। इसके लिए पांच सितंबर 2024 को गोरखपुर विश्वविद्यालय की प्रो.



कीर्ति पांडेय को पहला अध्यक्ष बनाया गया था। किंतु लगभग एक साल बाद ही 22 सितंबर 2025 को उन्होंने व्यक्गित कारणों से अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। वहीं लंबी कवायद के बाद भी आयोग में भर्तियां नहीं शुरू हो पाई थीं। इसके लिए अभ्यर्थी लगातार धरना-प्रदर्शन भी कर रहे हैं।

### दिल्ली यूनिवर्सिटी से हैं एमएससी

प्रदेश में 31 जनवरी 2024 से 31 मई 2025 तक डीजीपी रहे डॉ. प्रशांत कुमार दिल्ली यूनिवर्सिटी से (अप्लाइड जियोलॉजी) एमएससी की डिग्री हासिल करने वाले प्रशांत कुमार ने गोल्ड मेडल भी हासिल किया था। उन्होंने डिजास्टर मैनेजमेंट में एमबीए और नेशनल डिफेंस कॉलेज से डिफेंस और स्ट्रेटेजिक स्टडीज में एमफिल की शिक्षा भी ग्रहण की है। मूल रूप से बिहार के रहने वाले प्रशांत कुमार का चयन वर्ष 1990 में भारतीय पुलिस सेवा में हुआ था। उन्होंने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सीआईएसएफ और आईटीबीपी में भी अपनी सेवाएं दी हैं।

### पुलिस में इनोवेशन के लिए उठाए थे कई कदम

पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार ने पुलिस में इनोवेशन के लिए कई बड़े कदम उठाए थे, इससे पुलिस की व्यावसायिक दक्षता बढ़ी। उन्होंने मेरठ में एडीजी जोन रहते कई अपराधियों का इनकाउंटर कराया तो डीजीपी बनने के बाद राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा, महाकुंभ के बेहतर आयोजन, जी-20 में पुलिस प्रबंधन और आतिथ्य से प्रदेश पुलिस की उपलब्धियों में इजाफा किया। वहीं यूपी में एडीजी कानून-व्यवस्था और डीजीपी रहने के दौरान कई माफिया और संगठित गिरोहों पर प्रभावी कार्रवाई की। साथ ही, महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों में आरोपियों को सजा दिलाने की रफ्तार तेज की। प्रशांत कुमार को राष्ट्रपति का वीरता पदक समेत कई पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

# स्वास्थ्य सुधार के सरकारी दावों पर हरदोई में खुला 'झोलाछाप राज'




- सीएमओ-सीएचसी अधीक्षक की कथित सेटिंग में बिक रही गरीबों की जान
- कोथांवा ब्लॉक बना फर्जी एमबीबीएस फैक्ट्री, प्रशासन मूकदर्शक

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को देश की बेहतरीन प्रणाली बताकर तालियां बटोरते हैं। स्वास्थ्य भवन में डीजी हेल्थ भी मंच साझा कर 'उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं' का दावा दोहराते नहीं थकते। लेकिन हरदोई जनपद में यही स्वास्थ्य व्यवस्था खुलेआम दम तोड़ती दिखाई दे रही है। हरदोई में सीएमओ की कुर्सी संभालते ही डॉ. भावनाथ पांडेय के कार्यकाल में कोथांवा ब्लॉक झोलाछाप डॉक्टरों का सुरक्षित अड्डा बन गया। आरोप है कि कोथांवा सीएचसी के अधीक्षक डॉ. विपुल वर्मा की खुली सरपरस्ती में पूरे ब्लॉक में बिना डिग्री, बिना पंजीकरण और बिना जवाबदेही के फर्जी 'एमबीबीएस डॉक्टर' अस्पताल चला रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में एमबीबीएस की फर्जी डिग्रियां दीवारों पर टंगी हैं, इलाज मौत का सौदा बन चुका है और भोली-भाली जनता को डर, झूठे इलाज और जबरन भर्ती के नाम पर लूटा जा रहा है। सूत्रों का दावा है कि इस अवैध धंधे से होने वाली कमाई का पचास प्रतिशत हिस्सा सीधे सीएचसी अधीक्षक तक पहुंचता है, जबकि उसका पूरा हिसाब हरदोई के सीएमओ कार्यालय को दिया जाता है। यही वजह बताई जा रही है कि डॉ. विपुल वर्मा पिछले लगभग दस वर्षों से कोथांवा सीएचसी की कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं और हर शिकायत हवा में उड़ा दी जाती है। जब कभी अवैध अस्पतालों और झोलाछाप डॉक्टरों की शिकायतें उच्च अधिकारियों तक पहुंचती भी हैं, तो नोटों की ताकत और राजनीतिक संरक्षण से फाइलें दबा दी जाती हैं। नतीजा यह है कि कोथांवा ब्लॉक में झोलाछाप डॉक्टरों का खौफ कायम है, असली डॉक्टर किनारे खड़े हैं और गरीब मरीज प्रयोगशाला का चूहा बना दिया गया है। जन एक्सप्रेस पहले भी इस काले कारोबार पर कई बार पर्दा उठाता रहा है, लेकिन हर खुलासे के बाद कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता हुई।

### अब बड़ा सवाल यह है कि...

- क्या हरदोई में स्वास्थ्य विभाग खुद 'हेल्थ माफिया' का हिस्सा बन चुका है?
- क्या योगी सरकार के सख्त कानून जिले की सरहद पर आकर दम तोड़ देते हैं?
- और अगर यह सब गलत है, तो अब तक एक भी झोलाछाप पर निर्णायक कार्रवाई क्यों नहीं?
- यह मामला सिर्फ भ्रष्टाचार का नहीं, सीधे-सीधे गरीबों की जान से हो रहे संगठित अपराध का है—जिस पर चुप्पी भी अपराध के बराबर है।

# भाजपा के बैनर फाड़े से मना करने पर कार्यकर्ता को तमंचे की बट से बुरी तरह मारा पीटा, पुलिस से शिकायत

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन मलिहाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत अनुपम सिंह पुत्र शैलेन्द्र सिंह निवासी पुरवा थाना मलिहाबाद लखनऊ भारतीय जनता पार्टी का सदस्य है कार्यकर्ता है भाजपा पार्टी के बैनर ग्राम देढेमऊ में लगे हुए थे। समय करीब शाम 05:00 बजे गोलू गाजी पुत्र दुलारे गाजी व दानिश पुत्र सतार व कामिल पुत्र अहमद अली निवासीगण ग्राम देदेमऊ थाना मलिहाबाद जनपद लखनऊ 5-06 लोग अज्ञात अपनी दबंगई व गुड़ाई के बल पर भारतीय जनता पार्टी के लगे हुए बैनर फाड़ने लगे जिसका प्रार्थी ?द्वारा विरोध किया गया, विपक्षीगण गोलू ने गन्दी गन्दी गालियों देते हुए जान से मारने की नियत से दो फायर किया जो अनुपम सिंह के बगल से निकल गई। तभी विपक्षीगण प्रार्थी को लात-घूंसों तथा असलहे के बट से बुरी तरह मारने पीटने लगे, जिससे सर फट गया तथा सर व शरीर में काफी गम्भीर चोटे आई है। इस दौरान गोलू ने कहा कि साले जब प्रधान के पति शेखर कन्नौजिया को मारा था, तो तुम बच गये थे, अबकी तुमको नहीं छोड़ेंगे और वहां खड़े पिंटू सिंह से कहा अगर कही तुमने गवाही दिया तो तुमको भी जान से मारदेंगे और कही शिकायत किया तो जान से मार डालेंगे और तुम्हारे पार्टी वाले हमारा कुछ नहीं कर पाएंगे। अनुपम सिंह ने बताया कि विपक्षीगण काफी दबंग व गुंडा क़िस्म के आपराधिक छवि के व्यक्ति है, जो कि जमशेद प्रधान नवीनगर और सत्तार ग?द्दी के संरक्षण पर अपराधिक कृत्य करते है, जिसमें इनका पूरा सहयोग रहता हैं। प्रार्थी के साथ कोई अनहोनी घटना घटित कर सकतें है। जिससे प्रार्थी को जान माल का खतरा निरंतर बना हुआ है। अनुपम सिंह ने मलिहाबाद थाने में लिखित शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# बीकेटी मलिहाबाद इटौंजा में घने कोहरे और ठंड से जनजीवन प्रभावित

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ जिले के बीकेटी इटौंजा माल मलिहाबाद सैरपुर दुबग्गा में बुधवार सुबह मौसम में बदलाव के साथ ही ठंड बढ़ गई। घने कोहरे और बादलों के कारण दिनभर सूरज नहीं दिखा। कोहरे की वजह से सड़कों पर आवागमन मुश्किल हो गया और वाहनों की रफ्तार कभी धीमी पड़ गई। वहीं इस मौसम में पहली बार इतना घना कोहरा देखा गया, जो दोपहर तक छाया रहा और शाम होते ही ठंडी हवाएं से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। सुबह सुबह स्कूल कॉलेज जाने वाले छात्रों और दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं ठंड से पशु-पक्षी भी बेहाल नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार दिनों तक इसी तरह घना कोहरे और ठंड छाए रहने की संभावना है। वहीं घने कोहरे और बढ़ती ठंड का असर फसलों पर भी देखा जा रहा है।

### चौराहे और गलियों में लोग दफ़्ती पन्नी जलाकर अलाव तपते दिखें

लखनऊ जिले के बीकेटी इटौंजा माल मलिहाबाद सैरपुर इन क्षेत्रों के चौराहों गलियों एवं सड़कों पर देखा गया कि, लोग दफ़्ती पन्नी से अलाव तापते हुए ठंड से बचते दिखे। मंगलवार व बुधवार को ठंड की शुरुआत हो गई। आधा दिसंबर बीत चुका है, लेकिन अभी तक तहसील प्रशासन व नगर पंचायत प्रशासन की तरफ से किसी प्रकार की अलाव व शर्दी से राहत के बचाव के लिए कोई कार्य करने चाहिए। वहीं घने कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड व बर्फीली धीमी हवा ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया। वही जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि प्रशासन द्वारा अलाव के लिए लकड़ी की व्यवस्था करवाई जायें और ग़रीबों को कंबल वितरण कराया जायें,जिससे कि ठंड से उनको राहत मिल सकें।

# पांच वर वधु के जोड़ों ने सात फेरे लेकर जीवन भर साथ रहने का किया वादा



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ जिले के इटौंजा क्षेत्र के सोनिकपुर गांव में पूर्वी माता धाम स्थल पर 9 दिसंबर से श्री चंडी महायज्ञ व विराट संत सम्मेलन का आयोजन चल रहा था। वहीं बुधवार को कथा के अंतिम दिन पांच वर वधू जोड़ों का विवाह भी संपन्न हुआ। जिसमें उपस्थित साधु संतों ने जोड़ों को खुश रहने का आशीर्वाद दिया, सभी वर वधू ने सात फेरे लेकर जिंदगी भर साथ रहने का वादा किया। वहीं समाजसेवी संजय सिंह, अंजली सिंह ने बताया कि पांच जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ है। सभी जोड़ों को 1008 स्वामी कृष्णानंद जी महाराज ने आशीर्वाद दिया। वहीं इस शुभ अवसर पर एडवोकेट अर्जुन सिंह ,बलबीर सिंह, के अलावा समाजसेवी ,अमित सिंह, विक्की ने सहयोग किया, इसके बाद विशाल भंडारा संपन्न हुआ। वहीं इस कार्यक्रम का इस बार 21 वाँ आयोजन किया गया। वहीं जिसमें क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों का सहयोग भी अनुकरणीय है।

# पवन सिंह चौहान को उत्तर प्रदेश लोक लेखा समिति का सदस्य मनोनीत

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान को लोक लेखा समिति की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी
- प्रदेश की 'सदन की आँख और कान' कही जाने वाली लोक लेखा समिति में पवन चौहान शामिल
- सरकारी खर्चों पर कड़ी नजर: लोक लेखा समिति में पवन सिंह चौहान की एंट्री

जनपद सीतापुर से सदस्य विधान परिषद एवं प्रदेश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान के संस्थापक *पवन सिंह चौहान* को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा *लोक लेखा समिति* का सदस्य मनोनीत किया गया है। यह समिति राज्य विधानमंडल की सर्वाधिक महत्वपूर्ण और जिम्मेदारीपूर्ण वित्तीय समितियों में से एक मानी जाती है। सदन की आँख और कान' कही जाने बाली यह समिति राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा किए गए व्यय, सार्वजनिक धन के उपयोग तथा नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की ऑडिट रिपोर्टों की गहन समीक्षा कर वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करती है। इस महत्वपूर्ण दायित्व पर मनोनयन के उपरांत *पवन सिंह चौहान* उत्तर प्रदेश के *मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ* विधान परिषद के सभापति *कुँवर मानवेन्द्र सिंह* एवं विधानसभा अध्यक्ष *सतीश महाना* का आभार व्यक्त करते हुए कहा 'लोक लेखा समिति का सदस्य बनना मेरे लिए अत्यंत गौरव और बड़ी जिम्मेदारी है। मैं प्रदेशवासियों को विश्वास दिलाता हूँ कि सरकार के सभी विभागों एवं स्वायत्त संस्थाओं के वित्तीय कार्यों की सजग, निष्पक्ष और तथ्यात्मक समीक्षा कर पारदर्शिता को और अधिक सशक्त करने हेतु पूर्ण निष्ठा व समर्पण से कार्य करूंगा। उनकी इस नियुक्ति को वित्तीय सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में प्रदेश सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। राजनीतिक, शैक्षिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में उनके अनुभव का लाभ समिति के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

# गो आश्रय स्थलों में निराश्रित गौवंश को ठंड से बचाने हेतु विशेष इंतज़ाम

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश सरकार के पशुपालन विभाग द्वारा प्रदेश के वृहद गो संरक्षण केंद्रों, गो आश्रय स्थलों कान्हा गौशालाओं में संरक्षित गौवंश को शीत ऋतु में ठंड से बचाने हेतु व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के संबंध में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश जारी किया गया है। पशुपालन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में 7560 गो आश्रय स्थलों में संरक्षित लगभग 12.36 लाख निराश्रित बेसहारा गोवंश को शीत लहर के प्रभाव से बचाव हेतु आश्रय स्थलों पर त्रिपाल, बोरे, पराली आदि की पर्याप्त व्यवस्था करते हुए शेडों को ढँकने तथा जूट के बोरों के झूल आदि का उपयोग करने के निर्देश दिए गए है। गो आश्रय स्थलों की साफ-सफाई, पानी, गोबर व गोमूत्र की निकासी की समुचित व्यवस्था तथा पराली, लकड़ी का बुरादा, गन्ने की खोई/बगास आदि से बिछावन की व्यवस्था कर उसे समय-समय पर बदलने के निर्देश दिए गए हैं।

# ग्रीन एनर्जी व सोलर पावर में उत्तर प्रदेश की अग्रणी भूमिका: शर्मा

- यूपी ट्रांसमिशन नेटवर्क देश के प्रमुख और भरोसेमंद नेटवर्क में शामिल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में ट्रांसमिशन सिस्टम के आधुनिकीकरण से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रदेश के विशाल एवं जटिल ट्रांसमिशन नेटवर्क को और अधिक बेहतर, कुशल, परिणामोन्मुख बनाना रहा। ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड आज देश की सबसे प्रमुख और भरोसेमंद ट्रांसमिशन यूटिलिटीज में से एक है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश लगातार कई वर्षों से देश का सर्वाधिक पीक लोड वाला राज्य रहा है और हाल ही में 31,486 मेगावाट की अधिकतम विद्युत मांग को सफलतापूर्वक संभालना प्रदेश के मजबूत ट्रांसमिशन नेटवर्क, बेहतर योजना और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है। कभी बीमारू राज्य कहलाने वाला उत्तर प्रदेश आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। विद्युत क्षेत्र में उत्पादन, ट्रांसमिशन और वितरण तीनों स्तरों पर ऐतिहासिक बदलाव हुए हैं। पिछले कुछ वर्षों में लगभग डेढ़ लाख ऐसे गांवों और बसावटों तक विद्युत पहुंचाई गई है, जहां पहले बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। ग्रीन एनर्जी और सोलर पावर के क्षेत्र में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। सोलर एनर्जी की क्षमता लगभग 130 गीगावाट तक पहुंच चुकी है, जिसमें उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण भागीदारी है। ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के विकास में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। प्रधानमंत्री द्वारा भारत को वर्ष 2070 तक नेट ज़ीरो के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए जो रोडमैप तैयार किया गया है, उसमें ट्रांसमिशन सिस्टम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय प्रगति के बावजूद अभी भी सुधार की पर्याप्त गुंजाइश है। विद्युत दुर्घटनाओं को पूरी तरह रोकने के लिए तकनीकी समाधान, आधुनिक उपकरणों का उपयोग तथा सुरक्षित कार्यप्रणाली पर इस कार्यशाला में गंभीर मंथन किया जाना चाहिए। साथ ही साइबर डेटा से जुड़ी चुनौतियों, साइबर सुरक्षा और ट्रांसमिशन सिस्टम को भविष्य के लिए और अधिक सुरक्षित व मजबूत बनाने पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।कार्यक्रम में ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नरेंद्र भूषण तथा चेयरमैन आशीष गोयल ने भी अपने संबोधन में विद्युत ट्रांसमिशन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, आधुनिक तथा विश्वसनीय बनाने पर जोर दिया। इस प्रकार की कार्यशालाएं अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।इस अवसर पर एमडी मयूर माहेश्वरी और पंकज कुमार, विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदेश भर से आए अधीक्षण अभियंता,अधिशाषी अभियंता आदि शामिल रहे। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सब स्टेशन पर देखा गया।

# लखनऊ के केजीएमयू रेडिएशन ऑकोलॉजी विभाग में 39वां फाउंडेशन डें मनाया गया




जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ जिले में स्थित किंग किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) लखनऊ के रेडिएशन ऑकोलॉजी विभाग में 39वां फाऊंडेशन डें मनाया गया। इस मौके पर किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ की मुख्य अतिथि वाइस चांसलर प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद डायरेक्टर कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट लखनऊ के मुख्य अतिथि एमएलबी भट्ट मुख्य अतिथि डॉक्टर बीके मिश्रा डिप्टी डायरेक्टर बनारस प्रोफेसर राजीव गुप्ता विभाग अध्यक्ष रेडिएशन ऑकोलॉजी केजीएमयू लखनऊ, इस मौके पर रेडिएशन विभाग के सभी वरिष्ठ प्रोफेसर उपस्थित रहे। वहीं प्रोफेसर कीर्ति श्रीवास्तव प्रोफेसर निर्मल कुमार पैन्यूली प्रोफेसर सीमा गुप्ता प्रोफेसर राजेंद्र कुमार प्रोफेसर सुधीर सिंह प्रोफेसर नवीन सिंह प्रोफेसर तीर्थराज वर्मा डॉक्टर श्रद्धा श्रीवास्तव डॉक्टर मृणालिनी वर्मा कुलपति सोनिया नित्यानंद एवं प्रोफेसर एमएलबी भट्ट एवं विभाग अध्यक्ष के द्वारा रेडिएशन ऑकोलॉजी के विभाग के कर्मचारियों अन्य को सम्मानित किया गया। वहीं संतोष कुमार वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, कुलपति द्वारा सभी कर्मचारियों को बधाई दी गई। इटौंजा दर्जनों डॉक्टर समेत विनोद कुमार कश्यप अन्य लोग मौजूद रहें।

# सिलेंडर विस्फोट से इमारत ध्वस्त: एक की मौत दूसरा गंभीर, कोल्ड-ड्रिंक गोदाम बना खंडहर

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के जामो थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात गैस सिलेंडर फटने से एक इमारत पलभर में मलबे में तब्दील हो गई। विस्फोट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना से इलाके में दहशत फैल गई। और रातभर लोग भयभीत रहे। सूत्रों के अनुसार हादसा भादर रोड स्थित शिवमग मार्केट के पास बने एक मकान में हुआ, जहां कोल्ड ड्रिंक का गोदाम संचालित किया जा रहा था। देर रात अचानक सिलेंडर फटा और तेज धमाके के साथ पूरी इमारत भर भराकर गिर गई। धमाका इतना जोरदार था, कि आसपास की दीवारों और खिड़कियों में भी कंपन महसूस किया गया। हादसे के वक्त दो लोग अंदर मौजूद थे, जो मलबे में दब गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। दोनों को निकालकर जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने दिनानाथ तिवारी 37वर्ष पुत्र रामानन्द तिवारी, निवासी बस्ती देई थाना गौरीगंज को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल बरलराम चंद्र पांडे 30 वर्ष पुत्र शुभाचंद्र पांडे की स्थिति नाजुक बनी हुई है। उसे बेहतर उपचार के लिए रेफर किया गया है।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं तथा पूरे क्षेत्र को सील कर जांच शुरू की।जामो थाना प्रभारी विनोद सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में गैस सिलेंडर फटने से इमारत गिरने की पुष्टि हुई है। पुलिस विस्फोटक पदार्थ अधिनियम सहित अन्य धाराओं में जांच कर रही है। अधिकारियों की मानें तो गोदाम में गैस सिलेंडर का स्टॉक व सुरक्षा मानकों में लापरवाही की आशंका है।रातभर जारी तलाशी अभियान में मलबे में किसी अन्य व्यक्ति के दबे होने की आशंका को ध्यान में रखते हुए खोज अभियान जारी रखा गया। पुलिस ने आसपास के व्यापारियों और गोदाम संचालकों को सुरक्षा नियमों का पालन करने की सख्त चेतावनी दी है। हादसे के बाद से क्षेत्र में शोक, आक्रोश और भय का माहौल है।

## रैन बसेरों में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो: जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने शीतलहर के दृष्टिगत शहर में नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत संचालित रैन बसेरों व अलाव केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं वहां पर उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने रैन बसेरों के निरीक्षण के दौरान वहां पर पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय आदि की जानकारी ली तथा रैन बसेरों में रहने वाले लोगों से भी उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थाएं संतोषजनकपाई गई। उन्होंने रैन बसेरों के संचालको को शीतलहर के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में बेड, कम्बल एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए द्य जिलाधिकारी ने कहा कि रैन बसेरे में अतिरिक्त कंबल तथा अलाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। साथ ही समस्त रैन बसेरों में समुचित साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

# पौने तीन लाख मतदाता लापता; 56 हजार मर गए, एस आई आर प्रक्रिया में खुलासा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



एसआईआर के तहत जिले में प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। करीब पौने तीन लाख मतदाता ऐसे हैं, जिनका पता नहीं चल पा रहा है। फिलहाल जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के बीएलए और बीएलओ को पुनः सूची से मिलान करने के निर्देश दिए हैं। जिले की चारों तहसीलों में कुल 14 लाख 36 हजार 528 मतदाताओं की जांच की गई। जिसमें से 2 लाख 74 हजार 948 मतदाता एएसडी यानी एब्सेंट, शिफ्टेड और डेथ की श्रेणी में पाए गए हैं। जिला प्रशासन के आंकड़ों की मानें तो एसआईआर के तहत जिले में 86 फीसदी से अधिक डाटा की मैपिंग पूरी हो चुकी है। सबसे अधिक संख्या उन मतदाताओं की सामने आई है जो जिले से स्थानांतरित हो चुके हैं। ऐसे एक लाख 22 हजार 411 मतदाता चिह्नित किए गए हैं। बीएलओ द्वारा कई बार सत्यापन के प्रयास के बावजूद ये अपने रजिस्टर्ड पते पर नहीं मिले हैं। इसके साथ ही 68 हजार 352 मतदाता ऐसे हैं,जो वोटर लिस्ट में दर्ज तो हैं, लेकिन रजिस्टर्ड पते पर नहीं मिल रहे हैं। इन मतदाताओं को लेकर अभी जांच जारी है। वहीं एसआईआर के दौरान 56 हजार 139 मतदाता मृतक के रूप में चिह्नित किए गए हैं। जिनके नाम मतदाता सूची से हटाए जाना लगभग तय माना जा रहा है।

# हिंदू महासभा का सम्मेलन संपन्न, मौनी महाराज ने दिया शांति, एकता और जागरूकता का संदेश

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




अमेठी के रामलीला मैदान में बुधवार को हिंदू महासभा का भव्य सम्मेलन आयोजित किया गया।जिसमें जिले और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित हुए।सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज को जागरूक बनाना, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करना,सामाजिक समरसता को मजबूत करना तथा राष्ट्रीय एकता के संदेश को आगे बढ़ाना बताया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सगराआश्रम के पीठाधीश्वर मनी महाराज ने की,जो सम्मेलन के मुख्य अतिथि भी रहे।उनके साथ मंच पर हिंदू महासभा के जिला स्तर के पदाधिकारी,जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि,जनप्रतिनिधि और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य मौजूद रहे।अपने संबोधन में मौनी महाराज ने कहा कि राष्ट्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए समाज को चिंतन और संयम की आवश्यकता है।उन्होंने युवाओं को जागरूक होने,सामाजिक भ्रमों से बचने और एकजुट रहकर राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं का प्रसार बढ़ रहा है,जिस कारण समाज में तनाव और विभाजन का खतरा गहराता दिख रहा है।महाराज ने लोगों को ऐसी प्रवृत्तियों से सावधान रहते हुए सत्यापन,समझदारी और संतुलन अपनाने की सलाह दी।उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी राष्ट्र की मजबूती उसके समाज के नैतिक मूल्यों,मानवीय संबंधों और पारस्परिक सद्भाव में निहित होती है।इसलिए आवश्यक है कि लोग धार्मिक पहचान को संघर्ष का माध्यम न बनाएं,बल्कि सेवा, सकारात्मक विचार और सहयोग के माध्यम से समाज में योगदान दें।बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि हिंदू समाज जागरूकता के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है।और सांस्कृतिक सुरक्षा तथा सामाजिक सहयोग ही आज की आवश्यकता है।कार्यक्रम शांतिपूर्वक और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।अंत में शांति,बंधुत्व और सामूहिक सहयोग का संकल्प लिया गया।

# बलरामपुर में हॉकी महाकुंभ का आयोजन कल से, सभी तैयारियां पूरी

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में होने वाले महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइज मनी हाकी टूर्नामेण्ट का शुभारंभ 19 दिसंबर को किया जाएगा । इस आयोजन की शुरुआत सन् 1938 में हुई थी । वर्तमान में इसे %बी% ग्रेड में उच्चीकृत करा दिया गया है तथा यह टूर्नामेण्ट आगामी 19 दिसम्बर, 2025 से प्रारम्भ होकर 23 दिसम्बर, 2025 तक चलेगा।

आयोजन सचिव डॉ राजीव रंजन ने 17 दिसंबर को प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि टूर्नामेण्ट की शुरूआत तत्कालीन महाराजा सर पाटेश्वरी प्रसाद सिंह ने अपने पिता महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह की स्मृति में सन् 1938 में किया था। जमीदारी उन्मूलन के पूर्व तक टूर्नामेण्ट बलरामपुर राज द्वारा संचालित किया जाता रहा। तत्पश्चात् इसके संचालन का दायित्व नगर के गणमान्य नागरिको ने सम्भाली और सन् 1968 तक इसका सफलतापूर्वक संचालन किया। इसके पश्चात् महाराजा सर पाटेश्वरी प्रसाद सिंह द्वारा स्थापित महारानी लाल कुंवरि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलरामपुर ने इसके आयोजन का दायित्व लिया । उन्होंने बताया कि अभी तक उस दायित्व का निर्वहन नगरवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। इस टूर्नामेण्ट में हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले अंतरराष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद, के0डी0 सिंह %बाबू व अशोक कुमार सहित दर्जनों ओलम्पिक खिलाड़ियों ने अपने खेल से गरिमा प्रदान की है। टूर्नामेण्ट के सचिव महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जनार्दन प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि घास के मैदान पर खेले जाने वाले टूर्नामेण्टों में देश में यह टूर्नामेण्ट विशेष स्थान रखता है। टूर्नामेण्ट सचिव प्रोफेसर पाण्डेय ने बताया कि टूर्नामेण्ट के सफल व व्यवस्थित संचालन हेतु तीन आयोजन सचिव डॉ0 आलोक शुक्ल, डॉ0 राजीव रंजन एवं डॉ0 बीएल गुप्ता नियुक्त किये गये है। टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी लेफ्टि0 (डॉ0) देवेन्द्र कुमार चौहान को दी गयी है। फील्ड की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है तथा अन्तिम रूप देने का कार्य प्रगति पर है ।टूर्नामेण्ट सचिव ने कहा कि नगरवासियों का हाकी के प्रति एक जुनून सा रहता है। बहुत से खिलाड़ियों तथा अम्पायरों ने स्वयं कहा है कि जैसा जुनून बलरामपुर में दिखता है अन्य कहीं नहीं मिलता। इसी का परिणाम है कि भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहते है। टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार रू0 75,000.00 तथा द्वितीय पुरस्कार रू0 51,000.00 प्रदान किया जा रहा है। आयोजन सचिव डॉ0 राजीव रंजन ने बताया कि गत वर्ष की विजेता मेलवरन सिंह, करमपुर, गाजीपुर तथा उपविजेता नागपुर हाकी एकेडमी, नागपुर सहित 14 टीमों की स्वीकृति प्रदान हो चुकी है। हाकी इण्डिया द्वारा टूर्नामेंट के सफल संचालन हेतु अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गयी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव कुमार वार्ष्णेय आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए सभी का सहयोग मांगा तथा आयोजन से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया । टूर्नामेंट में अश्वनी स्पोर्ट एकेडमी कर्नाटका, शाह हाकी अकादमी बहराइच, अवाडी पुलिस कमिश्नरेट अनाड़ी, टिहरी गढ़वाल हॉकी अकैडमी ऋषीकेश, स्टार एलेवन बलरामपुर, केनरा बैंक हेड ऑफिस बेंगलुरु, स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया हैदराबाद, एसएजी हॉकी अकादमी गुजरात, भुसावल रेलवे भुसावल, एचसी क्लब केरला, मेघबरन सिंह हॉकी अकादमी करमपुर गाज़ीपुर, चीफ पोस्टमास्टर जनरल कर्नाटक सर्कल कर्नाटका, विजय ग्रुप ऑफ़ हॉकी अकादमी प्रयागराज, नागपुर हॉकी एकेडमी नागपुर में हिस्सा लेंगी । वार्ता के दौरान मुख्य अतिथि कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय के अलावा कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय, आयोजन सचिव डॉ राजीव रंजन, डॉ आलोक शुक्ल, डॉ बी एल गुप्त मीडिया प्रभारी-लेफ्टिनेंट (डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान मुख्य प्रायोजक डॉ रेखा शर्मा विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान एलबीएस पीजी कॉलेज गोण्डा, डॉ अरविन्द शर्मा प्राणी विज्ञान एलबीएस गोण्डा डॉ मोहम्मद अकमल, डॉ शालिनी सिंह व श्रीनारायण सिंह मौजूद थे।

# प्रोजेक्ट संवर्धन के तहत आयोजित हुआ वीएचएसएनडी सत्र, डीएम ने लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद में महिलाओं एवं बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हेतु संचालित विशेष अंतर्विभागीय अभियान **प्रोजेक्ट संवर्धन** के तहत विकास खंड श्रीदत्तगंज की ग्राम पंचायत ढोवाडाबर स्थित पंचायत भवन में आयोजित वीएचएसएनडी सत्र का आयोजन किया गया। जिसका डीएम विपिन कुमार जैन ने निरीक्षण कर जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सत्र में उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का जायजा लेते हुए गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण, वजन-लंबाई माप, पोषण परामर्श तथा स्वास्थ्य जांच की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से संवाद कर स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं के लाभ के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि सभी पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित की जाएं।

जिलाधिकारी ने सत्र स्थल पर उपलब्ध दवाओं, टीकाकरण सामग्री, वजन मशीन, इन्फेंटोमीटर एवं अन्य आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता की जांच की और संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सत्रों के दौरान गर्भवती महिलाओं एवं 0-5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का टीकाकरण, वजन-लंबाई जांच, सैम एवं मैम बच्चों का चिन्हांकन कर आवश्यक उपचार एवं पोषण प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही कुपोषण की रोकथाम एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य में सुधार को लेकर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि कुपोषण की रोकथाम एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य में सुधार शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

जिलाधिकारी ने आशा, आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य कर्मियों से अपेक्षा की कि वे ग्राम स्तर पर सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक गर्भवती महिला एवं बच्चे तक सेवाएं पहुंचाएं तथा सैम एवं मैम बच्चों की पहचान कर समय से उपचार एवं पोषण प्रबंधन कराया जाए। कुपोषण की रोकथाम एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य में सुधार शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इस दिशा में प्रोजेक्ट संवर्धन एक महत्वपूर्ण पहल है।

## अवैध रूप से काटे गए वेशकीमती सागौन की लकड़ी को एसएसबी ने किया जब्त

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल 09 वीं बटालियन के सीमा चौकी खंगरा नाका द्वारा अवैध रूप से काटी गई वेशकीमती जंगली सागौन की लकड़ी बरामद कर जब्ती की कार्रवाई की है । जानकारी के अनुसार 09 वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल, बलरामपुर की आसूचना शाखा से प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर सीमा चौकी खंगरानाका के कार्यक्षेत्र अंतर्गत ग्राम संगीतपुर (सीमा स्तंभ संख्या-612 से लगभग 10 किलोमीटर दूरी पर, थाना-हर्रैया, जिला-बलरामपुर) में एक संयुक्त कार्रवाई संचालित किया गया। इस कार्मेरवाई में सशस्त्र सीमा बल की टीम एवं वन विभाग, बनकटवा रेंज की टीम ने सहभागिता की । संयुक्त अभियान के दौरान ग्राम संगीतपुर स्थित एक बगीचे से सागवान की 35 बोटा लकड़ी बरामद की गई। बरामद लकड़ी को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु वन विभाग, बनकटवा रेंज को विधिवत सुपुर्द किया गया ।

# बजाज चीनी मिल ने स्वच्छ एवं ताज़ा गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर की बजाज चीनी मिल, इटई मैदा, उतरौला द्वारा मिल में साफ-सुथरा, ताज़ा एवं जड़-पत्ती व अगोला रहित गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों को बुधवार को सम्मानित किया है । मिल के इस प्रयास से किसनों का उत्साहवर्धन होगा तथा चीनी उत्पादन में भी वृद्धि होगी ।

जानकारी के अनुसार 17 दिसंबर को यूपी ईस्ट के विजिट पर आई कंपनी अध्यक्ष कुशल बजाज के निजी सहायक साक्षी गिनोदिया (शुगर बिजनेस) ने ताज एवं स्वच्छ गन्ना आपूर्ति करने वाले चयनित किसानों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने किसानों को गुणवत्तापूर्ण गन्ना आपूर्ति बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। सम्मानित किसानों में ग्राम इमिलिया रज्जाक के राम शंकर तथा ग्राम पिपरा याकूब के राम चंदर शामिल रहे। इस अवसर पर इकाई प्रमुख श्याम सिंह, गन्ना प्रबंधक डॉ. आर पी शाही, इंजीनियरिंग हेड डी.पी.एस. यादव, प्रोडक्शन हेड राघवेंद्र श्रीवास्तव, एचआर हेड बृजेश चंद मंडल, कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन हेड केपी सिंह सहित गन्ना विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। चीनी मिल इकाई प्रमुख श्याम सिंह ने कहा कि इस प्रकार की पहल से किसानों में स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण गन्ना आपूर्ति के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, जिससे मिल की कार्यक्षमता और किसानों की आय दोनों में वृद्धि होगी।

# भागवत और संत के चरण ही कलयुग में मोक्ष प्रदायक हैं: गोविंद भाई

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



स्थानीय रिफार्म फॉर्म क्लब परिसर में आयोजित आध्यात्मिक अनुष्ठान 'सुनिए कथा रघुनाथ की' के चौथे दिन रामकथा प्रवाचक गोविंद भाई ने भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं का अत्यंत सरस एवं भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम की बाल लीलाओं से माता कौशल्या, भगवान भोलेनाथ और काकभुसुंडी तक आनंदित हुए। जिन जीवात्माओं को प्रभु श्रीराम के साक्षात दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होता है, वे अत्यंत पुण्यशाली होती हैं, क्योंकि ऐसे दर्शन जन्म-जन्मांतर के पुण्यों के फलस्वरूप ही संभव होते हैं।

गोविंद भाई ने कहा कि जीवन में प्रत्येक मनुष्य को दो चरणों की कृपा प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। पहला भगवंत के चरण और दूसरा संतों के चरण। भगवंत के चरणों में समर्पित जीवन आवागमन से मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त करता है, जबकि संतों की चरण-शरण में रहने वाला व्यक्ति भगवंत की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि संसार में प्रत्येक मनुष्य को भगवान राम की तरह माता-पिता और गुरु की आज्ञा का पालन करना चाहिए। कलियुग में माता-पिता और गुरु ही साक्षात ईश्वर के स्वरूप हैं और वही हमारे सच्चे मार्गदर्शक हैं। माता-पिता के आशीर्वाद, उनकी शिक्षाओं और उनके मार्गदर्शन से ही जीवन उत्कृष्टता को प्राप्त करता है। इस अवसर पर आनंद पांडे (पूरनपुर), शैलेंद्र अग्निहोत्री, गौरव मिश्रा, दीपू सिंह, शेखर शुक्ला, विवेक मिश्रा पल्लू, राजन दीक्षित, अभिषेक उपाध्याय, रोहित त्रिपाठी, कमलेश पांडे, राकेश तिवारी, योगेंद्र दीक्षित, हिमांशु वाजपेई सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## वर्ष 2025-26 में आरेडिका का महत्वपूर्ण योगदान

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका), रायबरेली ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 15 दिसंबर 2025 को आरेडिका में 15,000वें रेलवे कोच का सफलतापूर्वक निर्माण किया गया। वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक आरेडिका द्वारा कुल 1,310 कोचों का निर्माण किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना वर्ष 2011 से कोच निर्माण का कार्य कर रहा है, लेकिन वर्ष 2014 के बाद उत्पादन को वास्तविक गति मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई 'मेक इन इंडिया' योजना ने आरेडिका के कोच उत्पादन को नई दिशा दी, जिससे स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा मिला और उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। आरेडिका, रेल मंत्रालय के अंतर्गत स्थापित एक अपेक्षाकृत नई उत्पादन इकाई है, जिसने अल्प समय में यह महत्वपूर्ण मुकाम हासिल कर लिया है। यह उपलब्धि टीम आरेडिका के अधिकारियों, कर्मचारियों और संविदा कर्मियों की कड़ी मेहनत, प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। अब तक निर्मित 15,000 कोचों में 7,000 वातानुकूलित (एसी) और 8,000 गैर-वातानुकूलित (नॉन-एसी) कोच शामिल हैं।

# खेल से तन और मन स्वस्थ रहते हैं, खेल जीवन में एकता और अखंडता का प्रतीक है: पूजा प्रताप सिंह

**जन एक्सप्रेस । लालगंज, रायबरेली**




खेल से तन और मन स्वस्थ रहते हैं, खेल जीवन मे एकता और अखंडता का प्रतीक हैं डाश रिज़वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुख्यतिथि समाज सेविका पूजा प्रताप सिंह नें अपने उद्बोधन मे बच्चों से कहीं। दूसरे दिन की प्रतियोगिता मे प्ले ग्रुप से कक्षा दो के बच्चों की प्रतियोगिता के साथ इंटर क्लब ताइक्कांडो प्रतियोगिता कराई गई ताइक्कांडो प्रतियोगिता मे जिले के 180 खिलाड़ियों नें प्रतिभाग किया।

पीजी के बच्चों की प्रतियोगिता मे कुर्सी दौड़ मे मोहम्मद अबान प्रथम, मोहम्मद आरिज द्वितीय राबिया बनो तृतीय स्थान पर रहें, कोन दौड़ पीजी बालक वर्ग मे हसनैन प्रथम मोहम्मद अरहान द्वितीय तथा अंश तृतीय रहें बालिका वर्ग मे हुमेरा, अल्वी फातिमा, प्रज्ञा प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहें 50 मीटर बालिका दौड़ पीजी मे मे हुमेरा प्रथम जुनैरा द्वितीय आरफा तृतीय रहें तथा बालक वर्ग मे हसनैन प्रथम मोहम्मद आरिज तथा मोहम्मद अबान तृतीय रहें 50 मीटर एलकेजी और यूकेजी बालक मे जीशान प्रथम मोहम्मद हस्सान द्वितीय मोहम्मद आबिस तृतीय रहे। 100 मीटर दौड़ मे अमन प्रथम मोहम्मद जुहैब द्वितीय रेहान तृतीय स्थान पर रहें वही बालिका वर्ग मे अनन्या प्रथम राशिका द्वितीय तथा आयत तृतीय रही। 200 मीटर रेस मे बालक मोहम्मद जीशान प्रथम मोहम्मद जफ़र द्वितीय मोहम्मद दानिश तृतीय रहें बालिका वर्ग मे अदीबा बनो प्रथम अलिसा बनो द्वितीय कैफिया तृतीय रही। वही ताइक्कांडो की प्रतियोगिता मे नवव्या, तान्या, आराध्या, आराध्या पटेल, अयाना, महिमा, जी सोनाली, अनोखी दिव्यांसी, आरोही, रेयान शर्मा प्रथम स्थान पर तथा पीहू कुमारी, रक्षिका, आयरा गुप्ता आरुसी महिनूर, सुस्मिता, प्राची पल्लवी नेहा, अवनी, निरंजन द्वितीय तथा वैष्णवी, आयुसी, दीपिका, प्रति, माही यादव तृतीय रही। निर्णायको मे उत्तर प्रदेश पुलिस के एन आई एस कोच सुनील कुमार, डिम्पी तिवारी, मुकेश कुमार, अब्दुल्ला खान, चन्दर, पूनम यादव, सलमान खान, अंशिका यादव जीतेन्द्र प्रजापति, रत्नेश, अकरम नें प्रतियोगिता संपन्न कराई।

## डीएम की अध्यक्षता में पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में पी0एम0 जवाहर नवोदय विद्यालय रायबरेली में बहुप्रतिक्षित, विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्राचार्य डॉ एस0पी0त्रिपाठी द्वारा प्रबंध समिति को विभिन्न बिन्दुओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया, जिसमें विद्यालय में टूटी हुई सड़कों के निर्माण के संबंध में, ओवर हेड के विषय में, नव निर्मित छात्रावास की चहारदीवारी, बिजली के तारों के नवीनीकरण, छात्रावास में आरो मेगा प्लान्ट, 65 केवीए जेनसेट उपलब्ध कराने के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा विद्यालय परिसर से बाहर की विद्यालय के जमीन पर अतिक्रमण को हटाने, विद्यालय परिसर में बने क्षतिग्रस्त स्टेडियम की मरम्मत करवाने का आश्वासन दिया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। छात्रों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छात्रों द्वारा ताइक्काडों की प्रस्तुतीकरण की गयी एवं छात्रों ने अपने द्वारा बनाई गई पेंटिंग को डीएम को प्रदान किया गया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत सभी कार्यक्रमों की सराहना की गयी।



# बिठूर में परिजनों ने शव रखकर किया हंगामा

## यातायात रहा बाधित घंटो चला बवाल विधायक आवास के पास रखा शव





जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिठूर। बिठूर थाना क्षेत्र के नाना राव पेशवा पार्क के पास मंगलवार देर रात बाइक सवार युवक की सड़क किनारे रखें ईट से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई थी। टक्कर होने के बाद युवक उछलकर ईंट के चट्टे के ऊपर गिर गया था। इसके बाद उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना का सीसीटीवी भी वायरल हो गया, घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने बुधवार सुबह शव थाने के पास सड़क पर रखकर जाम लगा दिया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा काट रहे परिजनों को समझाने का प्रयास किया तो वह पुलिस से भी भिड़ गए और थाने के पास शव रखकर हंगामा काटने का प्रयास किया घंटो पुलिस के समझाने के बाद वह शव बिठूर घाट लेकर गए और अंतिम संस्कार किया।बिठूर के बिहारीगंज मोहम्मदपुर निवासी 18 वर्षीय आदित्य गोस्वामी (18) अपने दोस्त सोमदेव प्रजापति और समय गोस्वामी के साथ एक टाबे पर चाय पीने गया था, चाय पीने के बाद आदित्य ने सोमदेव की बाइक चलाने के लिए उससे बाइक की चाबी ले ली, आदित्य बाइक लेकर चुंगी चौराहे की तरफ जा रहा था, तभी नाना राव पेशवा स्मारक पार्क के पास निर्माण के लिए रखी ईट से वह टकरा गया,हेलमेट न लगाए होने की वजह से सिर फट गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना वहाँ लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, घटना की जानकारी परिजनों को मिली तो वह मौके पर पहुँचे और हंगामा काटा जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया, बुधवार सुबह मृतक के परिजन बिठूर विधायक अभिजीत सांगा के कार्यालय पहुँचे और कार्रवाई सहित मुआवजे की मांग की जिसके बाद विधायक ने कार्रवाई कराने और मुख्यमंत्री राहतकोष से मुआवजा दिलाने की बात कही मगर उसके बाद भी परिजन नहीं माने और शव लाकर बिठूर थाने के पास सड़क पर रख हंगामा काटना शुरू कर दिया, शव सड़क पर रख देने से दोनों को का कई घंटे तक यातायात भी बाधित हो गया इस दौरान थाना प्रभारी ने उन्हें समझाने का प्रयास किया मगर वह दस लाख रूपये मुआवजा और कार्रवाई की मांग को लेकर घंटो हगामा करते रहे, जिसके बाद कुछ अन्य लोगो के समझाने पर वह शव लेकर जाने लगे और विधायक आवास के सामने फिर शव रखने लगे जिसपर पुलिस के दोबारा झड़प हुई करीब दो मिनट बाद फिर से शव को वहाँ उठाकर बिठूर घाट अंतिम संस्कार के लिये ले गए, वहीं बिठूर थाना प्रभारी प्रेम नारायण विश्वकर्मा ने बताया किशव को सड़क पर रखकर परिजनों ने दस लाख रूपये मुआवजे की मांग कर हंगामा किया था, परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है हंगामा कर रहे लोगों की वीडियोग्राफी कराई गई है आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## जमीन विवाद में खूनी संघर्ष, महिलाओं को भी मिली जान से मारने की धमकी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

थाना अरौल क्षेत्र के सरैयादस्तम खाँ गांव में जमीन विवाद को लेकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता सालिया पुत्री शरीफ खाँ ने थाना प्रभारी अरौल जनार्दन सिंह यादव को दी तहरीर में बताया कि 13 दिसंबर की रात मस्जिद के पास यह घटना हुई।तहरीर के अनुसार, पीड़िता के पिता शरीफ खाँ, मां और भाई सोहल नवाज आपस में जमीन में बने गड्ढे को भरने की बात कर रहे थे, तभी भोले खाँ, रहीस खाँ, अनीश खाँ, आरिफ, गुलजार, सद्दाम, मुन्ना, रीहान और पन्नू मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

आरोप है कि आरोपियों ने धमकी दी कि यदि बिना उनकी अनुमति गड्ढा भरा गया तो पूरे परिवार को जान से मार दिया जाएगा।पीड़िता ने आरोप लगाया कि शनि उर्फ गुलजार और पन्नू ने उसे भी जान से मारने की धमकी दी,

जिससे पूरे परिवार में भय और तनाव का माहौल बन गया।

पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी के अनुसार मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मिडवे ढाबा जैसी इमारतें सरकारी आदेशों को दिखा रही ठेंगा

- हरित पट्टी में खड़ी दर्जनों इमारतें और हो रही प्लॉटिंग, सिटी मजिस्ट्रेट की कार्यशैली पर सवाल

जन एक्सप्रेस। सीतापुर




### क्या बोले नगर मजिस्ट्रेट

जब उक्त प्रकरण में नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानन्द तिवारी से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि शिकायत हुई है तो कुछ न कुछ कार्यवाही भी हुई होगी या फिर निर्माणकर्ता को नोटिस जारी की गई होगी अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब शिकायत के बाद कुछ न कुछ कार्यवाही की गई है तो फिर मिडवे ढाबे का निर्माण कार्य लगातार क्यो जारी है।

जनपद में भूमाफियाओं द्वारा विनियमित क्षेत्र को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। सरकार द्वारा जारी स्पष्ट आदेशों के बावजूद हरित पट्टी की भूमि पर धड़ल्ले से निर्माण और प्लाटिंग की जा रही है, जिससे प्रशासनिक उदासीनता खुलकर सामने आ रही है। सरकारी आदेशों के अनुसार वैदेही वाटिका से लेकर खैराबाद टोल के आगे बाराभारी नहर तक, राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-30 और रेलवे लाइन के मध्य की भूमि को हरित पट्टी (ग्रीन बेल्ट) के लिए आरक्षित किया गया है। नियमों के तहत इस भूमि पर न तो किसी प्रकार का निर्माण किया जा सकता है और न ही प्लाटिंग की अनुमति है। इसके बावजूद कुछ भूमाफियाओं और रसूखदारों ने जिम्मेदार अधिकारियों से मिलीभगत कर हरित पट्टी की भूमि पर बड़ी-बड़ी व्यावसायिक इमारतें खड़ी कर दी हैं। बुधराम टीवीएस एजेंसी, एमबी बजाज एजेंसी, रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल एजेंसी सहित सैकड़ों इमारतें प्रशासन की निष्क्रियता की गवाही दे रही हैं। इस मामले में किसान संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन अधिकारियों ने केवल कागजी खानापूर्ति कर मामलों को रफा-दफा कर दिया। इसी क्रम में जम्मैयतपुर में एनएच-30 के समीप मिडवे नामक ढाबे का कई महीनों से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। भारतीय किसान मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील राजवंशी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मिडवे ढाबे के विरुद्ध शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। वहीं राघवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा आईजीआरएस के माध्यम से की गई शिकायत पर जांच करने पहुंचे लेखपाल भुवनेश श्रीवास्तव ने अपनी आख्या में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया कि मिडवे ढाबा का निर्माण विनियमित क्षेत्र में कराया जा रहा है। इसके बावजूद आज तक निर्माण पर रोक या ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं हो सकी है।पूरे प्रकरण से यह स्पष्ट होता है कि प्रभावशाली लोगों से मिलीभगत कर हरित पट्टी की भूमि पर अवैध निर्माण कराए जा रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं।

# शिवराजपुर में आशा बहुओं का आंदोलन तेज, सपा का खुला समर्थन

- करोड़ों के बकाया भुगतान व मानदेय वृद्धि की मांग, जिला मुख्यालय तक आंदोलन की चेतावनी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



शिवराजपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर लंबित भुगतान और मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर आशा बहुओं का धरना लगातार उग्र होता जा रहा है। बुधवार को समाजवादी पार्टी के समर्थन के बाद आंदोलन को नया बल मिला है, जिससे प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। धरना स्थल पर समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव एवं बिल्हौर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह गौतम पहुँची। उन्होंने आशा बहुओं की मांगों को पूरी तरह जायज बताते हुए कहा कि सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की असली रीढ़ आशा कार्यकर्ता हैं, लेकिन सरकार उन्हें उनके हक से वंचित कर रही है। सपा नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

200 करोड़ से अधिक का भुगतान लंबित, धरनारत आशा बहुओं ने बताया कि उन्होंने कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए प्रदेशभर में स्वास्थ्य योजनाओं को सफल बनाया, लेकिन उनका पारिश्रमिक महीनों से अटका हुआ है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार–आयुष्मान गोल्डन कार्ड= प्रदेश में 5.38 करोड़ कार्ड बनाए गए, प्रति कार्ड 15 रुपये के हिसाब से लगभग 80.70 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित।आभा (क्ष्ण) आईडी= करीब 12.45 करोड़ आईडी बनाई गईं, 10 रुपये प्रति आईडी के अनुसार लगभग 125.50 करोड़ रुपये का भुगतान अब तक नहीं हुआ। इन दोनों मदों को मिलाकर शासन स्तर पर 200 करोड़ रुपये से अधिक की राशि बकाया बताई जा रही है, जिससे आशा कार्यकर्ताओं के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

लिखित आश्वासन तक नहीं हटेंगी आशा बहुएं ,आशा संगठन की जिलाध्यक्ष आशा कुशवाह और सचिव रेखा देवी ने दो टूक कहा कि जब तक सरकार की ओर से लिखित आश्वासन नहीं मिलता, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने मांग की मार्च 2025 से अब तक की सभी लंबित प्रोत्साहन राशियों का एकमुश्त भुगतान किया जाए।आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी का बकाया पारिश्रमिक तत्काल खातों में भेजा जाए। आशा बहुओं के मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि की जाए। धरनारत आशा बहुओं ने कहा, हम दिन-रात मेहनत कर सरकारी योजनाओं को सफल बनाते हैं, लेकिन हमारे हक की बात आते ही सरकार मौन हो जाती है। अब यह लड़ाई निर्णायक होगी।

जिला मुख्यालय तक आंदोलन ले जाने की चेतावनी, सपा नेताओं ने चेताया कि यदि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने शीघ्र सकारात्मक कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन को तहसील स्तर से बढ़ाकर जिला मुख्यालय तक ले जाया जाएगा।

# ज्वेलर्स की दुकान में शातिर का चोरी करते फुटेज हुआ वायरल



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

रावतपुर ज्वेलर्स की दुकान में एक शातिर चोर का चोरी करते हुए सीसीटीवी फुटेज़ वायरल हो गया,दुकनदार ने ज़ब फुटेज़ देखा तो उसके होश उड़ गए, दुकनदार ने 112 नंबर डायल कर घटना की सूचना पुलिस को दी, सूचना पर पहुंची पुलिस फुटेज के आधार पर शातिर की तलाश में जुट गई है।

रावतपुर थाना क्षेत्र के बकरमंडी निवासी प्रमोद कुमार मिश्रा की मस्जिद के नीचे संध्या ज्वेलर्स के नाम से दुकान है, मंगलवार देर शाम करीब एक युवक ग्राहक बनकर आया, और बिछिया दिखाने की बात कही, दुकनदार ने कई डिजाइन में करीब आठ से दस जोड़ी बिछिया दिखाई, तभी युवक ने बिछिया देखते समय एक एक कर बिछिया के दो सेड अपनी ऊपर के जेब में डाल लिया और कुछ देर बाद वहाँ से बिछिया पसंद ना आने की बात कहकर वहाँ से चला गया, युवक के जाने के बाद ज़ब उसने बिछिया बॉक्स में रखने लगा तो दो जोड़ी बिछिया कम निकली जिसके बाद दुकनदार ने कैमरा देखा तो उसमे सारी घटना कैद मिली सीसीटीवी फुटेज़ में साफ देखा जा सकता है की शातिर पहले बिछिया उठाकर देखता है फिर दुकनदार की पलक छपकते ही दो जोड़ी बिछिया जिनकी क़ीमत लगभग 6 हजार रूपये है जेब में डाल लेता है और बाद में बिछिया पसंद ना आने की बात कहकर दुकान से चला जाता है, युवक के जाते ही ज़ब वह बिछिया बॉक्स में रखता है और दो जोड़ी बिछिया कम निकलती है तो वह सीसीटीवी चेक करता है,तो घटना कैद मिलती है, पीड़ित ने 112 नंबर डायल कर घटना की जानकारी पुलिस को दी, सूचना मिलते रावतपुर थाने का फ़ोर्स मौके पर पहुंचा और फुटेज़ के आधार पर शातिर की तलाश में जुट गई है, कोई रावतपुर थाना प्रभारी मनोज मिश्रा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर शातिर की तलाश शुरू कर दी गई है।

## समाज सेवी ने सर्दी से ठिठुरते लोगो में बांटी रजाई

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

**सिधौली।** ऑल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम के तत्वावधान में मौलवी फारूक अहमद के नेतृत्व में कस्बे के एक निजी लॉन में ठिठुरन भरी ठंड से राहत पहुंचाने हेतु सराहनीय समाजसेवी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों वृद्ध, गरीब, निरीह, मजदूर, निराश्रित व जरूरतमंद महिलाओं-पुरुषों को सैकड़ों रजाइयां वितरित की गईं। मुख्य अतिथि डॉ. उमंग खन्ना के स्वागत के उपरांत मौलाना अबुल कासिम, मौलाना तारिक एवं मौलवी फारूक अहमद द्वारा नगर के समाजसेवी व सभासद दिग्विजय शुक्लाष्मुन्ननष् चांद बाबू रस्तोगी एवं इकराम को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मनोज, अब्दुल अजीज, सुरेंद्र सैनी, सुधीर, रिजवान, इजहार, रामजी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 300 रजाइयों का वितरण किया गया, जिससे जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी और राहत साफ नजर आई।

# आवारा पशुओं से हुई अप्रिय घटना तो अधिकारी की तय होगी जवाबदेही

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

सड़कों पर कोई आवारा पशु न घूमें, इसके लिये अभियान चलाकर आवारा पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित किया जाये। यदि आवारा पशुओं से कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। यह बात जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को करते हुए कहा कि यदि किसी पशु की मृत्यु गौशाला में हो जाती है तो उसका निस्तारण मानक के अनुरूप किया जाये, ऐसा न करने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिये कि गौशालाओं में गौवंशों को ठण्ड से बचाने हेतु अलाव, तिरपाल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। सभी संबंधित अधिकारी गौशालाओं में ठण्ड से बचाव के उपायों की जानकारी हेतु रात्रि के समय भ्रमण अवश्य करें। उन्होंने निर्देशित किया कि कोई भी व्यक्ति बाहर खुले में सोता हुआ न पाया जाये। यदि कोई व्यक्ति बाहर सोता हुआ पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी को निर्देश दिए गौशालाओं से सम्बन्धित सभी मांग पत्र समय से प्रेषित किए जाएं एवं भुगतान समय से कराया जाना सुनिश्चित करें। केयर टेकर का समय से भुगतान कराया जाये तथा कोई भी पत्रावली किसी भी स्तर से लम्बित न रखी जाये। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने क्षेत्र की एक वृहद गौशाला एवं तीन अन्य गौशालाओं को चिन्हित करते हुये उनमें नवाचार किये जाने संबंधी कार्य योजना प्रेषित करें। गौशालाओं में हरे चारे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु चरागाह भूमियां चिन्हित करते हुये उनमें चारा उत्पादन कराया जाये। गौशालाओं में गाय स्वस्थ रहें, इसके लिये पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नजूल भूमि फर्जीवाड़े की जवाबदेही से दूर भाग रहा नपाप सीतापुर व विनियमित क्षेत्र

- सम्पत्ति विभाग के लिपिक बोले विनियमित क्षेत्र जाने जेई विनियमित क्षेत्र बोले असल जवाबदेही नपाप की

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

जिस तरह से प्रशासन का पीला पंजा नगर में अतिक्रमण हटाने के नाम पर कार्यवाही कर रहा है और जिम्मेदार विभाग अपनी अपनी जवाब देही एक दूसरे विभाग पर डालकर अपनी अपनी जवाब देही से बच रहे है इससे क्या वह नजूल विभाग के फर्जीवाड़े पचा ले जा पायेगे। नगर नालिका के सम्पत्ति विभाग के राकेश मिश्रा से जब बात की गई तो उन्होने बताया कि अभी स्थाई अतिक्रमण हटाया जा रहा है। जिन लोगो ने नाली और नालों पर कब्जा किया है उन कब्जो को हटवाकर यातायात व्यवस्था को ठीक किया जा रहा है। जब उनसे नजूल और नाले की जमीनों पर बने अवैध भवनों के बारे में पूछा गया तो बताया कि इस मामले पर विचार चल रहा है बाद में कार्यवाही की जायेगी। जब सम्पत्ति विभाग के राकेश मिश्रा से पूछा गया कि राजाकालेज मैदान के सामने स्पर्श हास्पिटल से लेकर लालबाग और ग्रीकगंज ऐरिया में जितने भी प्रतिष्ठान बने है उनमें से आधे से ज्यादा लोगो के पास व्यसासियक भवन में पार्किग नही है और उनका कारोबार चल रहा है इसके अलावा स्पर्श हास्पिटल तो नाले और नजूल की जमीन पर बना है इसके बार मे क्या कार्यवाही की जा रही है तो श्री मिश्रा ने जवाब दिया कि नाले नाली पर व्यवसायिक भवन बना है और पार्किग नही है तो नक्शा पास कैसे हुआ इस कारण इसकी जवाब देही विनियमित क्षेत्र की है। इस कारण आप अपना सवाल लेकर विनियमित क्षेत्र जाइये जब इस संवाददाता ने विनियमित क्षेत्र के जेई एम के मिश्रा ने बात की तो उन्होने कहा कि अतिक्रमण नगर पालिका हटा रहा है। नजूल विभाग नगर पालिका के अण्डर में आता है इस कारण पूरी जवाब देही नगर पालिका है। आप नगर पालिका ही जाइये। वही से आपको जवाब मिलेगा। इस तरह से विभागों में इस समय ठनी चल रही है जवाब देही से बचने के लिये दोनो विभाग एक दूसरे के विभाग के पाले में गेंद फेंक रहे है। नगर पालिका परिषद सीतापुर के नजूल विभाग के अफसर तो फोन ही नही उठाते है शायद उनका सोचना है कि अगर वह फोन नही उठायेगे तो अपनी जिम्मेदारियों से बच जायेगे। क्योकि दोनो विभागों ने मिलकर नगर की नजूल भूमि और की जमीनों पर कब्जा करवा दिया है। नगर पालिका परिषद सीतापुर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नजूल नाले की जमीन का फर्जीवाड़ा हुआ है। अब शासन इस अवैध कब्जेदारी को लेकर सख्त हो गया है लगातार शासन अवैध बाजार की बाजार को ध्वस्त करवा रहा है जैसा बरेली से सामने आ रहा है बरेली से भी स्थित सीतापुर और खैराबाद नगर पालिका क्षेत्र की खराब है।

# मुड़ाकला में प्रधान व सचिव की मिलीभगत से ग्राम निधि में खुली लूट

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

जनपद की ग्राम पंचायत मुड़ाकला में ग्राम निधि के दुरुपयोग का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि ग्राम प्रधान ने पंचायत सचिव से सांठगांठ कर सरकारी धन की खुली लूट की है। शासनादेशों को ताक पर रखकर ग्राम निधि से नियमविरुद्ध भुगतान किए गए।सूत्रों के अनुसार पंचायत सचिव ने स्वयं ग्राम प्रधान के नाम परवित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में लाखों रुपये का भुगतान निकाल दिया, जो सीधे तौर पर शासनादेश की धज्जियां उड़ाने जैसा है। नियमों के अनुसार ग्राम प्रधान के नाम पर इस प्रकार का भुगतान पूरी तरह प्रतिबंधित है, इसके बावजूद सचिव द्वारा जानबूझकर यह वित्तीय अनियमितता की गई।बताया जा रहा है कि विकास कार्यों के नाम पर भुगतान दर्शाया गया, जबकि अधिकांश कार्य या तो अधूरे हैं या फिर कागजों में ही पूरे कर दिए गए। फर्जी बिल, वाउचर और कार्य आईडी के सहारे ग्राम निधि से धनराशि निकाल कर बंदरबांट किया गया।ग्रामीणों का आरोप है कि यह सब बिना ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की मिलीभगत या लापरवाही के संभव नहीं है। लगातार तीन वित्तीय वर्षों तक नियमविरुद्ध भुगतान होना निगरानी व्यवस्था की विफलता को भी उजागर करता है। विकास खण्ड ऐलिया में जिम्मेदारों की निगरानी में सचिव लगातार भ्रष्टाचार कर ग्राम निधि से लूट कर रहे है, सचिवो के द्वारा प्रधानों से मिलीभगत कर बिना कार्य के ही कागजो पर विकास की गंगा बहाई जा रही है, जिससे सरकार द्वारा भेजी जा रही विकास कार्यो की रकम को सचिव व प्रधान अपने निजी हित में इस्तेमाल कर रहे है व ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित रह जाए रहे है।

### बॉक्स विकास खण्ड ऐलिया में सचिवो का फर्जीवाडा जारी

बताते चले कि विकास खण्ड की ग्राम पंचायत हरनी में सचिव ने अभी हाल में किए गए भुगतानों में जारी आदेशो की धज्जिया उड़ा दी है जिसमे सचिव के द्वारा गलत कार्य आईडी पर भुगतान किए गए है उदाहरण के तौर पर दिनाक 06.12.2025 को मानदेय की आईडी पर हैण्डपम्प मरम्मत के नाम पर 16650 रूपये, खंडजा मरम्मत के नाम पर 19845 रूपये व हैण्डपम्प रिबोर के नाम पर 64360 रूपये का भुगतान किया है

वही ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस कार्यक्रम की कार्य आईडी पर प्रधान के मानदेय का भुगतान किया गया है, इस तरह से विकास की अधिकतर ग्राम पंचायतों में सचिवो के द्वारा फर्जीवाड़ा कर सरकारी धन की लूट की जा रही है।

# चित्रांश प्रेम बिहारी नारायण रायजादा की जयंती पर पुष्पांजलि एवं विचार गोष्ठी कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा कानपुर महानगर में बीते दिन होटल गोविंद रॉयल पी रोड में भारतीय संविधान की मूल प्रति को अपने हाथों से लिखने वाले कायस्थ समाज कुलश्रेष्ठ स्वर्गीय चित्रांश प्रेम बिहारी नारायण राय जादा की जयंती पर पुष्पांजलि एवं विचार गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रेम बिहारी नारायण जिनका जन्म 17 दिसंबर 1901 को हुआ था उनकी जन्म जयंती पर उन्हें शत-शत नमन एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करती। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के कानपुर के जिला अध्यक्ष चित्रांश रिपुसूदन स्वर्गीय प्रेम बिहारी नारायण के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई है उसके बाद आए हुए सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गणों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया है।

प्रेम बिहारी नारायण एक प्रसिद्ध भारतीय सुलेखा थे जिन्होंने भारत के मूल संविधान को अपने हाथों में इटैलिक शैली में लिखा था तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के अनुरोध पर उन्होंने संविधान लिखने के लिए कोई फीस नहीं ली थी बल्कि यह शर्त रखी थी कि संविधान के हर पढ़ने पर उनका नाम और आखिरी पन्ने पर अपने दादा राम प्रसाद सक्सेना का नाम लिखा जाए जिससे मान लिया गया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मीडिया प्रभारी चित्रांशी, दीपिका श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव जिला महामंत्री हेमेंद्र श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव संगठन मंत्री हर्षवर्धन माथुर प्रमोद कुमार निगम अजय सक्सेना अंजनी कुमार राहुल निगम मंजू श्रीवास्तव लवली सक्सेना लवलेश निगम अभिमन्यु सक्सेना सुरेंद्र सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

# अराजकता का माहौल पैदा करने में जुटे सटोरी किंग

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

### सट्टेबाजी की दुनिया में छा गया दो भाईयों का नाम

सटोरियों द्वारा अराजकता का माहौल पैदा करने की कोशिश की जा रही है। नये नये सटटे के अडडे खुलने की चर्चाएं लगातार तेजी के साथ फैलती जा रही है। दो सगे भाइयों ने भी सटटबाजी की दुनिया में कदम रख दिया है जिसमें एक युवक तो अभी हाल में गैर प्रान्त की जेल छूट कर सीतापुर आया है और सटटेबाजी की दुनिया में रमने लगा है। नया सटोरी तो रमने लगा है लेकिन पुलिस अधिकारियों द्वारा इस नये चेहरे को रोकने का प्रयास नही किया जा रहा है। जहां जहां सटोरियो को पर सियासत की छाया पड़ गई है वहा पर सटटा दिन दूरी रात चैगुनी गति से अपने पैर पसार रहा है। इसी तरह का सटटा मुंशीगंज में फल फूल रहा है। पुलिस हाल ही में पुलिस ने अंगडाई ली थी और सटोरियों की हवा निकाल दी थी लेकिन मुंशीगंज सटटे तक पुलिस नही पहुंच सकी। इसके बारे में बताया जा रहा है कि यह सटोरी किगो का का किंग है और इस सटोरी के सटटे पर सियायत का साया रहता है इस कारण इस पर पुलिस अफसर भी हाथ नही डाल रहे है यहां से जो ऑफर भिजवा दिया जाता है अफसर उसे स्वीकार कर लेते है इस प्रकार की चर्चाएं की जा रही है। नया सटटो नगर की रेड लाइट ऐरिया में खुल गया है। आलमन नगर का ऐरिया तामसेनगंज पुलिस चैकी क्षेत्र में आता है। यहां भी सटटे का काम होने लगा है तो लालबाग चैराहे पर एक स्थान ऐसा है जहां पर हर सटोरी आता है और एक दूसरे से बात कर रणनीति भी बनाते कभी कभी तो मारपीट तक हो जाती है। तामसनेगंज पुलिस चैकी के कुछ सिपाही ऐसी ही कई वारदातों के चश्मदीत गवाह है जिसमें कुछ चश्मदीत गवाहों का तबादला हो चुका है इस प्रकार की चर्चाएं की जा रही है। ट्रान्सपोर्ट का सटटा तो मशहूर थ ही उसके बाद मुंशीगंज रोडवेज पुलिस चैकी क्षेत्र के ऐसे सटटे के अडडे है जहां पर छोटे छोटे सटोरी बड़े बड़े दावों की रकम का साझा करते है। नगर में सटटे का खेल बहुत पुराना होता जा रहा है जब जब कोई सख्त अफसर आता है और अपनी निगाह सटोरियों पर दौड़ा देता है।

तो सटटे बंद हो जाते है जैसे ही अफसर की निगाह ढीली पड़ी सटटे का खेल शुरू हो जाता है। सूत्रो द्वारा दावा किया जा रहा है कि यह सटटे का खेल कुलछ पुलिस अफसरो के संरक्षण में हो रहा है इस कारण इसको हटाया नही पा रहा है।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

## प्रधानमंत्री मोदी की जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान यात्रा विरोधियों पर पड़ रही भारी

**हम आपको यह भी बता दें कि इस पूरी यात्रा की बेहद शक्तिशाली धुरी हैं भारतीय प्रवासी। ओमान में 6.75 लाख से अधिक भारतीय, जॉर्डन में परिधान उद्योग की रीढ़ बने 17 हजार श्रमिक और इथियोपिया में शिक्षा जगत को दिशा देने वाले भारतीय प्रोफेसर, ये लोग भारत की 'सॉफ्ट पावर' नहीं, बल्कि लिविंग स्ट्रैटेजिक एसेट्स हैं। मोदी सरकार ने पहली बार प्रवासियों को भावनात्मक प्रतीक से निकालकर नीति के केंद्र में रखा है, चाहे वह बिज़नेस कार्ड वीज़ा हो या श्रम सुरक्षा के समझौते। बहरहाल, आलोचक कह सकते हैं कि यह यात्रा चुनौतियों से मुक्त नहीं है क्योंकि पश्चिम एशिया की अस्थिरता, अफ्रीका में प्रतिस्पर्धा और वैश्विक आर्थिक सुस्ती बनी हुई है।**

*युद्ध के धुएँ और वैश्विक अनिश्चितताओं के इस दौर में भारत की विदेश नीति अगर किसी एक शब्द में परिभाषित होती है, तो वह है रणनीतिक स्पष्टता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की यात्रा इसी स्पष्टता का ठोस प्रदर्शन है। यह यात्रा बदलती वैश्विक ध्रुवीयता में भारत के हितों को सुरक्षित करने की एक सधी हुई चाल है। यह एक ऐसा रणनीतिक कदम है जो आने वाले वर्षों में भारत की ऊर्जा, खाद्य, समुद्री और भू-राजनीतिक सुरक्षा की रीढ़ बनेगा। देखा जाये तो पश्चिम एशिया इस समय उबाल पर है। गाज़ा संकट, ईरान-सऊदी समीकरणों में उतार-चढ़ाव, अमेरिका की प्राथमिकताओं में बदलाव और सऊदी अरब-पाकिस्तान और अमेरिका के नए रक्षा समीकरण का उभरना भारी उथलपुथल की तरह है। ऐसे में भारत का जॉर्डन और ओमान की ओर बढ़ना बताता है कि नई दिल्ली अब प्रतिक्रियावादी नहीं, बल्कि एजेंडा-सेटर है। मोदी सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत किसी एक धुरी पर निर्भर नहीं रहेगा, वह अपने विकल्प खुद गढ़ेगा। मोदी के तीन देशों के दौरे में जॉर्डन पहला पड़ाव था और यह चयन ही बहुत कुछ कह देता है। हम आपको बता दें कि पश्चिम एशिया में जॉर्डन एक संतुलनकारी शक्ति है। वह कट्टरपंथ के विरुद्ध ढाल और संवाद का सेतु है। भारत के लिए जॉर्डन केवल कूटनीतिक मित्र नहीं, बल्कि खाद्य सुरक्षा का रणनीतिक स्तंभ भी है। फॉस्फेट और पोटाश जैसे उर्वरकों के बिना भारत की कृषि का आगे बढ़ना मुश्किल है। जॉर्डन इंडिया फर्टिलाइज़र कंपनी जैसे उपक्रम इस बात का प्रमाण हैं कि मोदी सरकार संसाधन सुरक्षा को भाषण नहीं, संस्थागत रणनीति मानती है। दोनों देशों के बीच 2.75 अरब का द्विपक्षीय व्यापार और 2030 तक 5 अरब का लक्ष्य दिखाता है कि यह साझेदारी अब प्रतीकात्मक नहीं रही। मोदी की जॉर्डन यात्रा के दौरान हुए करार और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को वहां की सरकार का मिला जोरदार समर्थन तथा क्राउन प्रिंस का खुद मोदी को अपनी कार में लेकर जाना दर्शाता है कि मोदी की यात्रा कितनी सफल रही। वहीं मोदी की इथियोपिया यात्रा को देखें तो यह रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत निर्णायक है। अफ्रीकी संघ का मुख्यालय, ब्रिक्स का सदस्य और ग्लोबल साउथ की धड़कन, इथियोपिया में 2011 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा है। देखा जाये तो यह देरी नहीं, बल्कि सही समय पर किया गया दांव है। दोनों देशों के बीच 550 मिलियन का व्यापार, भारतीय फार्मा की मजबूत मौजूदगी और क्षमता निर्माण में भारत की भूमिका दिखाती है कि नई दिल्ली अफ्रीका को बड़ा साझेदार मानती है। यह चीन के ऋण-जाल मॉडल के ठीक उलट सम्मान, प्रशिक्षण और साझा विकास का रास्ता है। साथ ही मोदी की ओमान यात्रा भारत की समुद्री रणनीति का निर्णायक स्तंभ है। दुक़्म बंदरगाह में भारत की बढ़ती मौजूदगी, होरमुज़ जलडमरूमध्य से बाहर एक वैकल्पिक लॉजिस्टिक हब, यह सब भारत की इंडो-लिटरल स्ट्रैटेजी का हिस्सा है। भारत-ओमान का प्रस्तावित हस्ताक्षर इस यात्रा का सबसे ठोस आर्थिक परिणाम होगा। देखा जाये तो 95% टैरिफ लाइनों पर शुल्क-मुक्त पहुँच और 98% तक भारतीय वस्तुओं को राहत, एक रणनीतिक व्यापार की तरह है। ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, उर्वरक, तकनीक और खाद्य सुरक्षा, हर मोर्चे पर भारत अपनी शर्तों पर आगे बढ़ रहा है। दोनों देशों के बीच .10.61 अरब का व्यापार जल्द ही 20 अरब की ओर बढ़े, यह केवल आंकड़ा नहीं, भरोसे की मुद्रा है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**कह सकते हैं कि उनकी नियुक्ति के पीछे ये भी कारण रहे होंगे। हालांकि आलोचक कह सकते हैं कि नितिन की तुलना में संगठन में खुद को खपाने वाले बहुत लोग अब भी सक्रिय हैं। फिर उन्हें क्यों नहीं मौका मिलना चाहिए। यह तर्क वाजिब हो सकता है। लेकिन यह भी सच है कि राजनीतिक फैसले लेते वक्त कई बिंदुओं पर ध्यान दिया जाता है। बीजेपी अक्सर दावा करती है कि वह पढ़े-लिखे लोगों को तवज्जो देती है। बिहार विधानसभा चुनावों के दौरान कुछ विपक्षी दलों के प्रवक्ताओं की उनकी आक्रामक और बदतमीज व्यवहार के चलते आलोचना की थी। तब उसने अपने पढ़े-लिखे प्रवक्ताओं पर जोर दिया था। इस आधार पर नितिन नवीन को लेकर बीजेपी असहज हो सकती है।**



उमेश चतुर्वेदी

**1959 में जब दिग्गज नेताओं के रहते हुए भी कांग्रेस ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की बेटी इंदिरा गांधी को अध्यक्ष बनाया, तब इंदिरा की उम्र महज 42 साल थी। ठीक 66 साल बाद आज की सत्ताधारी बीजेपी ने पैंतालिस साल के नितिन नवीन पर भरोसा जताया है। अध्यक्ष बनने के सिर्फ छह साल बाद ही वे देश की प्रधानमंत्री बन गई थीं, नितिन आगे और कितनी ऊंचाई पर जाएंगे, यह देखने के लिए इंतजार करना होगा।**

# नितिन नवीन की ताजपोशी के मायने



नरेंद्र मोदी के दौर की बीजेपी का जब इतिहास लिखा जाएगा, तब उसकी तमाम खूबियों और खामियों के साथ एक तथ्य को शिद्दत से याद किया जाएगा। वह है पार्टी का हर बार चौंकाने वाला फैसला लेना। राजनीति के लिहाज से 45 साल की उम्र युवा मानी जाती है। राजनीति में युवाओं को शीर्ष पर बैठाने की परंपरा कम ही रही है। लेकिन बीजेपी ने 45 साल के नितिन नवीन को अपना बॉस घोषित कर दिया है। नितिन को फिलहाल पार्टी ने अपना कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है, ऐसा माना जा रहा है कि अगले साल जनवरी के आखिर तक उन्हें पूर्णकालिक अध्यक्ष के तौर पर चुन लिया जाएगा। नितिन की ताजपोशी पर चर्चा से पहले बीजेपी से ही जुड़े अतीत के एक किस्से को याद कर लिया जाना चाहिए। मई 1996 में तेरह दिनी वाजपेयी सरकार के विश्वासमत पर चर्चा के दौरान सुषमा स्वराज ने कांग्रेस के तत्कालीन नेतृत्व से पूछा था, कहां है आपकी सेकंड लाइन ऑफ लीडरशिप। हमारी ओर देखिए, वेंकैया हैं, अनंत हैं, प्रमोद हैं। अटल-आडवाणी और जोशी के दौर की बीजेपी में बिना शक ये तीनों ही नाम शीर्ष नेतृत्व में शामिल थे। पार्टी की दूसरी पांत के नेताओं में सुषमा के बताए तीन नामों के साथ ही उनका भी नाम भी शामिल था। बाद के दिनों में अरूण जेटली को भी इसी पंक्ति में शामिल कर लिया गया था। ऐसे में यह सवाल पूछा जा सकता है कि क्या नितिन नवीन का नाम दूसरी पंक्ति के नेताओं में शुमार होता है। निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। भले ही वे पांच बार के विधायक हों, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर उनका नाम इतना चर्चित नहीं रहा है। बीजेपी के मुख्य संगठन में छत्तीसगढ़ के प्रभार की जिम्मेदारी छोड़ दें तो इसके पहले कोई बड़ी भूमिका भी नहीं सौंपी गई थी। भारतीय जनता युवा मोर्चा की बिहार इकाई के वे अध्यक्ष और इसी मोर्चे के राष्ट्रीय महामंत्री जरूर रहे हैं। युवा मोर्चा संभालना और मुख्यधारा के संगठन को संभालना अलग -अलग है। ऐसे में नवीन के सामने बड़े और दिग्गज नेताओं से भरी बीजेपी को संभालना बड़ी चुनौती होगी। वैसे बीजेपी कैडर आधारित पार्टी है, लिहाजा यह भी माना जा सकता है कि उन्हें ज्यादा दिक्कत नहीं होनी है। बीजेपी के जानकारों का तर्क है कि नितिन नवीन को राष्ट्रीय भूमिका देकर पार्टी ने एक तरह से पीढ़ीगत बदलाव की शुरूआत की है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों मेंम बीजेपी में और भी युवा चेहरों को मौका मिलेगा। वैसे देखा जाए तो आजकल बीजेपी में युवाओं और महिलाओं पर जोर है। हालिया बिहार विधानसभा के चुनाव प्रचार में नरेंद्र मोदी एमवाई का नया विश्लेषण युवा और महिला के रूप में कर ही चुके हैं। वैसे भी वे गरीब, किसान, महिला और जवान की जाति का अक्सर जिक्र करते हैं। कह सकते हैं कि नितिन नवीन भाजपा की इसी नई वर्ग व्यवस्था के सशक्त प्रतीक हैं। हाल के दिनों में बीजेपी में पिछड़ा नेतृत्व पर कुछ ज्यादा ही फोकस किया गया। इससे बीजेपी का पारंपरिक सवर्ण वोट बैंक दबे स्वर से नाराजगी भी जाहिर करता रहा है। विराट उभार से पहले बीजेपी को बाभन-बनिया की पार्टी भी कहा जाता था। इसमें कायस्थ और किंचित क्षत्रिय वर्ग भी जुड़ा हुआ था। नितिन नवीन इन्हीं में से एक कायस्थ वर्ग से आते हैं। वैसे बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान पाटलिपुत्र से कायस्थ उम्मीदवार ना देने की वजह से बीजेपी का कायस्थ वोटर किंचित नाराज भी दिखा था। इस संदर्भ को देखते हुए एक वर्ग कह रहा है कि नितिन को केंद्रीय नेतृत्व सौंपकर बीजेपी ने अपने पारंपरिक सवर्ण मतदाता वर्ग को साधने की कोशिश की है। वैसे कुछ लोगों का यह भी मानना है कि नितिन नवीन की ताजपोशी आगामी पश्चिम बंगाल चुनाव को भी ध्यान में रखकर किया गया है। पश्चिम बंगाल की राजनीति में लंबे समय तक कायस्थ समाज का दबदबा रहा है। राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे ज्योति बसु और पहले मुख्यमंत्री विधानचंद्र रॉय इसी समुदाय से थे। ज्योति बसु जहां 23 साल तक मुख्यमंत्री रहे, वहीं विधानचंद्र रॉय के हाथ 14 साल तक राज्य की कमान रही। नितिन नवीन के जरिए बंगाल के इस वर्ग के वोटरों को भी पार्टी ने बड़ा संदेश दिया है। नितिन नवीन को नेतृत्व सौंपे जाने को लेकर कुछ महीने पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भाजपा को मिले संकेतों का भी जिक्र किया जा रहा है। संघ ने बीजेपी को संकेत दिया था कि पिछड़े-दलित आदि को शासन और प्रशासन से मिले फायदों का जिक्र भले ही करे, लेकिन संगठन के मामलों में जातीय आधार पर फैसले ना ले। संघ का पार्टी को यह भी संकेत था कि वह संगठन की भूमिकाएं तय करते वक्त कार्यकर्ताभाव और उसकी संगठन क्षमता और निष्ठा को देखे। नितिन नवीन की नियुक्ति को इस निकष पर भी कसा जा सकता है। नवीन पार्टी के पुराने कार्यकर्ता हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में सक्रिय रहे हैं। संगठन ने जो भी भूमिका सौंपी, उसे संगठन के लिहाज से पूरा करने की कोशिश की है। छत्तीसगढ़ राज्य में बीजेपी की पिछली जीत ने उनके संगठन कौशल की ओर झांकने का मौका दिया। कह सकते हैं कि उनकी नियुक्ति के पीछे ये भी कारण रहे होंगे। हालांकि आलोचक कह सकते हैं कि नितिन की तुलना में संगठन में खुद को खपाने वाले बहुत लोग अब भी सक्रिय हैं। फिर उन्हें क्यों नहीं मौका मिलना चाहिए। यह तर्क वाजिब हो सकता है। लेकिन यह भी सच है कि राजनीतिक फैसले लेते वक्त कई बिंदुओं पर ध्यान दिया जाता है। बीजेपी अक्सर दावा करती है कि वह पढ़े-लिखे लोगों को तवज्जो देती है। बिहार विधानसभा चुनावों के दौरान कुछ विपक्षी दलों के प्रवक्ताओं की उनकी आक्रामक और बदतमीज व्यवहार के चलते आलोचना की थी। तब उसने अपने पढ़े-लिखे प्रवक्ताओं पर जोर दिया था। इस आधार पर नितिन नवीन को लेकर बीजेपी असहज हो सकती है। विपक्षी कह सकते हैं कि पार्टी को अपने अध्यक्ष के लिए पढ़ा-लिखा कार्यकर्ता नहीं मिला। क्योंकि नितिन महज बारहवीं पास ही हैं। बीजेपी अक्सर वंशवाद का विरोध करती है। तकरीबन हर मंच पर वह इसके खिलाफ आवाज उठाती है। जब पार्टी के अंदर के वंशवाद पर विपक्षी खेमे से सवाल उठता रहा, तब पार्टी का तर्क होता था कि शीर्ष पर उसके यहां वंशवाद नहीं रहा। नितिन के संदर्भ में वह क्या जवाब देगी, यह देखना महत्वपूर्ण रहेगा। क्योंकि नितिन के पिता नवीन किशोर सिन्हा बिहार बीजेपी के कद्दावर नेता रहे हैं। बिहार में बीजेपी को खड़ा करने वाले नेताओं में नवीन किशोर का योगदान माना जाता रहा है। आखिर में एक और तथ्य की ओर ध्यान दिया जाना चाहिए।


**तकरीबन हर मंच पर वह इसके खिलाफ आवाज उठाती है। जब पार्टी के अंदर के वंशवाद पर विपक्षी खेमे से सवाल उठता रहा, तब पार्टी का तर्क होता था कि शीर्ष पर उसके यहां वंशवाद नहीं रहा। नितिन के संदर्भ में वह क्या जवाब देगी, यह देखना महत्वपूर्ण रहेगा।**


## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्दशी 28:58 तक |
| नक्षत्रः | अनुराधा 19:58 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | धृति, 15:01 |
| सूर्योदयः | 07:07 |
| सूर्यास्तः | 17:26 |
| चंद्रमाः | धृति राशि में |
| राहुकालः | 12:35-14:53 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | पौष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:57-12:38 |

## जन एक्सप्रेस

### पोटली ये ज्ञान की !

*संविधान की ना समझ ।*
*है केवल चिल्लाना ।।*
*केवल लाल किताब से ।*
*ना बदले जमाना ।।*
*समझ बढ़ानी होगी ।*
*तभी मिलेगा वोट ।।*
*वरना है स्थायी ।*
*मिल रहा जो चोट ।।*
*ना बनेगी बात ।*
*और ना कायाकल्प ।।*
*पोटली ये ज्ञान की ।*
*रहेगी जब तक अल्प ।।*
*लाना है सुधार तो ।*
*हो जाओ गंभीर ।।*
*ना खोलेगी जनता ।*
*बिन बदले तकदीर ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# दिल की सेहत के लिए फायदेमंद है मैग्नीशियम से भरपूर फूड्स

**आज** के समय में अक्सर लोग मैग्नीशियम की कमी के कारण दिल की धड़कन के तेल होने, नींद न आने और मांसपेशियों के कमजोर होने की समस्या से परेशानी रहते हैं। ऐसे में अक्सर लोगों को डाइट में मैग्नीशियम से भरपूर फूड्स को डाइट में शामिल करने की सलाह दी जाती है। डाइटिशियन एवं न्यूट्रिशनिस्ट अर्चना जैन के अनुसार, मैग्नीशियम शरीर में ब्लड प्रेशर के स्तर को नियंत्रित करने, हार्ट को हेल्दी रखने, मांसपेशियों को रिलैक्स करने, मूड को बेहतर करने, थकान होने, पीरियड क्रैम्प को रिलैक्स होने और नींद की गुणवत्ता में सुधार करने में सहायक होता है। इससे कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है।

**कद्दू के बीज खाएं:** कद्दू के बीज में भरपूर मात्रा में मैग्नीशियम, जिंक और हेल्दी फैट्स होते हैं। इसका सेवन करने से शरीर में मैग्नीशियम की कमी को दूर करने और शरीर के एनर्जी देने में मदद मिलती है, साथ ही, इससे स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद मिलती है।

**ड्राई फ्रूट्स खाएं:** शरीर में मैग्नीशियम की कमी को दूर करने के लिए बादाम, काजू और मूंगफली जैसे ड्राई फ्रूट्स को डाइट में शामिल करें। इससे शरीर को एनर्जी देने और मांसपेशियों को दुरुस्त करने में मदद मिलती है।




**डार्क चॉकलेट खाएं:** डार्क चॉकलेट को मैग्नीशियम एक अच्छा सोर्स माना जाता है। इसका सेवन करने से शरीर से मैग्नीशियम की कमी को दूर करने में मदद मिलती है, जिससे मैग्नीशियम की कमी के कारण होने वाली थकान, कमजोर, शरीर को एनर्जी देनेऔर मांसपेशियों को रिलैक्स करने में मदद मिलती है।

**क्विनोआ खाएं:** शरीर में मैग्नीशियम की कमी को दूर करने के लिए क्विनोआ को डाइट में शामिल किया जा सकता है। क्विनोआ में भरपूर मात्रा में मैग्नीशियम होता है। ऐसे में इसका सेवन करने से शरीर को एनर्जी देने, गट में सुधार करने और शरीर को एनर्जी देने में मदद मिलती है।

**एवोकाडो खाएं:** एवोकाडों में 58 द्दद तक मैग्नीशियम, साथही, इसमें हेल्दी फैट्स पाएं जाते हैं। इसका सेवन करने से हार्ट हेल्दी, ब्रेन हेल्थ में सुधार करने और शरीर को एनर्जी देने में मदद मिलती है।

**पालक खाएं:** पालक में भरपूर मात्रा में मैग्नीशियम और आयरन जैसे पोषक तत्व होते हैं। इसका सेवन करने से शरीर में पोषक तत्वों की कमी को दूर करने में मदद मिलती है। इससे स्वास्थ्य को दुरुस्त करने और मैग्नीशियम की कमी को दूर करने में मदद मिलती है।

**निष्कर्ष:** शरीर में मैग्नीशियम की कमी को दूर करने, हार्ट को हेल्दी रखने, नींद की कमी को दूर करने और मांसपेशियों को रिलैक्स करने के लिए डाइट में कद्दू के बीज, डार्क चॉकलेट, क्विनोआ, एवोकाडो, पालक, बादाम, काजू और मूंगफली जैसे ड्राई फ्रूट्स को शामिल किया जा सकता है। ध्यान रहे, मैग्नीशियम की कमी के कारण हार्ट से जुड़ी समस्या होने, कमजोरी होने, दिल की धड़कन के तेज होने या मांसपेशियों से जुड़ी अधिक समस्या होने डॉक्टर से सलाह जरूर लें। इसके अलावा, किसी भी फूड से एलर्जी होने पर इनका सेवन करने से बचें और डॉक्टर की सलाह के साथ ही, इनका सेवन करें।

## एक्सप्रेस विशेष

# परमाणु क्रांति 2.0 : निजी भागीदारी से आत्मनिर्भर भारत



प्रो. आरके जैन

**ऐसे में थोरियम-आधारित परमाणु तकनीक भारत के लिए गेम-चेंजर सिद्ध हो सकती है, क्योंकि विश्व के सबसे बड़े थोरियम भंडार हमारे पास हैं। उन्नत परमाणु ईंधन (एएनईएल) जैसे प्रयोग यदि सफल होते हैं।**

**जो निजी संचालकों के जोखिम प्रोफ़ाइल के मुकाबले अपर्याप्त है। विशेष रूप से 'हॉट ज़ोन' अर्थात रिएक्टर क्षेत्रों की परिसंपत्तियों को बीमा दायरे में लाना अनिवार्य होगा, ताकि अंतरराष्ट्रीय पुनर्बीमा कंपनियों और वित्तीय संस्थानों का भरोसा जीता जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि व्यापक और विश्वसनीय बीमा सुरक्षा के बिना बड़े निवेशक कदम बढ़ाने से हिचकेंगे।**

**अंधेरे** पर नहीं, रोशनी पर टिकी है किसी राष्ट्र की असली ताक़त। वही रोशनी जो कारखानों को गति देती है, तकनीक को जीवन देती है और अर्थव्यवस्था को निरंतर आगे बढ़ाती है। भारत आज उसी रोशनी के एक नए युग के द्वार पर खड़ा है, जहाँ ऊर्जा की कमी विकास की रफ़्तार तय नहीं करेगी और पर्यावरण प्रगति की कीमत नहीं बनेगा। दिसंबर 2025 में कैबिनेट द्वारा मंजूर और लोकसभा में 15 दिसंबर को पेश किए गए शांति विधेयक (सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया) ने निजी निवेश के लिए परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को खोलने का मार्ग प्रशस्त किया है। यह मात्र एक विधेयक नहीं, बल्कि भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता, जलवायु नेतृत्व और आर्थिक महाशक्ति बनने की महत्वाकांक्षा का निर्णायक उद्घोष है। लंबे समय तक भारत का परमाणु ऊर्जा क्षेत्र नीतिगत जड़ता और सरकारी एकाधिकार की सीमाओं में कैद रहा। वर्ष 1962 का परमाणु ऊर्जा अधिनियम, राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संवेदनशीलता के तर्कों के साथ, इस क्षेत्र को बाहरी भागीदारी से दूर रखता आया। इसका नतीजा यह हुआ कि आज भारत की परमाणु क्षमता महज़ 8.88 गीगावाट पर सिमटी है, देश के कुल बिजली उत्पादन में इसकी हिस्सेदारी तीन प्रतिशत से भी कम। उसी दौर में विकसित राष्ट्र परमाणु ऊर्जा को अपनी ऊर्जा सुरक्षा की रीढ़ बना चुके हैं, जबकि भारत कोयले पर अत्यधिक निर्भर बना रहा। इस निर्भरता ने न केवल पर्यावरणीय दबाव बढ़ाया, बल्कि आयातित ईंधन पर खर्च का बोझ भी भारी किया। शांति विधेयक इसी ठहराव को तोड़ने वाला निर्णायक हस्तक्षेप है। यह निजी कंपनियों को रिएक्टरों के निर्माण, संचालन और सहायक गतिविधियों में भागीदारी की अनुमति देता है, जबकि ईंधन उत्पादन और परमाणु कचरा प्रबंधन जैसे अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र सरकारी नियंत्रण में ही रहेंगे। इस ऐतिहासिक फैसले के केंद्र में 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु क्षमता हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। यह लक्ष्य कोई साधारण संकल्प नहीं, बल्कि भारत की नेट-ज़ीरो 2070 प्रतिबद्धता की मजबूत आधारशिला है। कोयला आधारित बिजली पर निर्भरता घटाना, चौबीसों घंटे स्वच्छ और स्थिर बेसलोड ऊर्जा उपलब्ध कराना तथा भविष्य की तेज़ी से बढ़ती मांग को पूरा करना—ये सभी इसी लक्ष्य से गहराई से जुड़े हैं। अब तक सरकारी प्रयास इसलिए सीमित रहे क्योंकि परमाणु परियोजनाएँ अत्यंत पूंजी-गहन होती हैं; एक गीगावाट क्षमता स्थापित करने में हजारों करोड़ रुपये की आवश्यकता होती है। निजी क्षेत्र की भागीदारी न केवल विशाल निवेश को आकर्षित करेगी, बल्कि उन्नत वैश्विक तकनीकों का द्वार भी खोलेगी। विशेष रूप से छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) भारत के ऊर्जा परिदृश्य को बदल सकते हैं—जो फैक्ट्री में निर्मित होकर स्थल पर असेंबल होते हैं, जिससे निर्माण समय और लागत दोनों कम होंगे। इस विधेयक की असली ताक़त इसकी संतुलित और दूरदर्शी सोच में निहित है। यह विस्तार और सुरक्षा के बीच किसी भी स्तर पर समझौता नहीं करता। विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की सीमा 49 प्रतिशत पर निर्धारित कर, नीति निर्माताओं ने तकनीकी सहयोग और पूंजी प्रवाह का मार्ग तो खोला है, लेकिन राष्ट्रीय संप्रभुता और रणनीतिक नियंत्रण को पूरी तरह सुरक्षित रखा है। नागरिक दायित्व अधिनियम, 2010 में प्रस्तावित संशोधन वर्षों से चली आ रही आपूर्तिकर्ताओं की आशंकाओं का समाधान करते हैं। दुर्घटना दायित्व से जुड़ी अनिश्चितता के कम होने से अब वैश्विक परमाणु कंपनियों के लिए भारत एक अधिक भरोसेमंद और आकर्षक निवेश गंतव्य बन सकता है। यह दृष्टिकोण अमेरिका और फ्रांस जैसे देशों के अनुभवों से प्रेरित है, जहाँ निजी भागीदारी ने परमाणु ऊर्जा को न केवल सुरक्षित, बल्कि व्यावसायिक रूप से भी सफल बनाया है। फिर भी, यह यात्रा सहज नहीं, बल्कि चुनौतीपूर्ण है। सबसे बड़ी अड़चन बीमा संरचना की कमजोरी है। वर्तमान भारतीय परमाणु बीमा पूल मात्र 1,500 करोड़ रुपये का कवर प्रदान करता है।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# दिवाली की रात लापता युवक की हत्या का खुलासा

## रिश्तेदार युवती से संबंध के विरोध में दोस्त ने ही ले ली जान

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में दिवाली की रात लापता हुए युवक की नृशंस हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मृतक की हत्या उसके ही गांव के दो युवकों ने की थी। रिश्तेदार युवती से अवैध संबंधों के विरोध को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने युवक को ईंट से पीट-पीटकर मार डाला और शव गन्ने के खेत में फेंक दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त ईंट बरामद कर ली है। गांव नवदिया निवासी रघुनंदन दीपावली की रात से अचानक लापता हो गया था। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की। करीब एक सप्ताह बाद सात दिसंबर को गांव के पास श्रीपाल के गन्ने के खेत में एक सिर और कुछ हड्डियां मिलीं। पास में ही सफेद शर्ट और लोअर पड़े मिले, जिन्हें देखकर परिजनों ने रघुनंदन के होने की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने मृतक के दोनों भाइयों के डीएनए सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे।

### शराब पिलाने के बहाने ले गए, फिर कर दी हत्या

पुलिस जांच में सामने आया कि गांव निवासी सोनपाल व रघुनंदन की रिश्तेदार युवती से अवैध संबंध थे, जिसका रघुनंदन विरोध करता था। दिवाली की रात गांव के पास कुछ लोग ताश खेल रहे थे। वहां से रघुनंदन के जाने के बाद सोनपाल, गांव के सोनू को साथ लेकर उसके पीछे गया। पहले तीनों ने सोनपाल के घर पर शराब पी और फिर दोबारा शराब पिलाने का लालच देकर रघुनंदन को गांव के पूर्व प्रधान छोटू उर्फ जितेंद्र के शौचालय के पास ले गए। यहीं युवती को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर सोनू ने ईंट से रघुनंदन के मुंह पर वार किया। रघुनंदन के गिरते ही सोनपाल ने उसके सिर पर ईंट से कई वार कर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### शव घसीटकर खेत में फेंका

हत्या के बाद दोनों आरोपियों ने शव को पैर पकड़कर घसीटा और गांव के पास श्रीपाल के गन्ने के खेत में फेंक दिया। शव की पहचान छिपाने के लिए अलग-थलग हालत में छोड़ दिया गया। इंस्पेक्टर संजय सिंह के अनुसार मंगलवार को पुलिस ने दोनों नामजद आरोपियों सोनपाल और सोनू को कुरैया रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त इंटरलॉकिंग ईंट भी बरामद कर ली है। दोनों आरोपियों का चालान कर न्यायालय में पेश किया गया है। घटना के खुलासे के बाद गांव में सनसनी फैल गई है, वहीं परिजन न्याय की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

# गर्भवती महिला की पिटाई में पिता पुत्र के खिलाफ केस




जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

गांव कौडेली में पारिवारिक कलह के चलते देवर और ससुर ने गर्भवती बहू की लात घूसों से पिटाई कर दी हालत बिगड़ने पर परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया है पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने चार दिन बाद नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव कौडेली निवासी नन्ही देवी ने पुलिस को बताया था उसका पति मजदूरी करने गया था आपकी संपत्ति बंटवारे की कलह को लेकर संतराम और उसके पुत्र मुकेश ने बाल पकड़कर पटक दिया और लात घुसो से पिटाई कर दी गर्भ में पल रहे बच्चे के चलते हालत बिगाड़ने लगी आनंन-फानन में पड़ोसियों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# राधे-राधे के जयघोषों से गूंजा नगर, कथा-कीर्तन और रासोत्सव में डूबा पीलीभीत

## कलश यात्रा से रासलीला तक, पीलीभीत में उमड़ा भक्ति का सागर

- भागवत कथा, संकीर्तन और रासलीला से सजी आध्यात्मिक छटा, राधा-कृष्ण भक्ति में रंगा पीलीभीत

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार



पीलीभीत। नगर में इन दिनों आध्यात्मिक चेतना और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिल रहा है। श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल, पीलीभीत के तत्वावधान में आयोजित भव्य रासोत्सव एवं श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत नगर में निकाली गई श्रीमद् भागवत कलश एवं नगर संकीर्तन यात्रा तथा कथा के प्रथम दिवस ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया। कलश यात्रा से पूर्व मुख्य यजमान पंकज रस्तोगी एवं नीरज रस्तोगी के निवास पर श्रीमद् भागवत जी का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। इसके उपरांत नगर संकीर्तन यात्रा का शुभारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे नगर में राधे-राधे और जय श्री कृष्ण के जयघोष गूंजते रहे। यात्रा में श्री युगल सरकार का भव्य व आकर्षक सिंहासन सजाया गया, जिस पर ठाकुर जी श्रीजी के साथ विराजमान थे। संकीर्तन यात्रा में मंडल के संकीर्तनकारों शिवम सैनी, शिवम सहगल, शिवम अग्रवाल एवं ओम वर्मा द्वारा किए गए मधुर भजन-कीर्तन ने पूरे मार्ग को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। श्रद्धालु पुष्पवर्षा, नृत्य और संकीर्तन करते हुए भाव-विभोर नजर आए। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों—रंगीलाल चौराहा, चूड़ी वाली गली, डमंगगंज चौराहा, चौक बाजार, शनिदेव मंदिर, गौरधाम मंदिर—से होकर अग्रवाल सभा भवन में समापन हुआ, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी की आरती उतारकर दर्शन किए।

# भागवत कथा का श्रवण जीवों के करोड़ों जन्मों के पापों का नाश करता है: गोकुल ठाकुर महाराज

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



अग्रवाल सभा भवन में प्रारंभ हुई श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन वृंदावन से पधारे कथा व्यास गोकुल ठाकुर महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण में ज्ञान, भक्ति और वैराग्य की मंदाकिनी प्रवाहित होती है। उन्होंने बताया कि भागवत कथा का श्रवण जीवों के करोड़ों जन्मों के पापों का नाश करता है, जीवन को सही दिशा देता है और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है। कथा के दौरान गोकुल ठाकुर महाराज ने हारमोनियम, ढोलक, तबला और बांसुरी की मधुर संगति में भावपूर्ण भजनों से भक्तों को भक्ति की अमृत गंगा में डुबो दिया। मिलेंगे बांके बिहारी ओढ़ के कंवल कारी जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा पंडाल जय जय श्री राधे, जय श्री कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। कथा का समापन बांके बिहारी तेरी आरती गाऊं÷ के साथ हुआ। कार्यक्रम में नीरज रस्तोगी, प्रमोद पंत, विश्वनाथ चंद्र, दीपक गोयल, अर्पित शुक्ला, नीरज शुक्ला, शिवम सहगल, शिवम अग्रवाल, शशांक अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अजय पांडे, मनोज पटेल, मीरा रानी, शकुंतला, गौरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। प्रसाद वितरण व भंडारे के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। देर शाम वृंदावन की रास मंडली द्वारा माखन चोरी लीला का मनोहारी मंचन प्रस्तुत किया गया। कड़ाके की ठंड के बावजूद सैकड़ों श्रद्धालु रासलीला देखने पहुंचे और भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से मंत्रमुग्ध हो गए। कुल मिलाकर, संकीर्तन, कथा और रासलीला के माध्यम से पीलीभीत नगर में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक आनंद का ऐसा संगम देखने को मिला, जिसने श्रद्धालुओं के मन को राधा-कृष्ण भक्ति के रंग में पूरी तरह रंग दिया।

# कड़ाके की ठंड में भी उमड़ा जनसैलाब, रोटरी शरद मेले का भव्य समापन

- डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने विजेताओं को किया सम्मानित, बच्चों का बढ़ाया उत्साह

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




कड़ाके की सर्दी के बावजूद रोटरी शरद मेले के अंतिम दिन रोटरी हाउस में भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मेले के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया और रोटरी क्लब के सामाजिक प्रयासों की सराहना की।

### बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं ऐसे आयोजन-डीएम

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच देते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने रोटरी क्लब द्वारा समाजसेवा और सांस्कृतिक गतिविधियों में निभाई जा रही भूमिका की प्रशंसा की।

मेले के दौरान कार्ड मेकिंग, केश सज्जा, ग्रुप डांस सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में रक्षिता प्रथम, अर्शदीप कौर द्वितीय, निकिता तृतीय तथा जूनियर वर्ग में अध्या प्रथम, श्रेष्ठा द्वितीय, स्तुति तृतीय रहीं।

केश सज्जा प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में वर्षा कुमारी प्रथम, अर्शिम द्वितीय, रमन तृतीय, जबकि जूनियर वर्ग में मानवी प्रथम, एलिना द्वितीय और जसनप्रीत कौर तृतीय स्थान पर रहीं।

ग्रुप डांस प्रतियोगिता में ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, लॉर्ड कृष्णा स्कूल सहित विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान अमित भटनागर की मिमिक्री ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम में मेला चेयरमैन देवेश बंसल, अध्यक्ष डॉ अनिल सक्सेना, परविंदर सिंह सैहमी, अवधेश गुप्ता, रवि अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में अध्यक्ष डॉ अनिल सक्सेना ने सभी सहयोगियों, प्रतिभागियों व दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर साहूकारा का दो दिवसीय निरीक्षण संपन्न



- निरीक्षक दल ने शिक्षण गुणवत्ता, अनुशासन व अभिलेखों का किया गहन मूल्यांकन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर साहूकारा में दिनांक 15 व 16 दिसंबर 2025 को विद्यालय का दो दिवसीय निरीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस निरीक्षण का उद्देश्य विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता, अनुशासनात्मक व्यवस्था एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली का मूल्यांकन कर उसे और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा। निरीक्षण दल में लालबिहारी शर्मा (प्रधानाचार्य, विक्रमनगर बरेली), सुबोध शर्मा (प्रधानाचार्य, बिल्सी) तथा राकेश (कार्यालय प्रमुख, गांधी नगर बरेली) शामिल रहे। निरीक्षकों ने कक्षाओं में जाकर शिक्षण पद्धति, विद्यार्थियों की सहभागिता, पाठ्यक्रम क्रियान्वयन, अभिलेख संधारण एवं सहशैक्षिक गतिविधियों का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण उपरांत विद्यालय परिसर में एक प्रभावशाली बैठक आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय व्यवस्थापक विपिन चंद्र अग्रवाल, संभाग निरीक्षक सुनील, प्रधानाचार्य अशोक कुमार सक्सेना सहित समस्त आचार्य एवं आचार्याएं उपस्थित रहीं। बैठक में शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन, संस्कार आधारित शिक्षा तथा नवाचार पर विस्तार से चर्चा की गई। निरीक्षक दल ने विद्यालय की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए, जिन्हें शीघ्र अमल में लाने का आश्वासन विद्यालय प्रबंधन द्वारा दिया गया।

## शराब पीकर गांव में उत्पात मचाता है गंदी परवर्ती का ब्यक्ति



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में ग्राम पंचायत शाहपुर जागीर ब्लाक मोहम्मदी चौकी रामपुर मिश्र थाना मोहम्मदी लखीमपुर-खीरी के प्रधान पुत्र ने बताया उसके गांव के रहने वाले कुलविंदर सिंह पुत्र राकेश सिंह गांव में शराब पीकर आये दिन गाली गलौज करता है जिससे रास्ते में निकलने वाली महिलाओं को काफी दिक्कतों को सामना करना पड़ता है अगर कोई भी व्यक्ति उसको गाली न देने की बात समझाता है। तो आमादा फौजदारी होते हुए शराब के नशे में दबंगई दिखाता है जिसकी शिकायतें आने पर उक्त व्यक्ति को प्राधान पुत्र द्वारा समझाने का प्रायास किया जाता है तो उक्त व्यक्ति प्रधान पुत्र को भी गालियां देता है और प्राधान पुत्र से दरवाजा पर पहुंचकर यह पूछता है किसने तुमसे शिकायत की है शक होने पर गांव में खेतों पातों में काम कर रहे व्यक्ति को भी गालियां देकर पूछता है कि क्या तुमने प्रधान पुत्र से शिकायत की है प्राधान पुत्र होता क्या है मैं अपने आगे किसी की नहीं सुनता यह सत्य भी है कि शराब के नशे में गाली गलौज मारपीट उत्पात मचाना उक्त दबंग की दिनचर्या में शामिल है। रोज इसी तरह की घटना से गांव के लोगों में आक्रोश व्याप्त है और उक्त ब्यक्ति से भिड़ने डर रहे जो ब्यक्ति प्रधान पुत्र के दरवाजे पर जाकर दबंगई दिखा दे तो आप आदमी की क्या बिसात।

# कोहरे में बड़ा हादसा टला, रोडवेज बस खड़े ट्रक में घुसी



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

घने कोहरे के कारण मंगलवार देर रात पीलीभीत-पूरनपुर हाईवे पर एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। थाना गजरौला क्षेत्र अंतर्गत सीमेंट की ईंट प्लांट के पास सड़क किनारे खड़े गन्ने से लदे ट्रक में पीछे से आ रही रोडवेज बस जा घुसी। हादसे में बस चालक समेत दो लोग घायल हो गए, जबकि अन्य यात्री सुरक्षित रहे।

### पहले कार और फिर बस ट्रक से टकराई

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार रात करीब 12 बजे पिपरिया कॉलोनी मोड़ के पास एक गन्ने से लदा ट्रक खराब होकर सड़क किनारे खड़ा हो गया था। घने कोहरे के चलते पहले एक कार ट्रक में पीछे से टकरा गई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद रात करीब 2 बजे, पीलीभीत डिपो की रोडवेज बस, जो पूरनपुर से पीलीभीत आ रही थी, कोहरे के कारण ट्रक को समय रहते नहीं देख सकी और उसमें जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### चालक व यात्री घायल, जांच में जुटी पुलिस

हादसे में बस चालक ब्रह्म (पुत्र अंगन लाल), निवासी चिन्नौर, थाना बरखेड़ा तथा यात्री आयुष शर्मा, निवासी आवास विकास कॉलोनी पीलीभीत को मामूली चोटें आईं। बस में चालक-परिचालक सहित कुल पांच लोग सवार थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया।पुलिस के अनुसार हादसे का मुख्य कारण घना कोहरा और बिना चेतावनी संकेत के खड़ा खराब ट्रक बताया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

## राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने दिल्ली में भाजपा नेतृत्व से की शिष्टाचार भेंट

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने बुधवार को दिल्ली में भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन एवं नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यमंत्री ने दोनों नेताओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।भेंट के दौरान संगठनात्मक विषयों, राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों तथा आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर सार्थक चर्चा हुई। कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि बताते हुए संगठन को मजबूती देने और आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने भेंट के बाद कहा कि कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूती से कार्य करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर जनकल्याण की दिशा में प्रभावी और जनहितकारी कार्य किए जाएंगे।

# ब्यापारी पंद्रह दिनो के अन्दर अपना स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा ले नही तो होगी बडी कार्रवाई: प्रतीक्षा त्रिपाठी

## जनवरी के प्रथम सप्ताह से नगर के सभी मार्गो से हटेगा अतिक्रमण

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी




नगर पालिका परिषद के सभागार में नगर में ब्यापक अतिक्रमण को समाप्त करने के लिए एक बार फिर से प्रशासन-नगर पालिका परिषद एवं व्यापारियों की बैठक का आयोजन उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश तिवारी व कोतवाल अम्बर सिंह, यातायात एवं परिवहन विभाग तथा व्यापार मण्डल के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सिनेमा चौराहे पर परिवहन विभाग की बसों के खडे होने, फुटपाथ पर अवैध कब्जा, खुटार रोड पर सब्जी मण्डी, ऑटो रिक्शा, बैंक एवं बारात घरों के पास पार्किंग की व्यवस्था न होना, रेलवे क्रासिंग पर लगने वाली जाम आदि पर समस्याएं उभर कर सामने आईं। उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी ने अपन सम्बोधन में बताया कि नगर पालिका परिषद एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बैठकर ऑटोरिक्शा का रुट तय करने, बिना नम्बर के चल रहे ऑटो रिक्शा बंद करने, नाबालिगों को ऑटो रिक्शा चलाने पर बैन लगाने, शराब पीकर ऑटो चलानेवालों पर कार्यवाही करने की रुप रेखा तय की गई है। इसी के साथ उन्होने बताया कि पन्द्रह दिन का समय व्यापारियों को दिया जाता है वह दुकान के सामने लगने वाले अतिक्रमण को हटा लें, अन्यथा जनवरी माह में चलने वाले अतिक्रमण हटाओंअभियान में प्रशासन अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करेगा। इसी के साथ दुकान के सामने नगर के मुख्य मार्गो पर अधिकतम चार फुट की टीन शेड व्यापारी डाल सकते है। इसके अतिरिक्त टीन शेड अतिक्रमण की श्रेणी में आयेगी। एसडीएम ने नगर पालिका को नगर के मुख्य मार्गो पर अतिक्रमण को चिन्हित करने के निर्देश दिये है। इस मौके पर सभासद् नानक चन्द वर्मा, अधिवक्ता संदीप अवस्थी, कांग्रेसी नेता गौरव मिश्रा सहित नगर के विभिन्न व्यापार मण्डल के संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नवीन मंडी परिसर से किस की बाइक चोरी

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। नवीन गल्ला मंडी में फसल बिक्री करने आए किसान की बाइक अज्ञात चोर चोरी कर ले गए पुलिस ने पीड़ित की शिकायत दर्ज न करने पर 2 सप्ताह बाद ऑनलाइन दर्ज कराई है। गांव गुलरिया परवस्त नगर निवासी रामसनेही 4 दिसंबर को सुबह 9 बजे करीब मंडी परिसर में सब्जी की बिक्री करने गया था बाइक से सब्जी उतार कर आढ़ती की दुकान पर पहुंच पीछे मुड़कर देखा तो उसकी बाइक नहीं दिखी तलाश करने पर जानकारी न होने पर पुलिस को सूचना दी पुलिस ने ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करने की बात करें टरका दिया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### एकादशी पर धूमधाम से मनाया गया खाटू श्याम का संकीर्तन

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला नगर के समीपवर्ती कंजादेव स्थान पर श्रीश्याम दीवाने सेवा समिति गोला द्वारा सफला एकादशी के उपलक्ष्य पर खाटू श्याम मंदिर में एक भव्य संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से पूरी तरह भरा हुआ था,और गणेश स्तुति से संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। अजय गुप्ता और शिवम गुप्ता की मधुर आवाज ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।भक्त खाटू श्याम के भजनों पर झूमते-नाचते नजर आए। सुंदर-सुंदर भजनों को सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।श्याम बाबा श्याम बाबा तेरे चरणों मे अरदास लाया हूँ,तेरी रहमतों का किस्सा सरेशाम चल रहा है और मेरा दिल तुझे पे कुरवाँ मुरलियाँ वाले जैसे भावपूर्ण भजनों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।खाटू श्याम मंदिर के पुजारी सन्तोष पाठक ने बताया कि हिंदू धर्म में एकादशी का व्रत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। प्रत्येक वर्ष चौबीस एकादशियाँ होती हैं।जब अधिकमास या मलमास आता है तब इनकी संख्या बढ़कर 26 हो जाती है। पद्मपुराण में पौषमास के कृष्णपक्ष की एकादशी के विषय में युधिष्ठिर के पूछने पर भगवान श्रीकृष्ण बोले-बडे-बडे यज्ञों से भी मुझे उतना संतोष नहीं होता, जितना एकादशी व्रत के अनुष्ठान से होता है।संकीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और खाटू श्याम की भक्ति में लीन हो गए। पुरुष,महिलाएं और बच्चे सभी इस संकीर्तन में सम्मिलित हुए और खाटू श्याम के जयकारों से मंदिर प्रांगण को गुंजायमान कर दिया।कार्यक्रम का समापन श्री खाटू श्याम बाबा की आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। मंदिर के पुजारी सन्तोष पाठक ने भक्तों को श्याम बाबा का आशीर्वाद दिया और सभी ने बड़े ही श्रद्धा-भाव से प्रसाद ग्रहण किया।बुधवार 17/12/25 को प्रमोद सोनी के निवास गांधी स्कूल के पीछे श्री खाटू श्याम बाबा का संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी श्याम भक्त आमंत्रित हैं और अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर श्याम भजनों का रसपान कर आशीर्वाद प्राप्त करें।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष दीपक राजपूत,महामंत्री अजय गुप्ता, अनिरुद्ध गुप्ता,शिवम गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता, आशुतोष रस्तोगी, बबलू जायसवाल,शिवम गुप्ता, संतोष गुप्ता,अनुराग गुप्ता,सुमित राठौर,प्रवीण रस्तोगी, रमेश वर्मा, संजय गुप्ता (बद्री स्वीट), संदीप राजपूत,अभिषेक राजपूत, जितेंद्र गुप्ता, रिशू महेश्वरी, मयंक महेश्वरी, विवेक कुमार सहित अन्य सभी सेवादार उपस्थित रहे।



### अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। रेलवे स्टेशन के सामने एक रैन बसेरे के पास अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। बुधवार,17 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब 1ः30 बजे सदर कोतवाली क्षेत्र की संकटा देवी चौकी प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने इसकी जानकारी दी।पुलिस को सुबह शव मिलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। पहचान के लिए शव को मर्चरी हाउस में रखवा दिया गया है। चौकी प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि शव लखीमपुर रेलवे स्टेशन के सामने बने रैन बसेरे के पास से बरामद हुआ है। आसपास के लोगों से पूछताछ में पता चला कि मृतक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और वह अक्सर स्टेशन के आसपास घूमता रहता था। फिलहाल, पुलिस शव की शिनाख्त का प्रयास कर रही है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

# सामूहिक दुष्कर्म कांड पुलिस अधीक्षक का एक्शन इंस्पेक्टर समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित

## अब तक नहीं लगा आरोपियों का कोई सुराग

जन एक्सप्रेस। सुनहरा

लखीमपुर खीरी। फरधान थाना क्षेत्र में कोचिंग की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। एसपी संकल्प शर्मा ने सुरक्षा में लापरवाही बरतने पर फरधान थाने के प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी, लीलाकुआं चौकी इंचार्ज संदीप यादव और बीट सिपाही रामबली को निलंबित कर दिया है। इस सनसनीखेज वारदात को 48 घंटे से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। न तो घटना से जुड़ा ऐसा कोई ठोस सुराग ही पुलिस के हाथ लगा है, जिससे घटना का खुलासा हो सके। फरधान थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की सुबह सहेली के साथ




कोचिंग जा रही 17 वर्षीय छात्रा के साथ तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। पुलिस ने एक नामजद सहित तीन आरोपियों पर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू की थी। इस घटना के खुलासे के लिए लगभग 20 से अधिक संदिग्ध लोगों से पुलिस पूछताछ कर चुकी है, लेकिन अब तक पुलिस के हाथ ऐसा कोई सुराग नहीं लगा, जिससे आरोपियों के बारे में पता लग सके। वहीं एसपी ने इंस्पेक्टर- दरोगा समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।

# कार्यालय से गायब रहते हैं बाल विकास परियोजना अधिकारी

## 14 अक्टूबर से अब तक शाहाबाद में दो बार आए सीडीपीओ

जन एक्सप्रेस। हरदोई



शाहाबाद ब्लॉक क्षेत्र में तैनात सीडीपीओ राहुल सिंह 14 अक्टूबर से 17 दिसंबर तक मात्र दो बार कार्यालय पहुंचे हैं उनकी अनुपस्थिति के चलते विभागीय कार्य संपादित नहीं हो पा रहे हैं। टोडरपुर सीडीपीओ शाहाबाद में कार्यवाहक सीडीपीओ का चार्ज संभाले हैं लेकिन अपनी मूल तैनाती टोडरपुर में भी सीडीपीओ एक-एक सप्ताह गायब रहते हैं। बुधवार को रियलिटी चेक में दोपहर 12:21 पर उनकी कुर्सी खाली मिली। मोबाइल पर पूछने से उन्होंने बताया कि वह टोडरपुर में अपने कार्यालय पर मौजूद हैं। ब्लॉक टोडरपुर में सीडीपीओ राहुल सिंह की अनुपस्थिति के चलते विभागीय कार्य संपादित नहीं हो पा रहे हैं।

ठीक इसी तरह से उन्हें शाहाबाद सीडीपीओ का चार्ज भी दिया गया है। यहां पर भी 14 अक्टूबर से 17 दिसंबर तक उनकी मात्र दो बार ही उपस्थित बताई गई। इस रिपोर्टर ने 12:21 पर सीडीपीओ के टोडरपुर कार्यालय का रियलिटी चेक किया तो सीडीपीओ की कुर्सी खाली दिखाई जिसे रिपोर्टर ने लाइव लोकेशन के साथ अपने कैमरे में कैद कर लिया। पूंछने पर अन्य कर्मचारियों ने बताया कि साहब आज नहीं आए हैं। रिपोर्टर ने उसके बाद शाहाबाद कार्यालय पर रियलिटी चेक किया तो पता चला कि साहब यहां भी नहीं है। डीपीओ से जब फोन पर वार्ता की गई कि आप से विभागीय बातचीत करनी है तो उन्होंने बताया कि वह टोडरपुर कार्यालय पर मौजूद है। रिपोर्टर द्वारा यह कहे जाने पर कि मैं 12:21 पर रियलिटी चेक करके वापस शाहाबाद आया हूं जिसका फोटो और वीडियो उसके पास है तो थोड़ी देर के लिए फोन पर सन्नाटा छा गया। सीडीपीओ का कहना है कि ऐसे वीडियो रोज बनाए जाते हैं। मैं एस आई आर की ड्यूटी पर क्षेत्र में दौड़ता रहता हूं इसलिए कार्यालय उपस्थिति कम हो पा रही है। एसडीएम और तहसीलदार के साथ परमानेंट मीटिंग में दिखाई देता हूं। फिलहाल सीडीपीओ की टोडरपुर और शाहाबाद दोनों कार्यालय से अनुपस्थित विभागीय कार्यों के संपादन में बाधा बन रही है। बताया जाता है कि सीडीपीओ राहुल सिंह का अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से भी व्यवहार ठीक नहीं रहता है इससे कर्मचारी भी आक्रोशित रहते हैं, फिलहाल सीडीपीओ की हेकड़ी और अनुपस्थित चर्चा का विषय बनी हुई है।

### श्रमिक 31 दिसंबर तक अपने पंजीयन का नवीनीकरण अवश्य करा लें : सत्यबीर सिंह

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** सहायक श्रमायुक्त सत्यबीर सिंह ने जनपद के समस्त पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को सूचित किया है कि जिन श्रमिकों ने 04 वर्ष या उससे अधिक समय से अपना पंजीकरण नहीं कराया है तो वह शासन द्वारा दिये अन्तिम अवसर के रूप में 31 दिसम्बर 2025 तक अपने पंजीयन का नवीनीकरण कराकर संचालित विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें। उन्होने समय पर पंजीकरण न कराने वाले श्रमिकों का पंजीयन निष्क्रिय सूची में सम्मिलित कर दिया जायेगा, और पंजीयन में किसी प्रकार की समस्या आती है तो सहायक श्रमायुक्त कार्यालय, सिनेमा चौराहा में उपस्थित समस्या का निराकरण करा सकते है।

### 19 दिसंबर को मतदेय स्थलों पर बीएलओ व बीएलए बैठक में प्रतिभाग करेंगें : पीके त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** अपर जिला मजिस्ट्रेट/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को अवगत कराया है कि जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर फार्म कलेक्शन डिजिटाइजेशन एवं मृतक, शिफ्टेड, डुप्लीकेट, अनुपस्थित का कार्य पूर्ण हो चुका है और इन मतदेय स्थलों पर 19 दिसम्बर 2025 को मतदेय स्थलवार बीएलओ के साथ मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के बीएलए के साथ दोपहर 12 बजे बैठक आहूत की जायेगी, इसलिए सभी राजनैतिक दलों के बीएलए समय पर बैठक में प्रतिभाग करें।

# किसानों की खाद, बिजली, पानी जैसी समस्याओं का समाधान तत्काल करायें : जिलाधिकारी




जन एक्सप्रेस। हरदोई

विकास भवन के स्वर्ण जयंती सभागार में आहूत किसान दिवस की अध्यक्षता करते हुए डीएम अनुनय झा ने कहा कि जनपद के किसानों की खाद, बिजली तथा पानी जैसी जरूरी समस्या का समाधान संबंधित विभाग के अधिकारी अपने विभागीय संशाधनों के अनुसार निष्पक्ष एवं गुणवत्ता परक तत्काल करायें।

खाद उपलब्ध न होने की शिकायत पर मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि खाद सेन्टर समय पर खोले जाये और किसानों को उनकी आवश्यकता एवं जोतवही के आधार पर खाद उपलब्ध करायी जाये तथा किसानों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाये। बिजली की समस्या पर सीडीओ ने विघुत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों के ट्रांसफार्मर एवं विद्युत लाइन खराब है उन्हें ठीक कराकर किसानों को रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति करायें। नहरों में पानी की शिकायत पर उन्होने नहर विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नहर चलने पर किसानों की फसलों के लिए टेल तक पहुंचाने का प्रबन्ध करायें। इस अवसर पर सीडीओ सान्या छाबड़ा,सीएमओ डा0 भावनाथ पाण्डे सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी एवं किसान दलों के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# सड़क के किनारे खड़ी रोडवेज बस से टकराकर बाइक सवार घायल

जन एक्सप्रेस। हरपालपुर



हरपालपुर थाना क्षेत्र के खरगपुर खमहौरा मार्ग पर बीती देर शाम एक बाइक सवार सड़क के किनारे खड़ी रोडवेज बस से टकरा कर गम्भीर रूप से घायल हो गया।घायल बाइक सवार को आनन फानन में इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार बीती 16 दिसम्बर की देर रात लगभग 8 बजे हाकिम सिंह पुत्र रामचंद्र निवासी गदनापुर खरगपुर तिराहे से बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर जा रहा था।बताया जा रहा है कि हाकिम सिंह शराब के नशे में बाइक चला रहा था।और जैसे ही यह खम्हौरा गांव के पास पहुंचा वहां सड़क के किनारे रोज की भांति खड़ी रोडवेज बस से टकरा गया।जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।आसपास मौजूद लोगों ने उसके परिजनों को सूचना दी तथा आनन फानन में इलाज के लिए रात में ही सीएचसी हरपालपुर ले गए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर हालत में रेफर कर दिया गया।

# कोतवाली के सामने सर्राफा कारोबारी ने पेट्रोल डालकर आत्महत्या का किया प्रयास

जन एक्सप्रेस। शाहाबाद




शाहाबाद कोतवाली के ठीक सामने हाईवे के डिवाइडर पर एक सर्राफा कारोबारी ने बुधवार को दोपहर अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया। कारोबारी को पेट्रोल छिड़कते हुए देखकर कोतवाली के अंदर से सिपाहियों ने दौड़कर उसे पकड़ लिया। सर्राफा कारोबारी चीखता चिल्लाता रहा। सर्राफा कारोबारी सुनील कुमार पुत्र दयाशंकर रस्तोगी निवासी चौक सर्राफा कारोबारी है। आरोप है कि उसका नौकर अमर सिंह पुत्र सियाराम यादव निवासी नगला लोथू उसकी दुकान की सभी चाभियां लेकर भाग गया।

झोले में चाभियों के साथ कुछ आभूषण भी थे। कारोबारी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस कोई भी सुनवाई नहीं कर रही जिससे आजिज आकर उसने यह निर्णय लिया। पुलिस सराफा कारोबारी को समझा बूझाकर कोतवाली ले गई। आरोपी नौकर को पुलिस ने पकड़ लिया है जिसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। पुलिस आत्महत्या का प्रयास करने वाले सराफा कारोबारी के खिलाफ भी करवाई करने जा रही है।

# जमीनी रंजिश के चलते घर में घुसकर हमला, तीन लोग घायल, दोनो पक्षों ने दी तहरीर

जन एक्सप्रेस। हरपालपुर



थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव निवासी देवेंद्र कुमार पुत्र सुधाकर ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर गांव के ही कुछ लोगों पर जमीनी रंजिश के चलते घर मे घुसकर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित के अनुसार मंगलवार की रात वह अपने घर पर चचेरे भाई साजन पुत्र दिवाकर और चाची सुनीता के साथ मौजूद था, तभी गांव निवासी अनिल, तिलकेंद्र, नितिन पुत्रगण राम सुरेश तथा ऋषभ पुत्र अनिल लाठी-डंडा और नाजायज तमंचा लेकर घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जमीनी विवाद को लेकर हमला कर दिया, जिससे देवेंद्र कुमार, उसका चचेरा भाई साजन और चाची सुनीता घायल हो गए। हमले के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद परिजनों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरपालपुर में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनो पक्षो ने घटना की थाने पर तहरीर दी है।सभी घायलों का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया है तथा प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मिल से चावल चोरी करने का आरोपी चावल सहित पकड़ा



**जनएक्सप्रेस/शाहाबाद।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर खुर्द में चावल मिल से चावल चोर को गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। 16 दिसंबर को शोभित कुमार गुप्ता निवासी फिरोजपुर खुर्द द्वारा थाना शाहाबाद पर तहरीर दी गयी कि अनिल पुत्र सालिगराम ने प्रमोद, अजीत एवं अंबरीष सर्व निवासी ग्राम नरहाई थाना शाहाबाद के साथ उसकी माया इंडस्ट्रीज से काफी मात्रा में चावल चोरी कर लिया है। इस संबंध में तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। उपनिरीक्षक हरदीप और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद अनिल पुत्र सालिगराम को चोरी की चार अदद चावल की बोरी सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहे हैं।

## ज्योति हत्याकांड का खुलासा, मुख्य आरोपी फुरकान पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। हरदोई



माधौगंज थाना क्षेत्र के ग्राम डकौली में कूड़ा घर के पास मिले ज्योति नामक युवती के शव के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, घटना का मुख्य आरोपी गांव का ही निवासी फुरकान है, जिसे पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया।

बताया गया है कि पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपी फुरकान ने भागने का प्रयास किया, जिस पर हुई मुठभेड़ में उसके दोनों पैरों में गोली लगी।

घायल अवस्था में आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि युवती की हत्या के मामले में फुरकान की भूमिका सामने आने के बाद उसकी तलाश की जा रही थी। मुठभेड़ के बाद आरोपी की गिरफ्तारी से मामले के खुलासे में अहम सफलता मिली है।फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले में विधिक कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### रेल मंत्री ने सांसद की मांग पर दी स्टेशन की स्वीकृति, क्षेत्र में खुशी की लहर

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के पैतृक गांव बटेश्वर में रेलवे होल्ट के स्थान पर पूर्ण रेलवे स्टेशन बनाए जाने को लेकर केंद्र सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह जानकारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद राजकुमार चाहर को पत्र के माध्यम से दी। फतेहपुर सीकरी के सांसद एवं किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में यह मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया था। उन्होंने कहा था कि बटेश्वर धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है, जहां ब्रह्मलाल जी महाराज का मंदिर, 108 मंदिरों की श्रृंखला, यमुना नदी एवं श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का पैतृक निवास स्थित है।

सांसद चाहर ने सरकार से मांग की थी कि बटेश्वर रेलवे होल्ट को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त भव्य रेलवे स्टेशन में परिवर्तित किया जाए तथा प्रमुख ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाए, जिससे देश-भर से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सुविधा मिल सके। इस संबंध में सांसद चाहर द्वारा 30 जुलाई 2025 को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र सौंपा गया था।

# मारपीट में घायल की मौत के मामले पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजा

जन एक्सप्रेस। हरदोई



बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम महमदापुर बबनापुर में 23 अक्तूबर को हुई मारपीट की घटना में उपचार के दौरान हुई अधेड़ की मौत के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है।जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार बीती 23 अक्तूबर को शिवबक्श पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम महमदापुर बबनापुर द्वारा थाना बेहटा गोकुल पर तहरीर दी गई कि कुलदीप उर्फ बुद्धा पुत्र बालस्टर निवासी ग्राम महमदापुर बबनापुर द्वारा वादी के पिता के साथ गाली-गलौज व मारपीट की गयी। जिसमें उसके पिता राजेन्द्र घायल हो गए, जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना बेहटा गोकुल पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी। उपनिरीक्षक शिवेंद्र राय और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।थाना प्रभारी धर्मेंद्र गिरी ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### ताला ठीक करने के बहाने चोरी करने वाले दो शातिर चोर दबोचे

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** थाना कमलानगर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर चोरों को समय रहते गिरफ्तार कर बड़ी वारदात को होने से पहले ही नाकाम कर दिया। पकड़े गए दोनों अभियुक्त मध्य प्रदेश के धार जिले के निवासी हैं, जो खुद को ताला सुधारने वाला बताकर लोगों का भरोसा जीतते और फिर मौका पाकर चोरी कर लेते थे। पुलिस जांच में सामने आया कि ये शातिर शहर के अलग-अलग इलाकों में किराए पर मकान लेकर रहते थे और आसपास के घरों की पहले रेकी करते थे। इसके बाद दिन के समय ताला ठीक करने या देखने के बहाने घरों में प्रवेश कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। थाना कमला नगर पुलिस को इनकी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर की गई घेराबंदी के दौरान दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी में उनके कब्जे से चोरी की एक एक्टिवा भी बरामद की गई, जिसे लेकर अभियुक्तों ने पूर्व में की गई चोरी की घटनाओं को कबूल किया है। पूछताछ में यह भी सामने आया कि दोनों शातिर इससे पहले उत्तर प्रदेश के कई जिलों में चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं।

# डीएम ने जन सुनवाई में सुनी 55 जनशिकायतें



जन एक्सप्रेस। हरदोई

कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना तथा जन सुनवाई मे आज कुल 55 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। आज जन सुनवाई मे एक व्यक्ति का राशन कार्ड, एक महिला को निराश्रित महिला पेंशन एक व्यक्ति का वृद्धावस्था पेशंन हेतु पंजीकरण कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणावत्तापूर्ण ढंग से हो। राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नियमों की अनदेखी कर रही मेट्रो कॉरपोरेशन नगर निगम ने ठोंका ₹7.50 लाख का जुर्माना

जन एक्सप्रेस। आगरा



आगरा मेट्रो परियोजना के निर्माण स्थलों पर पर्यावरण नियमों की अनदेखी अब भारी पड़ने लगी है। निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2016 एवं सीपीसीबी की डस्ट मिटिगेशन गाइडलाइन्स का पालन न करने पर नगर निगम आगरा ने उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएमआरसी) पर 7.50 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है।

नगर निगम द्वारा यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय आगरा की रिपोर्ट के आधार पर की गई। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने 8 दिसंबर 2025 को आगरा मेट्रो के विभिन्न निमार्णाधीन एवं एलिवेटेड स्थलों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण में पाया गया कि मिट्टी की खुदाई, पाइल फाउंडेशन वर्क और डिवाइडर तोड़ने के कार्यों के दौरान भारी मात्रा में धूल उड़ रही थी। कई स्थानों पर मिट्टी के ढेर खुले पड़े थे, बैरिकेडिंग अधूरी थी और ग्रीन नेट नहीं लगाई गई थी। रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि पेड़-पौधों की पत्तियों पर धूल की मोटी परत जमी हुई थी, लेकिन पानी के छिड़काव की व्यवस्था नहीं थी। इसके अलावा वॉटर स्प्रिंकलिंग, एंटी-स्मॉग गन, व्हील वॉशिंग सिस्टम और मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनों का नियमित संचालन भी नहीं किया जा रहा था। 15 दिसंबर को नगर निगम द्वारा किए गए पुनः निरीक्षण में भी स्थिति में कोई खास सुधार नहीं पाया गया। लगातार लापरवाही को गंभीर मानते हुए नगर निगम ने इसे एनजीटी अधिनियम 2010 की धारा 15 एवं 16 का उल्लंघन मानकर यूपीएमआरसी पर जुर्माना लगाया। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने कहा कि शहर में चल रही बड़ी निर्माण परियोजनाओं को पर्यावरण नियमों का हर हाल में पालन करना होगा। धूल प्रदूषण से आमजन के स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ता है। भविष्य में भी नियमों की अनदेखी पाए जाने पर और कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज उत्पीड़न की घटनाओं में आरोपियों पर केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। शाहाबाद

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र में अलग अलग हुई दहेज उत्पीड़न की घटनाओं में पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर किया है। थाना क्षेत्र के मोहल्ला महमंद निवासी तालिबा पुत्री इबरत खां के अनुसार उसका विवाह कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी कलां निवासी इफ्तेखार खां के पुत्र शारिक खां के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था। पिता ने हैसियत से ज्यादा दान दहेज दिया था। शादी के कुछ दिन बाद से ही पति, ससुर,सास सबीहा,जेठ सीनू खां और ननद फिजा ने अतिरिक्त दहेज में डेढ़ लाख की नगदी और अपाचे बाइक की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। ससुराली जनों ने 31 मई को उसका सारा जेवर लेकर उसे मायके भेज दिया।11 सितंबर को उसने एक पुत्री को जन्म दिया, जिसकी पैदाइश के तुरंत बाद मौत हो गई। विपक्षियों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर दी गई शारीरिक प्रताड़ना का असर उसकी जन्म लेने वाली पुत्री पर पड़ा। उसका सारा इलाज उसके पिता द्वारा करवाया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वासित नगर निवासी धनपाल पुत्र भूधर के अनुसार उसने अपनी पुत्री रचना का विवाह बरेली जनपद के भुटहा थाना क्षेत्र के ग्राम भदौरा निवासी तिलक राम के पुत्र रजनीश के साथ तय किया था। 11 नवंबर को उसने रोक की रस्म में 51,000 नगद का चढ़ावा चढ़ाया था। रजनीश और उसके मां पिता ने शादी में स्पेलेंडर बाइक की मांग की जिसे उसके द्वारा स्वीकार कर लिया गया। कुछ दिन बाद विपक्षियों ने शादी में सोने की चेन और अपाचे बाइक की मांग को लेकर शादी करने से इंकार कर दिया। रोक कार्यक्रम में उसके सभी रिश्तेदार उपस्थित थे। समाज में उसकी बहुत बदनामी हुई है। प्रभारी निरीक्षक शाहाबाद जितेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार को बताया दहेज उत्पीड़न की दोनों घटनाओं में पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नेपाल ने खोले भारतीय करेंसी के दरवाजे, यात्रा आसान

## भारतीय 200 और 500 रुपये के नोट अब मान्य, सीमा पार कारोबार और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा



जन एक्सप्रेस । सोनौली/महराजगंज

भारत से नेपाल जाने वाले यात्रियों और पर्यटकों के लिए राहत भरी खबर है। नेपाल सरकार ने भारतीय नोटों पर करीब एक दशक से लगी पाबंदी को हटा दिया है। अब नेपाल में भारतीय 200 और 500 रुपये के नोट रखना और खर्च करना वैध होगा। इस फैसले से सीमा पार यात्रा करने वाले लोगों, व्यापारियों और पर्यटकों को बड़ी सहूलियत मिलने की उम्मीद है।

नेपाल सरकार के निर्णय के तहत भारतीय और नेपाली नागरिक सीमा पार यात्रा के दौरान अधिकतम 25 हजार रुपये तक के भारतीय 200 और 500 रुपये के नोट अपने साथ ले जा सकेंगे। इससे नेपाल घूमने जाने वाले भारतीय यात्रियों को करेंसी एक्सचेंज की झंझट से काफी हद तक राहत मिलेगी।

### सीमा क्षेत्रों के कारोबार को मिलेगी रफ्तार

सूत्रों के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पड़ोसी देशों की यात्रा के दौरान बड़ी भारतीय करेंसी ले जाने की छूट के बाद नेपाल सरकार ने भी भारतीय मुद्रा के उपयोग को वैध करने का निर्णय लिया। सीमा से सटे इलाकों में लंबे समय से इस फैसले की मांग की जा रही थी। अब होटल, रेस्टोरेंट, बाजार, परिवहन और अन्य सेवाओं में भारतीय मुद्रा का सीधा इस्तेमाल संभव होगा, जिससे स्थानीय कारोबार को गति मिलेगी।

### टूरिज्म इंडस्ट्री को मिलेगा बड़ा बूस्ट

भैरहवा उद्योग वाणिज्य संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं नाटा संस्थान के संस्थापक विष्णु शर्मा का कहना है कि भारतीय करेंसी को अनुमति मिलने से नेपाल की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश बढ़ेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। कसीनो, बड़े होटल, शॉपिंग मार्केट और बॉर्डर एरिया में कारोबार बढ़ने की संभावना है।

### भारत-नेपाल रिश्तों को मिलेगी और मजबूती

नेपाल भारत मैत्री संघ, रूपंदेही के अध्यक्ष चंद गुप्ता के अनुसार यह निर्णय दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों को और प्रगाढ़ करेगा। राजनीतिक और कूटनीतिक दृष्टि से भी इसे एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। कुल मिलाकर, नेपाल सरकार का यह फैसला यात्रियों के लिए राहत भरा होने के साथ-साथ नेपाल की अर्थव्यवस्था और भारत-नेपाल संबंधों के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होगा।

## जनपद में पहुंचने वाली है इफको की 3194.6 मीट्रिक टन यूरिया

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता ने बताया है कि जनपद में आगामी दो दिवस में इफ्को की 3194.640 मैट्रिक टन यूरिया की रैक प्राप्त हो रही है। समितियों के डिमाण्ड के क्रम में जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त 122 सहकारी समितियों एवं संस्थाओं में पी0सी0एफ0 द्वारा इसका प्रेषण किया जायेगा। उन्होने किसान बन्धुओं को सूचित किया है कि जनपद में यूरिया की कमी नहीं है, इच्छुक किसान बन्धु जिस समिति के सदस्य है, वहां से आवश्यक अभिलेख (कृषक पंजिका, खतौनी, आधार कार्ड) दिखाकर अपनी जोत बही के अनुसार यूरिया प्राप्त कर सकते है। आज की तिथि में समितियों पर 1154 मैट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। जिलाधिकारी के स्तर से रबी अभियान के लिये एक फुल रैक यूरिया की मांग की गयी है जिससे किसानों को यूरिया प्राप्त करने में किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

## खेल से अनुशासन और आत्मनिर्भर होंगे युवा : विधायक




जन एक्सप्रेस । महराजगंज

जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के तत्वावधान में आयोजित विधायक खेल स्पर्धाद्2025 का भव्य शुभारंभ सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने दीप प्रज्वलन व गुब्बारे उड़ाकर किया। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों का उत्साह, अनुशासन और खेल भावना देखते ही बन रही थी, जिससे पूरा स्टेडियम खेलमय वातावरण से सराबोर हो गया।

उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि खेल आज केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि युवाओं के सर्वांगीण विकास का मजबूत आधार है। खेल से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास संभव है और इसके लिए खेल सबसे प्रभावी माध्यम है। विधायक ने बताया कि सरकार ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और विधायक खेल स्पर्धा जैसे आयोजन युवाओं को बड़ा मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल ने कहा कि खेल युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। खेल से सकारात्मक सोच और सामाजिक सम्मान मिलता है। समारोह में विभिन्न खेल स्पर्धाओं में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर युवा कल्याण विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व खेल प्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# एक किलो गांजा व मोटरसाइकिल के साथ युवक धराया, जेल

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले की बाघराय थाने की पुलिस ने बुधवार को थाना इलाके के उमरापट्टी गांव के समीप रामकोला पुल से एक युवक को लगभग एक किलो दो सौ ग्राम गांजा व मोटरसाइकिल के साथ धर दबोचा। पुलिस ने मोटरसाइकिल को कब्जे में लेते हुए उसे एमवी एक्ट में सीज कर दियाया। पकड़ा गया युवक सुरेश उर्फ पप्पू महेशगंज थाना इलाके के पुरमई सुल्तानपुर गांव का निवासी है। एसपी दीपक भूकर के द्वारा नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पश्चिमी व सीओ सदर के पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी श्रवण कुमार के नेतृत्व में एसआई विकास प्रधान व उनकी पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज करते हुए बुधवार को जेल भेज दिया। एसपी दीपक भूकर द्वारा जिले भर में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं प्रसार की रोकथाम हेतु पुलिस द्वारा निरंतर विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद को नशामुक्त वातावरण प्रदान करना तथा समाज, विशेषकर युवाओं, को इस गंभीर बुराई से सुरक्षित रखना है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध रूप से मादक पदार्थों का निर्माण, क्रय-विक्रय या तस्करी होती दिखाई दे, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें जिससे प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## बोर्ड परीक्षा केंद्रों की प्रस्तावित सूची में होगा संशोधन, 15 केंद्र बदलेंगे

**देवरिया।** यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रों की प्रस्तावित सूची में संशोधित करने की तैयारी चल रही है। इसमें शामिल 15 परीक्षा केंद्रों के बदले जाने की संभावना है। पिछले दिनों डीएम ने आपत्तियों के निवारण के बाद प्रस्तुत की गई फाइल को लौटा दिया था। इसके बाद से इसकी दोबारा समीक्षा की जा रही है। यूपी बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन और सकुशल संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्र बनाने में फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। यूपी बोर्ड ने अनेक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए 30 नवंबर को जिले में 163 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाने के लिए सूची जारी किया था। इसके बाद जिलेभर के विद्यालयों के संचालकों से आपत्तियां मांगी गई थी। इन आपत्तियों पर तहसीलवार एसडीएम की अध्यक्षता में गठित समिति ने भौतिक सत्यापन कर अपनी रिपोर्ट जिलास्तरीय समिति को सौंप दिया। इस पर डीएम के नेतृत्व में विचार किया गया। इसके बाद संशोधित सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हुई।

# हत्या, व हत्या के प्रयास के दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे, जेल

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़




जिले की सांगीपुर पुलिस ने बुधवार को हत्या व हत्या के प्रयास से सम्बंधित दर्ज मुकदमे के दो आरोपियों, प्रदीप यादव व मोनू सरोज को थाना इलाके के लखनपुरशूर मोड़ के समीप गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दो आरोपियों को पुलिस द्वारा पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त एक कुल्हाडी व एक लाठी बरामद किया है।

बता दें कि बीते 7 दिसम्बर को थाना इलाके के लखनपुरसूर निवासी अनन्त बहादुर कोरी ने थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि जब वह काम करके घर वापस आ रहा था तभी रस्ते में प्रदीप, रामकिशुन, अनुज यादव, शनि विश्वकर्मा, अशरथ, आदर्श विश्वकर्मा, मोनू सरोज, अंजली यादव व चार पांच अज्ञात लोगों ने हाकी व कुल्हाड़ी लेकर उस पर हमलावर हो गए। जिसमें अनंतराम व उसके भाई अयोध्या प्रसाद व परिजनों को शरीर में गंभीर चोटे आई। साथ ही हमलावरों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर गाली गलौज भी की थी। मामले में सांगीपुर पुलिस ने आठ नामजद व चार पांच अज्ञात के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। घायल अनंतराम को सीएचसी सांगीपुर से लखनऊ रेफर किया गया जिसकी ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमे में हत्या की धारा बढाते हुए आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। उसी क्रम में पुलिस ने अभियुक्त प्रदीप यादव व मोनू सरोज को थाना इलाके के लखनपुरशूर मोड़ के समीप बुधवार को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त एक कुल्हाड़ी व लाठी भी बरामद किया है। एसओ सांगीपुर राजेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि दो आरोपियों को इसके पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। दो आरोपी बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेजे गये। अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# बेकाबू कार डिवाइडर से टकराई, महिला की मौत

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़




जिले में प्रयागराज-लखनऊ राजमार्ग पर मंगलवार देर शाम कुंडा कस्बे के गांधी नगर मोहल्ले के समीप एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार मानिकपुर थाना इलाके के कटरा निवासी मानसी ( 38 वर्ष ) अपनी पांच वर्षीय बेटी परी के साथ प्रयागराज निवासी अपने रिश्तेदार प्रमोद केसरवानी के साथ कार से मानिकपुर से प्रयागराज जा रही थीं। कार जैसे ही गांधी नगर मोहल्ले के पास पहुंची ही थी कि अचानक चालक कार पर नियंत्रण खो बैठा और कार डिवाइडर से जा टकराई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मानसी और उनकी बेटी कार में फंस गई। दुर्घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहां मौजूद लोगों ने दोनों घायलों को कार से बाहर निकाला और उपचार के लिए कुंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने मानसी की हालत गम्भीर देख स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया। प्रयागराज ले जाते समय महिला की रास्ते मे मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवाकर किनारे किया जिसके बाद यातायात बहाल हो सका। दुर्घटना के कारण कुछ देर के लिए हाईवे पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दुर्घटना : ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से एक की मौत, दूसरा गम्भीर

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले के अंतू थाना इलाके में बाइक सवार दो युवक ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गये। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि गम्भीर रूप से घायल साथी का इलाज चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना इलाके के सेतापुर निवासी राजू (30 वर्ष) अपने गांव के ही सन्तोष विश्वकर्मा (40 वर्ष) के साथ मंगलवार शाम सण्डवा चंद्रिका बाजार आया था। देर शाम दोनों मां चंडिका देवी धाम से बाइक से घर लौट रहे थे। इस दौरान बाबूगंज-संडवा चंद्रिका मार्ग पर प्रयाग नगर बाजार के समीप सामने से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली में बाहर निकले टायर से उनकी बाइक टकरा गई। जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर ग्रामीणों को भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची अंतू पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए सीएचसी संडवा चंद्रिका पहुंचाया। जहां हालत गम्भीर देख डॉक्टर ने दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां पहुंचने पर संतोष विश्वकर्मा की मौत हो गई थी। जानकारी मिलने पर परिजन भी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। मेडिकल कॉलेज कर्मियों ने शव पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। एसओ अंतू आनंदपाल ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर के बाद बाइक सवार दो युवक घायल हो गये थे। इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जबकि दूसरे घायल का इलाज चल रहा है। ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

## बैंक खाता हैक कर 2.18 लाख निकाले

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

नगर पंचायत फाजिलनगर निवासी एक व्यवसायी ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने बैंक खाते को हैक कर हैकरों पर दो बार में 2.18 लाख रुपये निकालने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। फाजिलनगर के व्यापारी विजय जायसवाल ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उनकी मोटर पार्ट्स का होलसेल दुकान है। स्टेट बैंक फाजिलनगर में सीसी खाता है। 11 दिसंबर की शाम उनका मोबाइल, सीसी कैमरा सहित अन्य डेटा हैक हो गया। जब तक कुछ समझ पाते तब तक उनके खाते से एक बार 1,69,135 रुपये और कुछ देर बाद 49 हजार रुपये निकल गए। इसकी जानकारी होने पर बैंक शाखा में सूचना दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच चल रही है।

# पुलिस ने तीन मनचलों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़




जिले में एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में थानों पे तैनात मिशन शक्ति टीम व एंटी रोमियो स्क्वाड द्वारा महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के मद्देनजर स्कूल-कॉलेज, बस स्टेशन, बाजार और प्रमुख चौराहों पर रोजाना चेकिंग की जा रही है। उसी क्रम में कंधई थाने की एंटी रोमियो टीम ने चेकिंग के दौरान थाना इलाके के एक कॉलेज के समीप तीन मनचलों के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार कंधई थाने पर तैनात एसआई सुनील कुमार राय व एंटी रोमियो टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक कॉलेज के पास पहुंचे तो तीन लड़के रास्ते मे आने जाने वाली लड़कियों को देखकर फिल्मी गाना गाते हुए फब्तियां कस रहे थे। पुलिस को देखते ही मनचले भागने लगे। पुलिस ने तीनों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन तीनों भागने में सफल रहे। हालांकि पुलिस ने जांच पड़ताल कर तीनों के खिलाफनामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसके पहले भी इस प्रकार की हरकत की गई थी। जिसके बाद मंगलवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। बता दें कि एसपी के निर्देशन में जिले के सभी थानों की एंटी रोमियो स्क्वाड व मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के मद्देनजर चेकिंग अभियान रोजाना चलाया जा रहा है।

# अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के आरोपी गिरफ्तार, जेल

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले की जेठवारा थाने की पुलिस ने दुष्कर्म, अपहरण व पॉक्सो थाना जेठवारा पुलिस द्वारा दुष्कर्म, अपहरण व पॉक्सो एक्ट से संबंधित एक वांछित अभियुक्त को बुधवार को गिरफ्तार किया। आरोपी जेठवारा थाना इलाके के डगमगबीर बाबा नरायनपुर के पास से पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्त देवानन्द कोहड़ौर थाना इलाके के अतरसण्ड गांव का रहने वाला है। एसपी दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ सदर के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी जेठवारा विजयकान्त सत्यार्थी के नेतृत्व में एसआई अरूण कुमार मौर्या व उनकी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध जेठवारा थाने पर दुष्कर्म, अपहरण व पास्को एक्ट में मुकदमा दर्ज है। जिसकी तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही थी। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया।

## सामाजिक कुंभ के कार्यक्रमों पर की चर्चा

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

मां नारायणी सामाजिक कुंभ आयोजन समिति की बैठक कैंप कार्यालय में हुई। इसमें मौनी अमावस्या के अवसर पर तीन दिवसीय मां नारायणी सामाजिक कुंभ के कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसकी अध्यक्षता महंत डा. सत्येंद्र गिरी महाराज ने किया। डा. सत्येन्द्र गिरी महाराज ने कहा कि मौनी अमावस्या पर स्नान का सनातन धर्म में बहुत बड़ा महत्व होता है। इस मुहूर्त में पवित्र नारायणी नदी में कुशीनगर, देवरिया, महाराजगंज, गोरखपुर, बिहार व नेपाल के लाखों श्रद्धालु डुबकी लगाकर पुण्य के भागी बनते हैं। संयोजक मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि तैयारियां आरंभ कर दी गई हैं।

# किसान दिवस का आयोजन, जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



विकास भवन स्थित सभागार में किसान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याएं एवं जिज्ञासाएं प्रशासन के समक्ष रखीं, जिन पर जिलाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में विभूति नारायण पटेल, ग्राम दुबौली, विकास खंड सदर ने नहरों की सफाई के दौरान निकाली गई सिल्ट/मिट्टी को नहर किनारे रास्तों व कृषकों के खेतों में डाले जाने से फसलों के प्रभावित होने की समस्या उठाई। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, सिंचाई प्रथम को तत्काल सिल्ट के समुचित प्रबंधन के निर्देश दिए। वहीं वीरेन्द्र चौरसिया, ग्राम इन्दुपुर मठिया, विकास खंड लक्ष्मीपुर ने जैविक खेती एवं उसके उत्पादों के प्रमाणीकरण के संबंध में जानकारी मांगी। जनार्दन पटेल, निदेशक, रामचन्द्र दास फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, ग्राम परसा राजा, विकास खंड मिठौरा ने एग्रीकल्चरल इन्फ्रास्ट्रक्चर फण्ड के अंतर्गत लिए गए ऋण पर केन्द्र एवं राज्य सरकार से मिलने वाली ब्याज छूट के विषय में जानकारी चाही। जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि को संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर किसानों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। किसानों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि समय की आवश्यकता है कि किसान जैविक कृषि एवं वाणिज्यिक कृषि की ओर अग्रसर हों। उन्होंने 'धरती माता बचाओ अभियान' का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग को न्यूनतम करना और जैविक खेती को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि जैविक कृषि किसानों के लिए दीर्घकाल में लाभकारी सिद्ध होगी। जिलाधिकारी ने किसानों को फॉर्मर रजिस्ट्री कराने हेतु प्रेरित करते हुए बताया कि इससे किसानों को मिलने वाली सरकारी सुविधाएं अधिक आसान, पारदर्शी एवं प्रभावी होंगी और भविष्य में किसी भी लाभ से वंचित होने की स्थिति नहीं आएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला प्रबंधक इफको, सहायक आयुक्त/सहायक निबंधक सहकारिता, जिला प्रबंधक नाबार्ड, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी के प्रतिनिधि, सहायक निदेशक मत्स्य एवं खाद्य एवं रसद विभाग, विद्युत, सिंचाई, दुग्ध विकास, उद्यान विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक तथा जनपद के प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

# पेंशनर्स समाज की धरोहर, सम्मान सर्वोपरि : डीएम

## कलेक्ट्रेट में पेंशनर्स दिवस समारोह, 105 वर्षीय गोपीनाथ पाल सहित अति वरिष्ठ पेंशनर्स हुए सम्मानित

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर शासन के निर्देश के क्रम में मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में पेंशनर्स दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने की। समारोह में 80 वर्ष से अधिक आयु के अति वरिष्ठ पेंशनर्स को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र ने 105 वर्षीय गोपीनाथ पाल, 95 वर्षीय भगवान प्रसाद श्रीवास्तव, 94 वर्षीय सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी अवध नारायण सिंह, 90 वर्षीय महाबली यादव, 84 वर्षीय बाबू राम सिंह, 83 वर्षीय उमा शंकर मिश्रा, 82 वर्षीय ठाकुरी, 82 वर्षीय विकास कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ पेंशनर्स एवं पेंशनर्स संगठनों के पदाधिकारियों को सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने सभी पेंशनर्स के स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर 94 वर्षीय अवध नारायण सिंह



को कार्यक्रम का अध्यक्ष नामित किया गया।

जिलाधिकारी ने समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि पेंशनर्स से संबंधित समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार पेंशनर्स की सेवाओं के प्रति कृतज्ञ है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी पेंशनर को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। विशेष रूप से चिकित्सा प्रतिपूर्ति से जुड़े मामलों को लंबित न रखते हुए शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

### 24 हजार से अधिक पेंशनरों को मिल रहा लाभ

वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि जनपद में 24,386 पेंशनरों को नियमित पेंशन एवं 3,161 पेंशनरों को 80 वर्ष से अधिक आयु का अतिरिक्त लाभ दिया जा रहा है। जीवन प्रमाण पत्र की व्यवस्था को ऑनलाइन किया गया है, जिसके अंतर्गत अब तक 14,604 पेंशनरों का जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन प्राप्त हो चुका है। अशक्त पेंशनरों का सत्यापन उनके घर जाकर भी कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र ने कहा कि 90, 95 और 100 वर्ष से अधिक आयु तक स्वस्थ जीवन जीना संयम, अनुशासन और त्याग का प्रतीक है। उन्होंने पेंशनर्स के परिजनों से अपील की कि बुजुर्ग समाज और परिवार की अमूल्य धरोहर हैं, उनकी सेवा और सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने एसआईआर के संबंध में वरिष्ठ नागरिकों को जानकारी दी तथा सभी पेंशनर्स को नमन करते हुए उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए वरिष्ठ कोषाधिकारी उमा शंकर एवं आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी उमाशंकर, कोषागार के समस्त कार्मिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा लगभग 200 सेवानिवृत्त पेंशनर्स उपस्थित रहे।

## हाईवा की चपेट में आकर वृद्ध और नील गाय से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। अदलहाट के नरायनपुर ओवरब्रिज से पास सिकिया गांव के सामने सोमवार की शाम को हाईवा की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई। वहीं, जमालपुर के ओईनवा गांव के पास सोमवार की रात वाराणसी से लौटते समय नील गाय से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। अदलहाट के सिकिया गांव निवासी बल्लू यादव (80) साइकिल से बाजार गए थे। शाम को घर लौट रहे थे। वाराणसी से सोनभद्र जा रही तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में वे आ गए। परिजन घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे। घायल बल्लू यादव को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। नरायनपुर पुलिस ने हाईवा को कब्जे में ले लिया है। मृतक की कोई संतान नहीं है। चौकी प्रभारी अजय मिश्रा ने शव का पंचनामा कराया। थानध्यक्ष अजय सेठ ने बताया कि हाईवा की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गई है। दूसरी घटना, चंदौली जिले के इलिया थाना क्षेत्र के लेहरा खास गांव निवासी लवकुश यादव (25) मां के साथ वाराणसी के एक निजी अस्पताल में भर्ती मामा की बहू को देखने गए थे। वे मां को अस्पताल में छोड़कर रात साढ़े 10 बजे घर लौट रहे थे। जमालपुर के ओइनवा गांव के पास पहुंचे थे कि नील गाय से टकरा गए।

# इन्दिरा स्पोर्ट्स डे पर छात्रों का जोश, विजेताओं को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

सुजानगंज प्रणवम स्कूल, सुजानगंज में इन्दिरा स्पोर्ट्स डे के अवसर पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के उपरांत भव्य पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। विद्यालय परिसर पूरे दिन खेल भावना, अनुशासन और उत्साह से सराबोर रहा।



इन्दिरा स्पोर्ट्स डे के अंतर्गत कबड्डी, दौड़, खो-खो, धीमी गति साइकिल रेस, रस्साकशी, बाधा दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश के साथ प्रतिभाग कर दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार सिंह रहे। उन्होंने कबड्डी में बालक वर्ग के विजेता आयुष पाण्डेय एवं बालिका वर्ग की विजेता तमन्ना तिवारी, खो-खो में संस्कृत सिंह विजेता टीम सहित अन्य एकल एवं टीम प्रतिस्पर्धाओं के विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सिल्जा प्रमोद ने अपने संबोधन में कहा कि इन्दिरा स्पोर्ट्स डे जैसे आयोजनों से विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग और आत्मविश्वास का विकास होता है। वहीं विद्यालय के प्रबंधक श्री प्रमोद कुमार ने कहा कि खेलकूद बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और विद्यालय ऐसे आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा।

कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या सिल्जा प्रमोद ने की तथा आभार विजय शंकर दुबे ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर पंकज सिंह, पंकज मणि तिवारी, दिव्या तिवारी, शीतल मिश्रा, प्रियंका सिंह, आकांक्षा मिश्रा, अर्चना सिंह, प्रतिभा यादव, सुनीता सोनी, रीनू तिवारी, किरण दूबे, निशा मौर्य, निशा बनो सहित शिक्षकगण एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

# बच्चे के स्कूल पहुंचकर मुकदमे की जानकारी देने का आरोप

## महिला ने पुलिस पर सामाजिक क्षति पहुंचाने का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर बरसठी थाना क्षेत्र के बरसठी गांव में चल रहे जमीनी विवाद से जुड़ा मामला अब और गंभीर होता नजर आ रहा है। आरोप है कि पुराने वीडियो के आधार पर दर्ज किए गए मुकदमे का प्रचार पुलिस द्वारा बच्चे के स्कूल तक पहुंचकर किया गया, जिससे नाबालिग बच्चे और उसके माता-पिता की सामाजिक छवि को नुकसान पहुंचा है। पीड़िता संगीता मिश्रा ने थाना बरसठी में तैनात दरोगा राजकुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उन्होंने अपने पक्ष में प्रमाण स्वरूप पेन ड्राइव और वीडियो पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। इसके बावजूद पुलिस द्वारा न तो परिवार से आधार कार्ड जैसे आवश्यक पहचान पत्र लिए गए और न ही अन्य साक्ष्यों की विधिवत जांच की गई। आरोप है कि बिना समुचित सत्यापन के ही बच्चे के स्कूल जाकर मुकदमे की जानकारी अध्यापकों को दी गई, जिससे परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची। संगीता मिश्रा का यह भी आरोप है कि उनका मुकदमा 26 नवंबर को दर्ज किया गया, जबकि विपक्षी पक्ष की घटना 18 नवंबर की बताकर उनके खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता का कहना है कि उनके पास पूरे घटनाक्रम से जुड़े सभी ठोस प्रमाण मौजूद हैं, इसके बावजूद पुलिस द्वारा एकतरफा कार्रवाई की जा रही है। परिजनों के अनुसार पुलिस की इस कथित कार्रवाई से बच्चे की मानसिक स्थिति प्रभावित हुई है और उसकी पढ़ाई पर भी असर पड़ा है। मामले को लेकर संगीता मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक जौनपुर को प्रार्थना पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच कराने और कथित रूप से गुमराह कर मुकदमा दर्ज कराने वाले व्यक्ति तथा संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल इस पूरे मामले पर पुलिस विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया जिला कारागार का त्रैमासिक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मा.जनपद न्यायाधीश श्री सुशील कुमार शशि, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार में निरुद्ध कैदियों से संवाद करते हुए उनकी विधिक आवश्यकताओं, ठंड से बचाव की व्यवस्थाओं तथा स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं और उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी। कैदियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही कारागार में साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता, पेयजल, तथा सुरक्षा संबंधी प्रबंधों का भी अवलोकन किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव, जेल अधीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में दिखा जोश, खेल मैदान में गूंजा उत्साह, मंत्री, जनप्रतिनिधि व अफसरों ने किया दो दिवसीय प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

बी.आर.पी. इंटर कॉलेज के खेल मैदान में मंगलवार को 47वीं जिला स्तरीय दो दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह-2025 का भव्य आगाज* हुआ। रंग-बिरंगे गुब्बारों, आकर्षक मार्च-पास्ट और आतिशबाजी के बीच हुए उद्घाटन समारोह में खेल प्रतिभाओं का जोश देखते ही बन रहा था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव एवं सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह 'प्रिंसू' ने दीप प्रज्वलन कर किया इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ और एडी बेसिक शिक्षा हेमंत राव मौजूद रहे। जिला बेसिक शिक्षा



अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने अतिथियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किए। इसके बाद अतिथियों ने गुब्बारे उड़ाकर तथा दौड़ प्रतियोगिता में क्लैपर बजाकर खेलों की औपचारिक शुरुआत कराई। तहसील स्तरीय टीमों द्वारा प्रस्तुत मार्च-पास्ट समारोह का मुख्य आकर्षण रहा।

मुख्य अतिथि मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि खेल बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की मजबूत नींव होते हैं। हार से निराश नहीं, बल्कि सीख लेकर आगे बढ़ना ही सच्चे खिलाड़ी की पहचान है। उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों को खेल के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। एमएलसी बृजेश सिंह 'प्रिंसू ने कहा कि टीम भावना और अनुशासन से ही ऐसे बड़े आयोजन सफल होते हैं और इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग व शिक्षकों की सराहना की। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेल में निखरती प्रतिभाएं ही विकसित भारत और विकसित जौनपुर की नींव रखेंगी। उन्होंने निरंतर अभ्यास को सफलता की कुंजी बताया।

### 600 मीटर दौड़ में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

- जूनियर बालिका वर्ग में रामनगर की बिन्दु पटेल ने प्रथम, करंजाकला की शिवांगी ने द्वितीय और मुफ्तीगंज की अलका यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- जूनियर बालक वर्ग में मुफ्तीगंज के आदित्य वर्मा प्रथम, महाराजगंज के अमन निषाद द्वितीय और सिकरारा के आर्यन यादव तृतीय स्थान पर रहे।

### विजेता खिलाड़ियों को मंत्री व जिलाधिकारी द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

कार्यक्रम का संचालन खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र पटेल और नुपुर श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर बी.आर.पी. इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव सभी खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षक संघों के पदाधिकारी, एआरपी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक व खेल शिक्षक मौजूद रहें।

# डीआईजी तक पहुंचा पिता को मारने-पीटने का मामला

## दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग

जन एक्सप्रेस। बस्ती




कलवारी थाना क्षेत्र के धोबहट निवासी नीरज यादव पुत्र गंगा प्रसाद ने डीआईजी को पत्र देकर दबंगों द्वारा उनके पिता को मारने-पीटने के मामले में दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग किया है। नीरज ने इसके पूर्व पुलिस अधीक्षक को पत्र दिया था किन्तु पुलिस ने अभी तक इस मामले में न्याय तो दूर मुकदमा तक पंजीकृत नहीं किया।

डीआईजी को दिये पत्र में नीरज यादव ने कहा है कि वह शिवपूजन यादव का दत्तक पुत्र है। 6 दिसम्बर शनिवार को दिन में लगभग 1 बजे उनके पिता कुछ आवश्यक कार्य से कलवारी गये थे और अपने मोटर साइकिल से घर वापस आ रहे थे कि रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर गोलवा पेट्रोल पम्प से लगभग 100 मीटर पहले ही पहुंचे थे कि वहा पर पहले से मौजूद गांव के ही दिनेश यादव व उमेश यादव पुत्रगण स्वर्गीय दलसिंगार यादव व राम शंकर यादव पुत्र छोटे लाल यादव राड कुल्हाड़ी व डण्डा से उनके पिता को जान से मार डालने की नियत से मोटर साइकिल रोकवाकर मारने पीटने लगे। घटना स्थल पर मौजूद लोगो ने उसे सूचना दिया उसने घायल पिता को सी0एच0सी0 कलवारी पहुंचाया वहा के डाक्टर ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुये जिला अस्पताल बस्ती रेफर कर दिया जहाँ उनकी दवा उपचार होने के बाद भी उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

पत्र में कहा गया है कि इस घटना के मुख्य षडयन्त्र कर्ता बजरंग प्रसाद व अम्बिका प्रसाद यादव पुत्रगण स्वर्गीय राजेश गांव के ही है। इस सम्बन्ध में उसी दिन थानाध्यक्ष कलवारी को शिकायती प्रार्थना-पत्र दिया था किन्तु कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई, जिससे उनका मनोबल काफी बढ़ा हुआ है और आये उसे और परिवार वालों को जान से मारने की धमकी देते रहते है। उसने दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर न्याय की गुहार लगाया है।

## जौनपुर में हथियारबंद दबंगों ने परिवार पर किया हमला, घर पर जबरदस्ती कब्जे का प्रयास

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

मोहल्ला मखदूम शाह आढ़न में एक सनसनीखेज घटना घटी। अनारा देवी पत्नी लक्ष्मीप्रसाद बिन्द के अनुसार, लगभग 40-50 संख्या बदमाशों ने हथियार के बल पर उनके मकान पर कब्जा करने का प्रयास किया।

घटना में प्रार्थिनी के पुत्र लाला उर्फ रामसागर बिन्द, बहू लक्ष्मीना और पोती अंशिका दुर्गावती को गंभीर चोटें आई हैं। हमलावर राइफल और रिवॉल्वर से लैस थे और उन्होंने परिवार को मारने की धमकी दी।

अनारा देवी ने पुलिस अधीक्षक जौनपुर को लिखे पत्र में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जौनपुर से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल के पास स्थित सीसीटीवी फुटेज में पूरी घटना कैद है, हालांकि हमला करने वालों ने इसे तोड़ दिया।

बबलू बिन्द, अगनू बिन्द, रिंकू बिन्द और क्रांति समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचकर परिवार को बचाने की कोशिश कर पाए। प्रार्थिनी ने पुलिस से अपील की है कि उनके परिवार के इलाज और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि न्याय सुनिश्चित हो सके।

# माता-पिता की हत्या करने वाला पुत्र गिरफ्तार

### हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल व कार बरामद

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव सहायक पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी नगर, गोल्डी गुप्ता के कुशल पर्यवेक्षण में थाना जफराबाद पुलिस टीम द्वारा दिनांक 16.12.2025 को थाना जफराबाद, जौनपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-288/25 धारा 103(1)238/301बी0एन0स0 से संबन्धित अभियुक्त अम्बेश कुमार उर्फ रिंकू पुत्र श्यामबहादुर निवासी अहमदपुर थाना जफराबाद जनपद जौनपुर मूल निवासी ग्राम टड़वा खर्गसेनपुर थाना केराकत जनपद जौनपुर उम्र 36 वर्ष को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### पूछताछ का विवरण

उपरोक्त अभियुक्त से पूछताछ करने पर अभियोग के घटना का जूर्म का इकबाल करते हुए बता रहा है कि दिनांक 08.12.25 को शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच मे मम्मी बबिता देवी से पैसे व पारिवारिक बातो को लेकर कहा सुनी होने लगी, मेरी मम्मी बबिता ने कहा कि तुम घर से निकल जाओ तो मैने कहा कि यह घर मेरी नानी ने मुझे नेवासा मे दिया है आप लोग ही घर छोड़कर चले जाइये इस पर मेरी मम्मी ने मुझे धक्का देकर घर से बाहर करने लगी तो मुझे गुस्सा आ गया और मै पास मे टेबल पर रखा हुआ लोहे का खल बट्टे का राड से मम्मी के सिर मे मार दिया जिससे वह फर्श पर गिर कर छटपटाने लगी तब तक मेरे पापा भी वहाँ पर आ गये और कहे कि मै पुलिस को फोन करके बुला रहा हूँ और मोबाइल लेकर पुलिस को फोन करना चाहे तो मैने उसी लोहे के खल बट्टा के राड से पापा के सिर पर मार दिया मेरे पापा चिल्लाये और फर्श पर गिर गये तो एक बार और उनके सिर मे जोर से मार दिया तब भी वह चिल्लाने का प्रयास कर रहे थे तो मै रस्सी से उनके गले को कस दिया, उसके बाद मुझे समझ मे नहीं आ रहा था कि क्या करे। मैने देखा कि मेरे मम्मी पापा के सासे बन्द हो गयी और मर गई है, उनके शव को मै छिपाने के बारे मे सोचने लगा फिर मैने घर के बेसमेन्ट से लोहे की सरिया काटने वाली आरी लाकर अपने मम्मी पापा के शव को तीन तीन भागो मे काटकर अगल-2 छः प्लास्टिक के बोरो मे भरकर तथा शरीर काटते समय निकले अवशिष्ट को अलग एक बोरी में भरकर अपनी स्विफ्ट डिजायर कार नं0-क्क2क्क्6304 के डिग्गी मे लादकर घर मे फर्श पर लगे खून को पानी से साफ करके शव को दिनांक 09.12.25 को समय करीब 4 से 5 बजे के बीच बेलाव पुल से गोमती नदी मे फेक दिया हूँ। उसके बाद मै घर पर आकर घर के फर्श व गाड़ी के डिग्गी को अच्छी तरह से सर्फ से साफ कर दिया था।

घर मे देखा कि मेरी मम्मी का कटा एक पैर घर मे छुट गया था तो मै पुनः उसी दिन कटा हुआ पैर को एक झोले मे लेकर अपनी स्विफ्ट डिजायर कार से जलालपुर सई नदी मे पुल पर से नदी मे पानी मे फेक दिया था। लोहे का लोढ़ा, लोहा काटने वाला आरी, मम्मी पापा के मोबाइल को अपने घर में द्वितीय तल पर बालु मे छिपा कर रखा हूँ।

जब मेरी बहनो का फोन आया तो मैने अपने बहनो से बता दिया कि मम्मी पापा दिनांक 08.12.25 को रात्रि मे कही चले गये है और उन लोगो की मै तलाश कर रहा हूँ जब मेरी बहनो ने मुझ पर दबाव बनाने लगी कि तुम पुलिस मे जाकर शिकायत करो तो डर गया और इधर उधर टाल मटोल करने लगा जब मेरी बहनो का दबाव ज्यादा बढ़ गया तो मैने अपना मोबाइल बन्द करके जौनपुर रेलवे स्टेशन व वाराणसी में गंगा किनारे घाटो पर घुमने लगा।

मेरा मन काफी घबड़ा रहा था मुझे शान्ति नहीं मिल रही थी तो दिनांक 15.12.2025 को मै वाराणसी से अपने घर अहमदपुर आया तो देखा कि मेरे घर मे अलग से ताला लगा हुआ था तो मैने अपनी मोबाइल ऑन करके अपनी बहन को फोन करके घर के चाभी के बारे मे पूछा तो मेरी बहन, मम्मी पापा के बारे मे पूछने लगी। मेरी बहने आयी मेरी बहनो ने भी मुझसे मम्मी पापा के बारे मे पूछ रही थी तब मैने उनको सारी घटना बता दिया हूँ।

### गिरफ्तार अभियुक्त

01.अम्बेश कुमार उर्फ रिंकू पुत्र श्यामबहादुर निवासी अहमदपुर थाना जफराबाद जनपद जौनपुर मूल निवासी ग्राम टड़वा खर्गसेनपुर थाना केराकत जनपद जौनपुर उम्र 36 वर्ष।

### बरामदगी

- गाड़ी की डिग्गी से मैट का टुकड़ा,Adidas का ग्रे रंग का जूता एक जोड़ी, गाड़ी के ड्राइवर के हैंडल से लिया गया स्वैब व नमुना, Samsung का एन्ड्रायड मो0 फोन रंग काला एक अदद,
- Oppo का एन्ड्रायड मो0 फोन रंग काला एक अदद, चश्मा एक भूरा रंग का व दूसरा बैगनी रंग दो अदद,
- लोहा का कुटने वाला खल बट्टा का राड जिसकी लम्बाई एक फीट एक इंच एक अदद,
- आरी ब्लेड लोहे का रक्त रंजित जिसकी लम्बाई एक फीट सात इन्च एक अदद
- आरी वाला ब्लेड जिसमे ब्लड व रेत लगा हुआ जिसकी लम्बाई एक फीट एक अदद
- सील बट्टा का लोढ़ा रक्त लगा हुआ एक अदद
- उलेन लोवर रक्त रंजित एक अदद
- काले रंग का रक्त रंजित लोवर एक अदद
- मोफलर एक सफेद रंग का कपड़ा का टुकड़ा जिसपे IR लिखा व काला बुटीदार कपड़ा का टुकड़ा रक्त रंजित तीन अदद
- स्वीच बोर्ड के नीचे स्वैब व नमूना (2 फ्लोर से) दो अदद।

### पंजीकृत अभियोग

1. मु0अ0सं0-288/25 धारा 103(1)238/301बी0एन0स0 थाना जफराबाद जनपद जौनपुर।

### गिरफ्तार करने वाली टीम

थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल थाना जफराबाद जौनपुर, उ0नि0 राधेश्याम सिंह (चौकी कस्बा जफराबाद प्रभारी), थाना जफराबाद जौनपुर, हे0का0 पंकज पूरी, थाना जफराबाद जौनपुर, का0 प्रवीण कुमार राय, थाना जफराबाद जौनपुर, का0 प्रदीप यादव, थाना जफराबाद जौनपुर

पूर्वोत्तर रेलवे

निम्नलिखित कार्य के लिए "खूली" ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है जो उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, कालोनी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमन्त्रित की जाती है।

**निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण**-1: 15-2025-कालोनी, कार्य का नाम- 1:- गोरखपुर क्षेत्र में 568 किलोवाट क्षमता के सोलर पीवी संयंत्रों का प्रावधान। अनुमानित लागतः ₹4,34,71,661.12, बयाने की राशिः ₹3,67,400.00, ई-निविदा फार्म का मूल्य- शून्य, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि से- 09 माह।

ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 06.01.2026 समय 15:00 बजे तक, इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नही किया जायेगा, ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखे। यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कालोनी
मुजाधि/विद्युत-216 गोरखपुर

गाडियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## डा. अंकित चतुर्वेदी ने वृद्धा आश्रम में किया कम्बल का वितरण

जन एक्सप्रेस। बस्ती

बुधवार को जीएस हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डा. अंकित चतुर्वेदी ने बुधवार को बनकटा स्थित वृद्धा आश्रम में वृद्ध जनों में कम्बल का वितरण किया। डा.चतुर्वेदी ने कहा कि समाज के वंचित और उपेक्षित वर्ग की सेवा करना ही सच्चा उत्सव है। कंबल पाकर वृद्धजनों के चेहरे पर खुशी और संतोष साफ नजर आया। अपने जन्म दिन पर वृद्ध जनों की सेवा को अवसर मानते हुये डा. चतुर्वेदी ने कहा कि समाज के समर्थ



लोग जरूरतमंदों की मदद करने लगे तो अनेक समस्याओं का समाधान हो जाय। इस अवसर पर डा. अंकित चतुर्वेदी के साथ डा. हेमन्त पाण्डेय, सोनू पाठक, विपुल पाण्डेय, आशुतोष ओझा, कुनाल पाण्डेय, और अशोक वर्मा आदि ने कम्बल वितरण में योगदान दिया।

# परिषदीय विद्यालयों का समय बदलने को लेकर शिक्षकों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। बस्ती

घने कोहरे और बढ़ती ठंड के कारण परिषदीय विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों की सुरक्षा को लेकर शिक्षकों की चिंता बढ़ गई है। बुधवार को शिक्षकों ने उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह और मंत्री बालकृष्ण ओझा के नेतृत्व में विद्यालयों के संचालन समय में बदलाव की मांग किया है। ज्ञापन सौंपते हुए जिला मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में ग्रामीण अंचलों में कोहरे और ठंड का प्रभाव बढ़ गया है। कोहरे और ठंड की वजह से बच्चे भी विद्यालय में देरी से आ रहे हैं तथा उनकी संख्या भी निरंतर घटती ही जा रही है। जिसको देखते से विद्यालय का समय सुबह 10 बजे से किया जाय।

जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव और जिला उपाध्यक्ष रवीश कुमार मिश्र ने कहा कि बड़ी संख्या में शिक्षकों की प्रणति उनके निवास स्थल से काफी दूर है जिससे उनको विद्यालय आने-जाने में भी अत्यधिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

इसलिए बच्चों और शिक्षकों की समस्याओं को देखते हुए विद्यालय के समय परिवर्तन का आदेश तत्काल जारी किया जाय। कहा कि अत्यधिक ठंड के कारण अगल-बगल के जिलों में भी विद्यालय के समय का परिवर्तन कर दिया गया है।

# पेंशनर्स दिवस के आयोजन में डीएम ने सुनी समस्याएं, किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**




जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया।
पेंशनर्स दिवस के आयोजन दौरान जिलाधिकारी ने पेंशनरों की समस्याएं सुनी। पेंशनर्स द्वारा मेडिकल चिकित्सा प्रतिपूर्ति, पेंशन रीवाइज, पेंशन एरियर भुगतान इत्यादि समस्याओं निर्धारित अवधि निस्तारित कराने का अनुरोध किया। पेंशनर्स द्वारा तहसील तिर्वा में पांच प्रकरण लम्बित पड़े हुए रहने कि बात कही, जिसपर जिलाधिकारी पेंशनर्स की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों तहसील तिर्वा में लंबित पांच प्रकरणों का निस्तारण एक सप्ताह के अन्दर हो जाना चाहिए।
उन्होंने कहा कि चिकित्सा प्रतिपूर्ति प्रकरण का निस्तारण संबंधित विभाग द्वारा एक सप्ताह में तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण हो जाना चाहिए। कहा कि पेंशन रीवाइज, पेंशन एरियर भुगतान इत्यादि समस्याओं निराकरण निर्धारित समयावधि में हो। उसके त्वरित निराकरण हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।
इस दौरान पेंशनर्स द्वारा कलेक्ट्रेट में पेंशनर्स के प्रयोग हेतु पेंशनर्स कक्ष की व्यवस्था हेतु आग्रह किया गया। जिस पर जिलाधिकारी ने वरिष्ठ कोषाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पेंशनर्स के बैठने हेतु पेंशनर्स कक्ष बनाएं जाने हेतु कार्यवाही अमल में लाई जाए,
जिससे पेंशनर्स को एक पेंशनर्स सभाकक्ष उपलब्ध हो सके।
इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा पेंशनर्स यूनियन अध्यक्ष मयंक द्विवेदी, जय करन मिश्रा, भारत सिंह, सुरेश चन्द्र शास्त्री तथा रमेश चन्द्र शर्मा को पुष्पमाला पहनाकर एवं अंग-वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।
इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी श्रीमती नीलम शर्मा, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 स्वदेश गुप्ता, सहित जनपद के सम्मानित सेवानिवृत्त पेंशनर्स एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं का होगा निदान- शशांक त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** बुधवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में लोक सभागार में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों रामपाल सिंह, रामनाथ वर्मा, रामनाथ पटेल, रामप्यारे यादव, कृष्ण कुमार शुक्ला, चन्द्र शेखर पाठक, रामेश्वर प्रसाद, सूर्यलाल वर्मा, राजेन्द्र कुमार निगम, रामधीरज सिंह, देवी प्रसाद मिश्रा व जगपाल को अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। पेंशनरों की मांगों से सम्बन्धित ज्ञापन कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत किये गये। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा पेंशनरों की मांगों पर शीघ्र कार्यवाही व समस्याओं के शीघ्र ही निराकरण कराये जाने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में एडीएम निरंकार सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार सिंह, सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, रूपनरायण बैसवार सहित लगभग 200 पेंशनर व विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समाज कल्याण मंत्री ने गरीबो को बांटे कम्बल

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**




प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने रोमा ऑडिटोरियम में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की योगी सरकार गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद वर्ग के कल्याण के लिए पूरी संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं और सहायता का लाभ समय से एवं पारदर्शी ढंग से पहुंचे।
उन्होंने कहा कि चाहे प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बाढ़ पीड़ितों को सहायता प्रदान करना हो अथवा कड़ाके की ठंड से बचाव हेतु कम्बल वितरण, अलाव एवं रैन बसेरों की व्यवस्था करना हो—योगी सरकार हर परिस्थिति में आमजन के साथ खड़ी रहती है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा भेजा गया यह छोटा-सा सहयोग भी गरीबों के लिए बड़ी राहत बनकर घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है।
उन्होंने बताया कि शीतलहर एवं ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जनपद में अलाव जलाने, रैन बसेरों की समुचित व्यवस्था करने तथा कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को ठंड बचान हेतु विशेष प्रबंध कराए जा रहे है। ठंड के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी प्रकार की समस्या अथवा बीमारी की स्थिति में प्रशासन द्वारा तत्काल सहायता एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।
उन्होंने कहा कि जब प्रशासन और नागरिक मिलकर एकजुटता के साथ कार्य करते हैं, तो किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान संभव हो जाता है। योगी सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति सहायता से वंचित न रहे। सरकार निरंतर जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है और आगे भी इसी प्रकार जनहित में कार्य करती रहेगी।
कार्यक्रम के दौरान पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, उप जिलाधिकारी सदर सुश्री वैशाली, प्रशिक्षु आई0ए0एस0 अर्पित कुमार, पूर्व पार्टी जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत सहित जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही।

# गेस्ट हाउसों के निरीक्षण में नही मिले, प्रदूषण नियंत्रण और कूड़ा निस्तारण के इंतजाम

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**




जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद छिबरामऊ की सीमा में संचालित गेस्ट हाउस एवं मैरिज हॉलों का निरीक्षण नगर पालिका छिबरामऊ तथा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम द्वारा किया गया।
निरीक्षण के दौरान छिबरामऊ क्षेत्र में स्थित कुल 14 गेस्ट हाउस/मैरिज हॉलों की जाँच की गई। जाँच में यह तथ्य सामने आया कि अधिकांश गेस्ट हाउसों में प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएँ उपलब्ध नहीं पाई गईं। इसके अतिरिक्त गेस्ट हाउसों से उत्पन्न होने वाले ठोस अपशिष्ट (कूड़ा) का निस्तारण शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है।
यह भी पाया गया कि संबंधित गेस्ट हाउसों द्वारा नगर पालिका छिबरामऊ से कूड़ा उठान हेतु कोई विधिवत अनुबंध नहीं किया गया है तथा इनके द्वारा उत्पन्न कूड़े को सड़क किनारे अथवा अन्य अनधिकृत स्थलों पर फेंका जा रहा है, जो कि पर्यावरण संरक्षण नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।
इन अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा संबंधित गेस्ट हाउसों/मैरिज हॉलों को नियमानुसार नोटिस प्रेषित किए जाने की कार्यवाही की जा रही है, साथ ही उन्हें निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण किए गए गेस्ट हाउस/मैरिज हॉलों में माँ लक्ष्मी पैलेस, बस्तीराम, छिबरामऊ, लोक भारती सभागार, श्रेयाधामगंज, छिबरामऊ, गोविंद भवन गेस्ट हाउस, सुभाष नगर, छिबरामऊ, लिटिल स्टार मैरिज लॉन, विष्णुगढ़ रोड, छिबरामऊ, गंगोत्री गैलेक्सी, इब्राहिमगंज, छिबरामऊ, श्री राम रिसॉर्ट, निकट निगम मंडी, छिबरामऊ, कनक गेस्ट हाउस, सुभाष नगर, छिबरामऊ, न्यू बौद्ध मैरिज हॉल, तालग्राम रोड, छिबरामऊ, आनंद मैरिज होम, सौरिख, छिबरामऊ, एस.एन. चतुर्वेदी गेस्ट हाउस, छिबरामऊ, गोकुलधाम गेस्ट हाउस, तालग्राम रोड, छिबरामऊ, न्यू संत गेस्ट हाउस, देवब्रामपुर, छिबरामऊ, गोविंद गेस्ट हाउस, छिबरामऊ, लक्ष्मी गेस्ट हाउस, इंद्रा नगर, छिबरामऊ शामिल है।

# पूरी प्लानिंग के साथ योगी की घेराबंदी की पटकथा लिखी जा रही है

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

योगी आमजन की पसंद है...योगी को डिस्टर्ब करने का खामियाजा...प्लानर्स को आगे चलकर....भुगतना पड़ सकता है। पंकज चौधरी को अध्यक्ष बनाकर अमित शाह, योगी को घेर रहे हैं। अमित शाह को याद रखना चाहिए। बिना योगी अमित शाह सर के बल खड़े होकर भी अब यूपी नहीं जीत सकते। पहले तो मोदी लहर मे आ गए थे यूपी मे। अब एक तरफ से मौर्या जी और अब दूसरी तरफ से चौधरी जी। यह अमित शाह के अंदर का डर है जो योगी जी को दबाकर रखना चाहता है। हालांकि पाठक जी भी योगी के धुर विरोधी है पर योगी जी उनके बस के बाहर की बात हैं।
योगी जी को सीएम अमित शाह ने ही बनाया था पर शायद उस समय उन्हें यह नहीं पता था की योगी जी राष्ट्रीय स्तर के वह बड़े नेता बन जाएंगे जो मोदी के बाद पीएम पद के सबसे बड़े उम्मीदवार बनकर उभरेंगे। यही डर अमित शाह के सर के ऊपर बेताल बनकर नाचता रहता है। वैसे मेरे ख्याल से पीएम पद के लिये अमित शाह से बढ़िया नेता कोई होगा बाकी बाबा जी को यूपी मे ही रहने दे तों ज़्यादा अच्छा होगा क्योंकि यूपी ही देश का पीएम बनाता है।
***नोटः हमारी अवधारणा गलत भी हो सकती है। बस ताज़ा घटनाक्रम.... लखनऊ की ओर रुख करने वाले भाजपा नेताओं के रुख और घेराबंदी के तौर तरीके देखकर... अनायास उपरोक्त शब्द बाहर आ गए। आप कयास हमसे बेहतर लगा सकते हैं...हम ठहरे कुआं के मेढक***

## जिला जज ने किया ग्राम न्यायालय का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** ग्राम न्यायालय का जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने सोमवार को शीतकालीन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुकदमों से संबंधित पत्रावलियों की गहन जांच की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव दोपहर करीब 2 बजे तहसील सिरौलीगौसपुर परिसर में स्थित ग्राम न्यायालय पहुंचीं। उन्होंने न्यायालय के कोर्ट और दफ्तर का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके बाद, उन्होंने पेशकार और अहलमद को मुकदमों के बेहतर निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

# सीडीओ ने किया जिले के कस्तूरबा विद्यालयों का निरीक्षण, सब ठीक-ठाक मिला

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**




मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय, नसरापुर, नगर क्षेत्र कन्नौज का औचक निरीक्षण किया।
निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कुल 93 छात्राएँ उपस्थित पाई गईं। विद्यालय परिसर की स्वच्छता व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। छात्राओं के उपयोग हेतु निर्मित बाथरूम स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित पाए गए, उन्होंने पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए।
उन्होंने विद्यालय के किचन का भी निरीक्षण किया, जहाँ साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक पाई गई पर्याप्त मात्रा में खादयान उपलब्ध पाया गया। भोजन कक्ष में छात्राएँ पंक्तिबद्ध होकर अनुशासित ढंग से भोजन ग्रहण करती हुई पाई गईं। भोजन में दाल, आलू-पत्ता गोभी की सब्जी, रोटी, चावल एवं रायता एवं सलाद परोसा गया। छात्राओं से संवाद के दौरान यह भी जानकारी प्राप्त हुई कि प्रातःकाल उन्हें नाश्ते में केला, दूध, कचौड़ी एवं अचार प्रदान किया गया था।
इसके उपरांत छात्राओं की डॉरमेट्री का निरीक्षण किया गया, जहाँ ठंड के दृष्टिगत रजाइयों की पर्याप्त व्यवस्था पाई गई। डॉरमेट्री में दो खिड़कियों के शीशे टूटे पाए गए, जिन्हें शीघ्र ठीक कराए जाने हेतु वार्डन को निर्देशित किया गया।
छात्राओं के वस्त्रों की नियमित स्वच्छता हेतु विद्यालय में स्थापित वॉशिंग मशीन संचालित अवस्था में पाई गई। साथ ही विद्यालय में स्थापित आर.ओ. पेयजल प्रणाली पूर्णतः कार्यरत पाई गई, जिससे छात्राओं को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है।
निरीक्षण के क्रम में कंप्यूटर कक्ष का भी अवलोकन किया गया, जहाँ सभी कंप्यूटर कार्यरत अवस्था में पाए गए तथा स्मार्ट क्लास का संचालन होता हुआ मिला। विद्यालय परिसर में समग्र रूप से साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक रही। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय, अनोगी, जलालाबाद का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की चारदिवारी क्षतिग्रस्त पाई गईं, जिस पर तत्काल संबंधित बी डीओ से वार्ता कर एक सप्ताह के भीतर मरम्मत/निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में टॉयलेट ब्लॉक एवं बाथरूम का निरीक्षण किया गया, जहाँ साफ-सफाई पाई गई तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। किचन का पुनः निरीक्षण किया गया, जहाँ छात्राएँ भोजन करती हुई पाई गईं।
निरीक्षण के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालयों की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए छात्राओं के हित में सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# 'मेरा युवा भारत' द्वारा जनपद स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन




**परिणाम इस प्रकार रहे**

- कबड्डी प्रतियोगिता में कन्नौज टीम विजेता एवं तालग्राम टीम उपविजेता रही।
- वॉलीबॉल प्रतियोगिता में तालग्राम टीम विजेता एवं गुगरापुर टीम उपविजेता रही।
- स्लो साइक्लिंग महिला वर्ग में अंकिता ने प्रथम, भावना पाल ने द्वितीय एवं कंचन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- लंबी कूद पुरुष वर्ग में संजय यादव प्रथम, पुनीत पाल द्वितीय एवं प्रवीण कुमार तृतीय स्थान पर रहे।
- 400 मीटर महिला दौड़ में संध्या प्रथम, रामकेतकी द्वितीय एवं गौरी तृतीय स्थान पर रहीं।
- 400 मीटर पुरुष दौड़ में प्रशांत कुमार प्रथम, अमित द्वितीय एवं रंजीत तृतीय स्थान पर रहे।

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत, कन्नौज द्वारा जनपद के बोर्डिंग ग्राउंड में जनपद स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं सदर विधायक असीम अरुण द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया।
कार्यक्रम के दौरान जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी द्वारा प्रतियोगिता की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि जनपद के चार विकास खंड- कन्नौज, जलालाबाद, गुगरापुर एवं तालग्राम-में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को जनपद स्तर पर प्रतिभाग का अवसर प्रदान किया गया है।
मुख्य अतिथि असीम अरुण ने युवाओं को भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में खेलों से जुड़ने का आह्वान किया तथा जनपद में खेल संबंधी विकास कार्यों की जानकारी प्रदान करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं पार्टी जिलाध्यक्ष श्री वीर सिंह भदौरिया ने खेलो भारत नीति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए खिलाड़ियों को खेल-कूद प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 06 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 400 मीटर दौड़ महिला/पुरुष, लंबी कूद पुरुष, वॉलीबॉल पुरुष, कबड्डी महिला एवं स्लो साइक्लिंग शामिल रहीं।
मुख्य अतिथि द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को मोमेंटो, मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में शिक्षा विभाग से चंद्रभान यादव, कौशांक यादव, सऊद रजा एवं संगीता वर्मा द्वारा रेफरी की भूमिका निभाई गई, जिन्हें निष्पक्ष एवं सफल संचालन हेतु सम्मानित किया गया।
कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी द्वारा समस्त अतिथियों, खिलाड़ियों एवं सहयोगियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में शिवाग, राजेन्द्र, सुरजीत, आदर्श, सुमित, दीपक, चक्रेश पांडे एवं बबीता सहित अन्य सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा।

# सड़क हादसे में घायल ऑटो चालक की इलाज के दौरान मौत



**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के अजगैन मोहान मार्ग पर धारा खेड़ा गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास बीते 13 दिसम्बर को शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार डम्फर ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दिया था। जिसमें ऑटो सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई था वहीं पांच लोग घायल हो गए थे जिसमें चार लोग ठीक होकर घर चले गए थे। मंगलवार देर रात ऑटो चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के अजगैन बाजार निवासी यामीन अहमद उम्र 28 पुत्र जमील अहमद ऑटो चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। बीते 13 दिसम्बर शनिवार सुबह युवक अपने ऑटो से सवारी लेकर अजगैन की ओर जा रहा था। तभी धारा खेड़ा गांव के निकट पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार डम्फर ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दिया था। जिसमें ऑटो सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। और पांच लोग घायल हो गए थे जिसमें चार लोग ठीक होकर घर चले गए थे। मंगलवार देर रात ऑटो चालक मो आमीन अहमद पुत्र जमील अहमद की लखनऊ के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। जिसके बाद परिजन शव को घर लेकर चले आए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा है। मृतक आठ भाई बहन बेनाम, एहसान, फरीद, गिल्ली, हिना, शालू,साबिया में सबसे छोटा था।मृतक अविवाहित था। अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सिंह ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया है।

## काम से लौट रहे अधेड़ की सड़क हादसे में मौत

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

**नवाबगंज।** सोहरामऊ कस्बे में हाईवे पार कर रहे अधेड़ को मंगलवार रात लखनऊ कानपुर हाईवे पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया परिजन कस्बे के निजी अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सोहरामऊ गांव निवासी राजीव लोचन मिश्रा उर्फ राजू (55) पुत्र स्व मन्नर मिश्रा लखनऊ के बंथरा क्षेत्र के खसरवारा गांव स्थित पाइप फैक्ट्री में नौकरी करता था।
मंगलवार रात आठ बजे वह नौकरी कर वापस लौटा था टैक्सी से उतरने के बाद घर जाने के लिए हाईवे पार कर रहा था तभी लखनऊ से कानपुर जा रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मारते हुए भाग गया।
हादसे में राजीव गंभीर रूप से घायल हो गई जानकारी पर पहुंचे परिजन उसे कस्बे के एक निजी अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाइयों कमलनयन मिश्रा, बाले मिश्रा में बड़ा था। उसके एक बेटा सत्यम व एक विवाहित बेटी गायत्री है। पति की मौत से पत्नी सीमा सहित परिजन बेहाल हैं। एसओ अरविंद पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# सरकार महिलाओं और बालिकाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध: अपर्णा यादव

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्षा अपर्णा यादव ने बुधवार को जिले में एक दिवसीय दौरे के दौरान महिलाओं और बालिकाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं की गहन पड़ताल की। उनके निरीक्षण और जनसुनवाई का केंद्र बिंदु रहा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, मानवीय व्यवहार, पुनर्वास और त्वरित न्याय।
उपाध्यक्ष महिला आयोग अपर्णा यादव ने सर्वप्रथम जिला महिला चिकित्सालय, का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती महिला मरीजों से सीधे संवाद कर इलाज, दवाओं की उपलब्धता और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्रसूता महिलाओं को कंबल वितरित किए और सरकार की कन्या सुमंगला योजना की जानकारी प्रदान की। व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पिछले निरीक्षण के बाद दिए गए निर्देशों का सकारात्मक असर दिख रहा है। एनआईसीयू में पहले जहां 12 बेड की सुविधा थी, अब वह 18 बेड तक बढ़ाई गई है, साथ ही करुंगा मदर केयर की व्यवस्था भी शुरू की गई है, जो मां और नवजात शिशुओं दोनों के स्वास्थ्य के लिए अहम कदम है। जेल निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग अपर्णा यादव ने महिला बंदियों को जैकेट वितरित की और ठंड को देखते हुए कम्बल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई-कढ़ाई और दर्दोजी कार्य के लिए प्रेरित किया। साथ ही गौशाला पहुंचकर गायों को गुड़ व बिस्कुट खिलाकर उनके संरक्षण का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने महिला बंदियों के रहन-सहन, सुरक्षा, स्वास्थ्य, खानपान और विधिक सहायता से जुड़ी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिला बंदियों को जेल नियमावली के अनुसार सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। उपाध्यक्ष ने कहा कि जो महिलाएं कानूनी जानकारी के अभाव में जेल में हैं, उन्हें तत्काल निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, बच्चों के साथ रह रही महिलाओं की देखरेख और पोषण व्यवस्था की भी जानकारी ली। साथ ही, केंद्र व राज्य सरकार की सुधार और पुनर्वास योजनाओं का लाभ बंदियों तक पहुंचाने पर जोर दिया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक, कुंदन सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने राजकीय किशोरी सम्प्रेक्षण गृह का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने किशोरियों, महिलाओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी और मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। भवन की रँगाई पुताई के निर्देश दिए, निरीक्षण के दौरान शयनकक्ष, भंडारगृह और रसोईघर की व्यवस्था देखी गई। उन्होंने अधीक्षिका को निर्देश दिए कि किशोरियों के पुनर्वास और स्वावलंबन पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें।

# बहन की हत्या पर भाई ने दी तहरीर, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

मसौली। कस्बा शहाबपुर में प्रेमी के घर प्रेमिका की हत्या के मामले में दूसरे दिन मृतका के परिजनों ने थाने पर पहुंचकर प्रेमी संदीप, उनकी बहनों सहित माता पिता के खिलाफ नामजद तहरीर दी। जिस पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कुछ लोगों की गिरफ्तारी करके जांच पड़ताल कर रही है।
जनपद गोरखपुर, पादरी बाजार, संगम चैराहा निवासी मृतका ममता पुत्री राजकिशोर यादव उम्र 30 वर्ष का खून से लथपथ शव मसौली थाने के शहाबपुर चैराहा निवासी सन्दीप पुत्र कमलेश यादव के घर पर मंगलवार की सुबह मिला था। सूत्रों के मुताबिक जबकि ममता सोमवार की रात करीब 11 बजे आई थीं। जिसको लेकर परिजनों द्वारा विरोध भी किया गया। सन्दीप के कहने पर कि ममता को सुबह भेज आयेंगे तब मामले का पटाक्षेप हुआ था। लेकिन वारदात के बाद सन्दीप ने पीआरवी को फोन पर सूचना देने के साथ माता, पिता और बहनों पर हत्या का आरोप लगाया था।
घटना की तहकीकात पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय सहित अन्य अधिकारियों ने जांच पड़ताल करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा था। पुलिस ने मृतका के परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद बुधवार को मृतका के भाई अभिषेक के साथ परिजनों ने थाने पहुंचकर हत्या का आरोप लगाते हुए परिवार के खिलाफ मसौली पुलिस को तहरीर दी है। जिसके बाद पुलिस मुकदमा दर्ज कर परिजनों के साथ घटना स्थल का जायजा लिया है। थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह बताते है कि मृतका के भाई अभिषेक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संदीप यादव और उसकी बहनों से पूछताछ की जा रही है। जबकि माता पिता फरार है।

## एनडीटी क्लब ने जीता फाइनल मैच, गोप ने बांटे पुरस्कार

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** बुधवार को सफेदाबाद कस्बे में स्थित एनसी पब्लिक स्कूल के ग्राउंड में क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच के मुकाबले में स्ट्राइकर क्रिकेट क्लब और एनडीटी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर एनडीटी क्रिकेट क्लब ने फील्डिंग करने का फैसला किया। स्ट्राइकर क्रिकेट क्लब ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट 156 रन बनाए थे। एनडीटी क्रिकेट क्लब ने पीछा करते हुए 19 ओवर 5 बाल पर 160 रन बना लिए।और फाइनल अपने नाम कर लिया। इस टूर्नामेंट के फाइनल मैच में उपस्थित होकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए पुरस्कार वितरण किया। टूर्नामेंट के ऑर्गनाइजर मो हफीज सलमानी और यासिर सलमानी ने पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप जी का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत करते हुए अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया एवं सभी अतिथियों का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर मौजूद लोगों में पूर्व चेयरमैन कोआपरेटिव धीरेन्द्र कुमार वर्मा, पूर्व प्रधान मेराज अहमद, पूर्व प्रमुख हशमत अली गुड्डू, संतोष रावत, नजरुल हसन गुड्डू, रोहित यादव, मो नाजिर, शहीद जमाल आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

# दिल्ली में पॉल्यूशन : 50 प्रतिशत एम्प्लॉइज को वर्क फ्रॉम होम अनिवार्य

## सभी दफ्तरों में सिर्फ आधे कर्मचारी जाएंगे, मजदूरों को 10 हजार मुआवजा, और सख्त होंगे नियम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



दिल्ली में जानलेवा प्रदूषण के चलते भाजपा सरकार ने बुधवार को सभी सरकारी और प्राइवेट दफ्तरों में 50% कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम नियम लागू कर दिया है। यानी अब सभी दफ्तरों में सिर्फ आधे कर्मचारी जाएंगे। आधे कर्मचारी घर से काम करेंगे। दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह नियम गुरुवार से लागू होंगे। कुछ सेक्टरों, जैसे हेल्थकेयर, फायर सर्विस, जेल प्रशासन, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, डिजास्टर मैनेजमेंट जैसे जरूरी सेवाएं देने वाली संस्थानों को नियम से छूट दी गई है। कपिल मिश्रा ने बताया कि दिल्ली में 16 दिनों तक ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान का तीसरा फेज, लागू रहा। इस दौरान निर्माण कार्य बंद थे। इससे दिहाड़ी मजदूर प्रभावित हुए हैं। दिल्ली सरकार सभी रजिस्टर्ड और वेरिफाइड निर्माण मजदूरों के खातों में मुआवजे के तौर पर 10,000 ट्रांसफर करेगी। दिल्ली-एनसीआर में 18 दिसंबर सुबह 8 बजे से ग्रेप-4 लागू होगा। इसके तहत दूसरे राज्यों के भारी वाहनों की दिल्ली में एंट्री बंद रहेगी। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आरोप लगाया कि आप नेता जानबूझकर कचरा जलाकर प्रदूषण बढ़ा रहे हैं। अरविंद केजरीवाल से ऐसी गंदी राजनीति न करें। दिल्ली में बुधवार सुबह एक्यूआई 328 रहा, हवा का स्तर 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया। शहर में सुबह से स्मॉग छाया रहा, हालांकि कल की तुलना में एक्यूआई (378) में हल्का सुधार हुआ। सुबह 9 बजे तक 40 में से 30 स्टेशनों पर हवा 'बहुत खराब' रही। बवाना में सबसे ज्यादा एक्यूआई 376 दर्ज हुआ, कई इलाकों में कई इलाकों में स्मॉग और कोहरे की वजह से विजिबिलिटी कम रही। एयर क्वालिटी मापने वाली स्विस कंपनी आईक्यूएयर के मुताबिक दिल्ली दुनिया का तीसरा सबसे प्रदूषित शहर रही, पहले लाहौर (425 एक्यूआई) और दूसरे सारायेवो (406 एक्यूआई) रहे।

### बायोमास जलाने पर रोक और इलेक्ट्रिक हीटर बांटे गए

प्रदूषण के अन्य स्रोतों पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। विशेष रूप से, खेतों में पराली जलाने या अन्य बायोमास जलाने की प्रथाओं को रोकने के लिए उपाय किए जा रहे हैं। इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, दिल्ली सरकार ने अब तक 10,000 इलेक्ट्रिक हीटर वितरित किए हैं। इन हीटरों का उद्देश्य किसानों और अन्य लोगों को बायोमास जलाने के विकल्प प्रदान करना है, जिससे वायुमंडल में हानिकारक धुएं का उत्सर्जन कम हो सके। दिल्ली मंत्री ने कहा कि प्रदूषण का लेवल बहुत ज्यादा है। पिछले साल के आंकड़ों की तुलना में अगले कुछ दिनों में हालात बहुत बेहतर होने की उम्मीद नहीं है, इसलिए हम स्थिति को सुधारने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। हम आने वाले हफ्ते में हवा की क्वालिटी को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। आगे कहा कि दिल्ली में 50% वर्क फ्रॉम होम होगा, जो एक बड़ा कदम है। कल से, मैं दिल्ली के लोगों से अपील करता हूं कि वे अपना पीयूसी सर्टिफिकेट बनवा लें। पीयूसी सर्टिफिकेट के बिना उन्हें फ्यूल नहीं मिलेगा। दिल्ली में कंस्ट्रक्शन का सामान लाने वाले ट्रकों पर भी बैन लगा दिया गया है। मैं दिल्ली के बाहर से आने वाले लोगों से अपील करता हूं कि वे ऐसी गाड़ियां लाएं जो भारत स्टेज 6 एमिशन स्टैंडर्ड को पूरा करती हों। दिल्ली के मंत्री सिरसा ने आगे कहा कि दिल्ली सरकार मैकेनिकल रोड स्वीपर और कचरा उठाने वाली मशीनों की खरीद के लिए एमसीडी को 10 साल के लिए 2,700 करोड़ रुपये देगी। सरकार दिल्ली वालों को बढ़ावा देने के लिए कार पूलिंग ऐप बनाएगी। सरकार गड्ढों पर डेटा इकट्ठा करने के लिए एक थर्ड-पार्टी एजेंसी को हायर कर रही है।

### पर्यावरण मंत्री ने प्रदूषण नहीं रोक पाने पर माफी मांगी

इस बीच, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मंगलवार को प्रदूषण पर प्रभावी अंकुश नहीं लगने पर माफी मांगी है। उन्होंने स्वीकारा कि प्रदूषण के कारण बच्चों की सेहत पर असर पड़ रहा है। सिरसा ने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती आप सरकार की नीतियों के कारण प्रदूषण समस्या बन गया है। सिरसा ने सख्त प्रावधानों का भी ऐलान किया। इसके तहत गुरुवार से दिल्ली के पंपों पर बिना प्रदूषण कंट्रोल सर्टिफिकेट (पीयूसी) वाले वाहनों को फ्यूल नहीं दिया जाएगा। साथ ही दिल्ली से बाहर के बीएस-6 वाले वाहनों को ही एंट्री दी जाएगी। दिल्ली के भीतर निर्माण सामग्री के परिवहन पर भी रोक जारी रहेगी। निर्माण सामग्री का परिवहन करते वाहनों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। ऐसे वाहनों को सीज करने की कार्रवाई भी होगी।

### पॉल्यूशन कम करने सरकार के 6 उपाय

- प्राइवेट गाड़ियों की संख्या कम करने के लिए सरकार कार-पूलिंग ऐप तैयार कर रही है।
- 70 मैकेनिकल रोड स्वीपर, 1,000 कूड़ा वाहन और 300 वॉटर स्प्रिंकलर तैनात होंगे।
- गड्ढों की निगरानी के लिए थर्ड पार्टी एजेंसी सालभर सर्वे कर फोटो और डेटा देगी।
- ट्रैफिक जाम के हिसाब से सिग्नल टाइम बदलने वाला इंटीग्रेटेड ट्रैफिक सिस्टम बनेगा।
- पॉल्यूशन हॉटस्पॉट पहचानने के लिए गूगल मैप्स से टाई-अप, 100 जगहें चिन्हित होंगी।
- पब्लिक ट्रांसपोर्ट बढ़ाने के लिए 100 नई इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी।

## एपस्टीन सेक्स स्कैंडल फाइल्स खुलने में 2 दिन बाकी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन

ट्रम्प प्रशासन 19 दिसंबर को कुख्यात यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े दशकों पुराने सरकारी रिकॉर्ड सार्वजनिक कर सकता है। इस दौरान एपस्टीन केस से जुड़े सभी ईमेल, तस्वीरें और डॉक्यूमेंट्स पब्लिक होंगे। इसका मकसद एपस्टीन के पूरे नेटवर्क की सच्चाई सामने लाना है। आरोप है कि इस नेटवर्क में नाबालिग लड़कियों का शोषण हुआ और दुनिया के कई बेहद ताकतवर लोग इससे जुड़े थे। इससे पहले इस केस से जुड़ीं 19 तस्वीरें 12 दिसंबर को पब्लिक हुई थीं। इसमें 3 तस्वीरें ट्रम्प की हैं।

सुबह अलार्म से पहले
खिड़की पर टिक जाती है धुंध,
जैसे दफ़्तर की भाग-दौड़ से कह
रही हो आज ज़रा धीमे चलो।
फ़ाइलों, मीटिंग्स,
मेल्स और डेडलाइनों के बीच
साँसें लगातार दौड़ती रहीं,
पर सड़क पर शहर की रफ़्तार
अचानक थम जाती है।
ट्रैफ़िक रुका है हॉर्न नहीं,
सिर्फ़ इंजन की हल्की थकान,
लोग अपनी-अपनी गाड़ियों में
पहली बार खुद के साथ बैठे हैं।
इस ठहराव में पिछला साल
चुपचाप पीछे खड़ा दिखता है,
कुछ अधूरी बातें लिए,
कुछ पूरे हो चुके सबक़।
और आगे नया साल धुंध के उस
पार हल्की रोशनी की तरह,
न जल्दी में, न शोर के साथ,
बस आहिस्ता-आहिस्ता
क़रीब आता हुआ।
शायद यही सर्दियों की धुंध का
मतलब है दौड़ते शहर को
थोड़ी देर रुककर
खुद को देखने देना।



-नंदिनी

## ट्रम्प ने 7 और देशों की नागरिकता प्रक्रिया रोकी

- 15 देशों पर आंशिक बैन, अब तक 39 देश इस लिस्ट में शामिल हुए, एथलीट-राजनयिकों को छूट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को 7 और देशों के लोगों के अमेरिका आने पर पूरी तरह से बैन लगा दिया। इसके साथ ही फिलिस्तीनियों पर भी रोक लगा दिया है। यह फैसला पिछले महीने व्हाइट हाउस के पास नेशनल गार्ड्स पर एक अफगान शरणार्थी की गोलीबारी के बाद लिया गया है। साथ ही 15 दूसरे देशों पर आंशिक बैन (स्थायी निवास पर रोक) लगाए गए हैं। ट्रम्प ने मंगलवार को इसके लिए एक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए। इससे अमेरिका आने पर पूर्ण या आंशिक यात्रा प्रतिबंध लगने वाले देशों की संख्या 39 हो गई है। 19 देशों पर पहले से ही यात्रा प्रतिबंध लागू हैं। इनमें से 2 देश लाओस और सिएरा लियोन पर अब पूर्ण रोक लागू कर दी गई है। इससे पूर्ण प्रतिबंध वाले देशों की संख्या 7 हुई। यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा, कमजोर जांच प्रणाली और वीजा ओवरस्टे (वीजा खत्म होने के बाद भी रुकना) की उच्च दरों का हवाला देकर उठाया गया है। ये नए प्रतिबंध 1 जनवरी से लागू होंगे। घोषणा में निवासियों, राजनयिकों, एथलीटों को छूट दी गई है।

### तुर्कमेनिस्तान से नॉन-इमिग्रेंट वीजा से बैन हटाया

व्हाइट हाउस के फैक्ट-शीट के अनुसार, नए घोषणा में बुर्किना फासो, माली, नाइजर, साउथ सूडान और सीरिया पर पूरी यात्रा पाबंदी लगाई गई है। फिलिस्तीनियों पर भी पूरी रोक लगा दी गई है। इससे पहले गृह सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा था कि अमेरिकी प्रशासन वर्तमान यात्रा प्रतिबंध को 19 से बढ़ाकर 30 से अधिक देशों तक विस्तार करने की योजना बना रहा है।

### एथलीट, राजनयिकों को बैन से छूट

मामले-दर-मामले छूट का प्रावधान भी रखा गया है, लेकिन परिवार आधारित इमिग्रेंट वीजा की छूट को धोखाधड़ी के जोखिम के कारण सीमित कर दिया गया है। यह कदम उन देशों से आने वाले विदेशी नागरिकों को रोकने के लिए उठाया गया है जहां स्क्रीनिंग, जांच और जानकारी साझा करने में गंभीर कमियां हैं, ताकि अमेरिका की सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा को मजबूत किया जा सके। वॉशिंगटन डीसी में हुई गोलीबारी के बाद अमेरिका ने इमीग्रेशन पर सख्ती बढ़ाई है। उन्होंने कानूनी और अवैध प्रवेश को रोकने, शरण आवेदनों पर रोक लगाने और बड़े पैमाने पर निर्वासन अभियान शुरू किया है।

## 'वैश्विक व्यापार में टैरिफ का हथियार की तरह हो रहा इस्तेमाल'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को वैश्विक व्यापार की बदलती और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में शुल्कों और अन्य उपायों के जरिए वैश्विक व्यापार को तेजी से 'हथियार' बनाया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस माहौल में भारत को बहुत सावधानी से अपना रास्ता तय करना होगा, और देश की समग्र आर्थिक मजबूती उसे एक अतिरिक्त लाभ प्रदान करेगी। वित्त मंत्री ने टाइम्स नेटवर्क के 'इंडिया इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2025' को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि अब यह पूरी तरह साफ हो चुका है कि वैश्विक व्यापार 'मुक्त और निष्पक्ष' नहीं रह गया है। सीतारमण ने कहा, 'टैरिफ और दूसरे कई उपायों से व्यापार का हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। भारत को ऐसी स्थिति में सावधानीपूर्वक अपना रास्ता बनाना होगा। सिर्फ टैरिफ का ध्यान रखना ही काफी नहीं है, मुझे लगता है कि कुल मिलाकर हमारी अर्थव्यवस्था की ताकत ही हमें वह अतिरिक्त लाभ देने वाली है।'

### 'टैरिफ किंग' के ठप्पे पर करारा जवाब

भारत पर अक्सर लगाए जाने वाले आरोपों का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा, 'भारत को यह कहकर लेक्चर दिया जा सकता है कि आप बहुत अंतर्मुखी हैं, आप 'टैरिफ किंग' हैं, वगैरह। लेकिन हकीकत यह है कि आज टैरिफ को ही हथियार बना दिया गया है।' उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का इरादा कभी भी शुल्कों को हथियार बनाने का नहीं रहा। भारत ने केवल अपने घरेलू उद्योगों को उस 'बाढ़' से बचाने के लिए कदम उठाए हैं जो किसी 'शिकारी' द्वारा की जाती है। उनका इशारा उन देशों की ओर था जो अनुचित व्यापार व्यवहार के जरिए भारतीय बाजारों में अपना सामान डंप करते हैं।

### अमेरिका और मेक्सिको के फैसलों का असर

वित्त मंत्री की ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब अमेरिका की ओर से लगाए गए भारी टैरिफ के कारण वैश्विक व्यापार बाधित हो रहा है। हाल ही में मेक्सिको ने भी उन देशों से आने वाले आयात पर उच्च शुल्क लगाने की घोषणा की है जिनके साथ उसका मुक्त व्यापार समझौता नहीं है। इन वैश्विक गतिविधियों ने भारत जैसे देशों के लिए अपनी व्यापारिक रणनीतियों पर पुनर्विचार करना जरूरी बना दिया है।

### बिना आलोचना के थोपे जा रहे नए प्रतिबंध

वित्त मंत्री ने वैश्विक दोहरे मापदंडों पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि आज व्यापार का यह हथियारीकरण बिना किसी आलोचना के हो रहा है। उन्होंने कहा, 'कुछ देश कहते हैं कि टैरिफ अच्छे नहीं हैं और किसी को भी ये उपाय नहीं करने चाहिए, लेकिन अचानक हमारे सामने नए लोग आ रहे हैं जो कह रहे हैं कि हम टैरिफ बाधाएं लगाएंगे और उन पर कोई सवाल भी नहीं उठा रहा। ऐसा लगता है कि यही अब 'न्यू नॉर्मल' बन गया है।'

## कबड्डी प्रमोटर राणा बलाचौरिया हत्या में शामिल शूटर ढेर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मोहाली

पंजाब के मोहाली में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई है। मोहाली के लालडू में लहली के पास पुलिस एनकाउंटर हुआ है। दो दिन पहले मोहाली के सोहाना क्षेत्र के सेक्टर-82 स्थित मैदान में सोमवार शाम मशहूर कबड्डी प्रमोटर और खिलाड़ी कुंवर दिग्विजय सिंह उर्फ राणा बलाचौरिया की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। इसी मामले में पुलिस लगातार हमलावरों की तलाश में जुटी थी। बताया जा रहा है कि एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) मोहाली ने लालडू में लहली के पास एनकाउंटर के दौरान एक बदमाश को ढेर कर दिया है। बदमाश राणा बलाचौरिया की हत्या में शामिल था। वहीं इस मुठभेड़ में दो पुलिस मुलाजिमों को भी गोली लगी है। घायल मुलाजिमों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया है। पुलिस घटनास्थल पर जांच कर रही है। शूटर की पहचान हरपिंदर सिंह सिंह के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी हरपिंदर सिंह की राणा बलाचौरिया की हत्या मामले में मुख्य भूमिका थी। इस संबंध में जल्द ही पुलिस अधिकारी पूरी जानकारी भी साझा करेंगे। बता दें कि सोहाना क्षेत्र के सेक्टर-82 स्थित मैदान में सोमवार शाम मशहूर कबड्डी प्रमोटर और खिलाड़ी कुंवर दिग्विजय सिंह उर्फ राणा बलाचौरिया की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि राणा बलाचौरिया की हत्या गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया का करीबी होने के चलते की गई। पुलिस के अनुसार राणा और जग्गू भगवानपुरिया के बीच कबड्डी टूर्नामेंटों को लेकर टाईअप था, इसे लेकर विरोधी गैंगों से रंजिश चल रही थी।

## निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद




भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में चल रहे विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 के सम्बन्ध में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ की अध्यक्षता में मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय, कलेक्ट्रेट गाजियाबाद में बैठक आयोजित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि दिनांक 16।दिसंबर तक 63.53 प्रतिशत मतदाताओं से प्राप्त गणना फार्म को बी0एल0ओ0 के द्वारा डिजिटाईज्ड किया जा चुका है। कुल 98.88 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। वर्ष 2003 से 69.33 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की चुकी है। आयोग के संशोधित कार्यक्रम के अंतर्गत जिन मतदाताओं द्वारा अभी तक गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुये हैं उनके गणना प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 26 दिसंबर निर्धारित है। बी0एल0ओ0 के द्वारा अनुपस्थित, मृत, स्थाई रूप से शिफ्टेड, डुप्लीकेट आदि मतदाताओं से संबंधित तैयार की गई ए0एस0डी0 मतदाताओं की सूची डी0ई0ओ0 के वेबसाईट पर अपलोड करा दी गई है और उसकी प्रति मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों भी उपलब्ध करा दी गयी है। ए0एस0डी0 सूची को अपने स्तर से भी अपने-अपने बी0एल0ए0 से चेक करा लें। ए0एस0डी0 सूची में किसी योग्य मतदाता का नाम त्रुटिवश सूची में शामिल हो गया तो उसके बारे में संबंधित ई0आर0ओ0 के संज्ञान में लायें । अगर फिर भी कोई समस्या हो तो सहायता हेतु वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। जिससे कि ईआरओ द्वारा ए0एस0डी0 सूची से रोल बैक कराकर दिनांक 26-12-2025 से पूर्व संबंधित मतदाता का गणना फार्म डिजिटाईज्ड करा दिया जायेगा। जिससे कि संबंधित मतदाता का नाम दिनांक 31-12-2025 को प्रकाशित होने वाली ड्राफ्ट रोल में आ जाये। उपस्थिति प्रतिनिधियों से यह भी अनुरोध किया गया कि वर्ष 2025 की मतदाता सूची में नाम नहीं होने के कारण जिन लोगों के पास गणना फार्म नहीं पहुँचा है उनके फार्म-6 एवं घोषणा पत्र भरकर, जन्म एव पते के संबंध में उल्लिखित दस्तावेजों की प्रति सहित बी0एल0ओ0 को उपलब्ध करा दें। जिससे कि सत्यापन कराकर मतदाता सूची में नाम शामिल किया जायेगा। इसके अतिरिक्त 18 वर्ष से अधिक युवा मतदाताओं जिनके नाम मतदाता सूची में नहीं है तो वह फार्म 6 घोषणा पत्र के साथ भरवाकर मतदाता सूची में नाम शामिल कराया जाये। बी0एल0ओ0 को पर्याप्त संख्या में फार्म उपलब्ध करा दिये गये हैं। राजनैतिक दलों से भी ऐसे अर्ह व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके नाम मतदाता सूची में शामिल कराने हेतु सहयोग की अपील गयी है। बैठक में बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया।

## पुलिस आयुक्त द्वारा अपराध समीक्षा को लेकर किया बैठक

- अपराध नियंत्रण को लेकर दिया दिशा निर्देश

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



कमिश्नरेट गाज़ियाबाद में पुलिस आयुक्त रविन्द्र कुमार गौंड द्वारा कार्यालय स्थित मीटिंग हॉल में अधीनस्थ अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में कमिश्नरेट क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों की प्रगति तथा आगामी रणनीतियों पर विस्तृत समीक्षा एवं चर्चा की गई। गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध, अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था यातायात, समस्त पुलिस उपायुक्त एवं समस्त क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त उपस्थित रहे। बैठक में 1 जनवरी 2025 से 15 दिसंबर 2025 तक 2 वर्षीय अपराध जिसमें सम्पत्ति संबंधी एवं शरीर संबंधी आंकड़ों की तुलनात्मक समीक्षा। लूट,स्नैचिंग,नकबजनी चोरी के मामलों में बरामद सम्पत्ति की समीक्षा किया गया । 15 दिसंबर 2025 तक वाहन चोरी के अभियोगों के अनावरण एवं बरामदगी की समीक्षा भी हुई। निरोधात्मक कार्यवाही एवं महत्वपूर्ण अधिनियमों के अंतर्गत की गई कार्यवाही की समीक्षा में धारा 14 (1) गैंगस्टर अधिनियम, धारा 107 बीएनएसएस, तथा धारा 111, 112 बीएनएस के अंतर्गत की गई कार्यवाही की समीक्षा किया गया । सीसीएमएस पोर्टल पर धारा 126/135/170 बीएनएसएस, 152 बीएनएसएस, धारा 129, 164 बीएनएसएस अंतर्गत वादों एवं कार्यवाही की समीक्षा भी हुई। 15 दिसंबर 2025 तक विवेचनाओं के निस्तारण आंशिक रूप से बीएनएसएस, धारा 129, 164 बीएनएसएस के अंतर्गत वादों एवं कार्यवाही की समीक्षा। 15 दिसंबर 2025 तक विवेचनाओं के निस्तारण, आंशिक रूप से लंबित विवेचनाओं, तथा उच्चाधिकारियों के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा किया गया। गोष्ठी के दौरान अपराध नियंत्रण एवं जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आगामी कार्ययोजना पर ठोस निर्णय लिए गए। पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जनता की सुरक्षा एवं विश्वास ही पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी हैं । अतः सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में कठोर, पारदर्शी एवं संवेदनशील पुलिसिंग सुनिश्चित करें।

## हिंडन एयरबेस बेड़े में शामिल हुए 3 अपाचे हेलिकॉप्टर

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

भारतीय वायुसेना की ताकत में और इज़ाफा करते हुए तीन अत्याधुनिक अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस पर पहुंचे। हेलीकॉप्टरों के आगमन पर एयरबेस पर उत्साह का माहौल देखने को मिला। परंपरा के अनुसार नारियल फोड़कर इन हेलीकॉप्टरों का स्वागत किया गया। अपाचे हेलीकॉप्टरों की खरीद को लेकर फरवरी 2020 में डील हुई थी। यह सौदा भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना गया था। अपाचे हेलीकॉप्टर अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों, आधुनिक सेंसर और उच्च तकनीक से लैस हैं, जो दुश्मन पर सटीक और प्रभावी हमला करने में सक्षम हैं। हिंडन एयरबेस पर तैनाती के साथ ही क्षेत्र की सामरिक सुरक्षा को और मजबूती मिलेगी। वायुसेना के अधिकारियों के अनुसार, इन हेलीकॉप्टरों के शामिल होने से ऑपरेशनल क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी और आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी।अपाचे हेलीकॉप्टरों का आगमन न सिर्फ गाजियाबाद बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय माना जा रहा है। गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस पर पहुंचे। हेलीकॉप्टरों के आगमन पर एयरबेस पर उत्साह का माहौल देखने को मिला। परंपरा के अनुसार नारियल फोड़कर इन हेलीकॉप्टरों का स्वागत किया गया। अपाचे हेलीकॉप्टरों की खरीद को लेकर फरवरी 2020 में डील हुई थी। यह सौदा भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना गया था। अपाचे हेलीकॉप्टर अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों, आधुनिक सेंसर और उच्च तकनीक से लैस हैं, जो दुश्मन पर सटीक और प्रभावी हमला करने में सक्षम हैं। हिंडन एयरबेस पर तैनाती के साथ ही क्षेत्र की सामरिक सुरक्षा को और मजबूती मिलेगी। वायुसेना के अधिकारियों के अनुसार, इन हेलीकॉप्टरों के शामिल होने से ऑपरेशनल क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी और आपात स्थितियों में त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी।

## पश्चिम क्षेत्र में हाईकोर्ट की खंडपीठ की स्थापना को लेकर वकीलों का प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की खंडपीठ के स्थापना की मांग को लेकर वकीलों ने कचहरी परिसर में प्रर्दशन किया। कार्य बहिष्कार और ज्ञापन प्रदर्शन देकर वकीलों ने वर्षों से खंडपीठ स्थापना के आंदोलन को लेकर एक बार माहौल गरमा दिया है। बार अध्यक्ष ब्रहम देव त्यागी ने बताया कि पूरे पश्चिम प्रदेश की सभी बार में बाजार बंद व प्रर्दशन किया जा रहा है। पश्चिमी यूपी में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना से न्याय मिलने में आसानी होगी और यह क्षेत्र की न्यायिक व्यवस्था में सुधार का बड़ा कदम होगा। वकील अपनी इस मांग को लेकर सालों से संघर्ष कर रहे हैं। इससे पहले भी वकीलों द्वारा कई बार आंदोलन किए गए हैं, लेकिन कोई ठोस समाधान अब तक नहीं मिला है। यह मुद्दा न केवल उनके लिए, बल्कि पश्चिमी यूपी के आम लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण है। वकीलों का कहना है कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं होती तो वे आगे और भी बड़े प्रदर्शन करेंगे। प्रर्दशन के दौरान बार सचिव वरूण त्यागी, बार मीडिया प्रभारी सुनील राय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदेश कुमार गर्ग, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विनय कुमार पंवार, कोषाध्यक्ष खुशनुमा परवीन, सह सचिव सुनील पवार, अमित कुमार पसन, नरेश कुमार, नरेन्द्र कुमार वत्स, सुधीर सहलोत, भारत भूषण आदि मौजूद रहे।